सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 10 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 156, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसक्स में 394 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक के लाभ में रहा। } 10

## मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर जतायी चिंता

प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से बातचीत की और पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में शीघ्र शांति बहाली के लिए तनाव घटाने और कूटनीति पर जोर दिया। } 12



## पुलिस भर्ती परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई

### यूट्यूब, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ मुकदमे

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को भी परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी जारी रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लगातार नजर रखी गई। इसी क्रम में विभिन्न जिलों और सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक प्रचार, प्रतिरूपण और अन्य आपराधिक गतिविधियों के मामलों में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं।

मंगलवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डीजी एसबी शिरडकर के अनुसार दोनों पालियों में कुल 9,62,833 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिनमें से 7,32,731 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। कुल उपस्थिति 76.10 प्रतिशत दर्ज की गई। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब ...शेष पृष्ठ 10 पर


## सीतापुर में स्थापित होगा 250 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र

### राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की 850 एकड़ खाली जमीन सौंपी, नवीकरणीय ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर में रक्षा मंत्रालय की करीब 850 एकड़ खाली जमीन पर 250 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को इस परियोजना को नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की खाली पड़ी जमीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम करार दिया। मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें रक्षा भूमि पर एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के साथ बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का विकास किया जाएगा।

एक बयान में कहा गया कि यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, स्थिरता और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें कहा गया, रक्षा बलों के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अलावा, इस परियोजना से रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए पारंपरिक ग्रिड से बिजली की खरीद पर होने वाले खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना के पूरे समय में सरकारी खजाने को



महत्वपूर्ण बचत होगी। बयान में कहा गया कि एनटीपीसी लिमिटेड रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए सबसे अनुकूल ऊर्जा मूल्य निर्धारण और बचत हासिल करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से परियोजना को लागू कर रही है। बयान के मुताबिक यह परियोजना रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय और रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) के समन्वय में कार्यान्वित की जाएगी। इसमें कहा गया यह परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय स्थिरता के संगम का प्रतिनिधित्व करती है, जो रणनीतिक हितों की रक्षा करते हुए राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के समर्थन में अपनी संपत्तियों का लाभ उठाने के लिए रक्षा मंत्रालय की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। रक्षा मंत्रालय, एनटीपीसी, रक्षा मंत्रालय (सेना) का मुख्यालय और डीजीडीई परियोजना के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर समन्वय में कार्य करेंगे। परियोजना पूरी होने पर सीतापुर सौर ऊर्जा परियोजना रक्षा भूमि पर स्थापित देश की सबसे महत्वपूर्ण नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में से एक के रूप में उभरेगी और परियोजना के रक्षा क्षेत्र में भविष्य की सौर-सह-भंडारण परियोजनाओं के लिए एक मानदंड स्थापित करने की उम्मीद है। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा बलों के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अलावा, इस परियोजना से रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए पारंपरिक ग्रिड बिजली की खरीद पर होने वाले खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है।

# भारत की धरती धर्मशाला नहीं : योगी

### मुख्यमंत्री ने लव जिहाद, धर्मांतरण की साजिशों और लैंड जिहाद को लेकर दी चेतावनी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जिनके मन में देश के प्रति आस्था व निष्ठा नहीं है और जो यहां के संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उनके लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने लव जिहाद, धर्मांतरण की साजिशों और लैंड जिहाद को लेकर चेतावनी दी।

योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश को एकजुट करते हैं। इस श्री राम कथा का वाचन तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने कहा तोड़ने वाली ताकतें जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर विभाजित करने की चेष्टा करेंगी, लेकिन भारत की संत शक्ति समाज को एकजुट कर देश को आगे ले जाना चाहती हैं। व्यासपीठ द्वारा जिस मर्म को समझाने का प्रयास किया गया, हमें उसे आत्मसात करना होगा। कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि अंगीकार करने की महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है। योगी ने श्रद्धालुओं से कहा कि जो भी प्रभु के सान्निध्य में आया, वह दैवीय आपदा से मुक्त रहता है। उन्होंने कामना की कि हर श्रद्धालु का जीवन सुख व समृद्ध के साथ बढ़ता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को जन्म-मरण का प्रश्न बनाया था। संत इसका श्रेय नहीं चाहते थे, वे सिर्फ इसलिए अभियान से जुड़े क्योंकि भारतीय परंपरा, विरासत में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सभी के आदर्श हैं और राम नाम में जीवन की हर समस्या का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी का नया 'डिजिटल एक्सप्रेसवे' साबित होगा प्रोजेक्ट गंगा : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य गांवों तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना और डिजिटल समावेशन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और तकनीक आधारित



रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। सरकार ने इस परियोजना के माध्यम से एक व्यापक डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत लगभग 20 लाख परिवारों तक हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने की योजना है। प्रथम चरण में इस परियोजना को प्रदेश के 21 जनपदों में शुरू किया गया है। साथ ही 8 से 10 हजार डिजिटल सेवा प्रदाता तैयार किए जाएंगे, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। इंटरनेट की गति जितनी तेज होगी, विकास की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### तीन तलाक व एसिड पीड़िताओं को मिलेगा आवास योजना का लाभ

लखनऊ। प्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सशक्तीकरण को लेकर लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार ने तीन तलाक तथा एसिड अटैक जैसी गंभीर सामाजिक त्रासदियों से प्रभावित महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार इन पीड़ित महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही निराश्रित महिलाओं को भी इन सभी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी का नामांकन रद्द

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रिटर्निंग अफसर द्वारा निरस्त कर दिया गया। इसके बाद राज्यसभा की तीसरी सीट का चुनावी समीकरण बदल गया है और भाजपा के तीनों उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना मजबूत हो गई है। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई है। भाजपा का आरोप है कि मीनाक्षी नटराजन ने अपने शपथ पत्र में हैदराबाद की एक अदालत में लंबित प्रकरण की जानकारी नहीं दी है। इसी आधार पर भाजपा ने उनका नामांकन निरस्त करने की मांग की है।

## इटावा में आंधी-तूफान का तांडव, 170 पोल टूटे



जिला संवाददाता

इटावा। दिनभर की भीषण गर्मी के बाद शाम को मौसम अचानक बदल गया। लगभग सवा चार बजे 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आए तूफान ने जिले में भारी तबाही मचाई। इस आंधी से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए। तूफान के कारण जिले में 170 बिजली के खंभे और कई पेड़ गिर गए। अनेक स्थानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी ने अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

### सरकारी सेवा में चयन कठिन परिश्रम, वर्षों की तैयारी का प्रतिफल : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और सरकारी तंत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 221 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित इन अभ्यर्थियों को शहरी विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजन तथा पशुपालन विभागों में नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी युवा के लिए सरकारी सेवा में चयन केवल करियर की उपलब्धि नहीं, बल्कि उसके परिवार की आशाओं, कठिन परिश्रम और वर्षों की तैयारी का



प्रतिफल होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और विश्वासपूर्ण बनाने के लिए लगातार सुधार किए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा आज नई सोच, नई ऊर्जा और नवाचार का प्रतीक बनकर उभर रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। इसी दृष्टिकोण से स्वरोजगार, स्टार्टअप, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भर्ती परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। नकल और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति से युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। आज प्रदेश में यह संदेश स्पष्ट रूप से स्थापित हुआ है कि सफलता का मार्ग केवल योग्यता, मेहनत और ईमानदार प्रयासों से होकर गुजरता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीतापुर : धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता

सीतापुर (उप्र)। सीतापुर जिले की पुलिस ने एक कथित धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग आर्थिक रूप से कमजोर और अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह कार्वाई मिश्रिख थाना क्षेत्र में की गई, जहां 'सेंट्रल यूपी मिशन नेटवर्क' के नाम से संचालित गतिविधियों का खुलासा हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केरल मूल के सुरेश चंद्र, कमलेश कुमार, श्रवण कुमार और अरुण आशुदाशन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सेंट्रल यूपी मिशन से जुड़े हैं और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर और अशिक्षित लोगों के बीच धार्मिक साहित्य वितरित करते हैं। एएसपी के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया है कि संगठन से जुड़े लोग व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संपर्क में रहते थे और कई स्थानों पर नियमित प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती थीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 529 धार्मिक पुस्तकें, 151 पर्चे और चार स्मार्टफोन बरामद किए हैं। मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए सील कर दिया गया है। मामले ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** जेठ के छठे बड़े मंगलवार को डॉ .अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने लगाया विशाल भंडारा, श्रीमती अलका दास गुप्ता, विराज सागर दास ने मालवीय नगर चौराहा पर भक्तों को बांटा प्रसाद

# आम जनता की सेवा ही सच्चा धर्म : विराज सागर दास









अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार को मालवीय नगर चौराहा स्थित निर्मोही आश्रम श्री बजरंगबली मन्दिर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इससे पूर्व हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर उन्हें भोग अर्पित किया गया।

इस मौके पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास, रीना विक्रम सिंह पूर्व पार्षद, मालवीय नगर वार्ड सहित कई गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि आम जनमानस की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। पिछले कई साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ मन को शांति मिलती ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### वांछित गये जेल

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम मे बीती आठ जून को दर्शन करने आयी महिला श्रद्धालु के साथ चेन चोरी की घटना का सांगीपुर पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के दर्ज मुकदमे मे अर्न्तजनपदीय दो वांछित महिला आरोपिताओं को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा हरीन्द्र कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। घुइसरनाथ सई नदी पुल के समीप महिला आरक्षियो के साथ पुलिस ने दो संदिग्ध महिलाओं को रोका। पकड़ी गयी आरोपिता जौनपुर जिले के कोतवाली नगर के चिरई गांव निवासिनी रेखा उर्फ माधुरी पत्नी स्व0 करन तथा गाजीपुर जनपद के थाना नंदगंज के करन्दा गांव निवासिनी अभिषेक की पत्नी सुनैना के पास से पुलिस ने चोरी गये जेवरात की बिक्री से मिले दो हजार रुपए बरामद किये हैं। आरोपिताओं ने पुलिस को बताया कि घटना में चोरी से मिली चेन को उन लोगों ने अपनी साथी महिलाओं को दे दिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपिताओं को जेल भेज दिया।

### चोरी की बाइक बरामद

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने मंगलवार को चोरी गयी बाइक बरामद करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा आदित्य पाण्डेय फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के नौगीर मोड़ पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक रूकवायी तब उसके कागजात संदिग्ध निकले। पुलिस ने आरोपी सांगीपुर थाना के लखहरा निवासी अमित पाण्डेय पुत्र लालजी पाण्डेय व बगल के थाना उदयपुर के कुसौली निवासी शुभम सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद सिंह के साथ कड़ाई की तो इनके द्वारा सांगीपुर बाजार के गदियान मोड़ से बाइक चोरी की बात स्वीकार की गयी। पुलिस ने आरोपियो को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

### वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को आपराधिक केस मे वांछित दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा रामनरेश यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के तकिया खानापटटी गांव से चोरी के मुकदमे मे वांछित भुटटो उर्फ इस्माइल पुत्र हकीम तथा तोडफोड की घटना में वांछित पूरे पाठक अझारा निवासी अशोक कुमार पुत्र रामललन को पुलिस ने इनके घरो से हिरासत मे ले लिया। पूछताछ के बाद दोनो आरोपियो को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### टंकी फटने से युवक झुलसा

प्रतापगढ़। पिपरमेण्ट की टंकी फटने से दो युवक झुलस गये। लालगंज कोतवाली के अगई सभा का पुरवा में सोमवार की शाम पिपरमेंट की टंकी फट गयी। दुर्घटना में गांव के शिवकेश पटेल 35 व धर्मेन्द्र पटेल 30 पुत्रगण आनन्द पटेल पिपरमेण्ट की टंकी अचानक फटने से झुलस गये। झुलसे युवकों को निजी अस्पताल मे उपचार के लिए ले जाया गया। वहीं पिपरमेण्ट टंकी फटने से गांव में हडकंप मच गया।

### चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। ईरिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत को लेकर चालक के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय जगत सिंह गड़रियन का पुरवा निवासी रामलखन वर्मा पुत्र भगवानदीन वर्मा की तहरीर पर बीती सात जून को सुबह ईरिक्शा की टक्कर से उसके चार वर्षीय नाती रितेश की मौत को लेकर पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ईरिक्शा चालक लालगंज के असैनापुर निवासी विकास केसरवानी पुत्र अभिलाख के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

### किशोरी का अपहरण, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी स्व0 दिनेश केसरवानी की पत्नी विजय कुमारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि सात जून को दिन में तीन बजे उसकी बीस वर्षीया पुत्री घर से बाजार को निकली थी। तलाश के बावजूद उसकी बेटी का पता नहीं चल सका। पीड़िता ने बेटी के अज्ञात आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जतायी है।

# पिता ने दो बेटियों को पीट पीट कर मार डाला

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिले के सेवराही थाना क्षेत्र के पिपराघाट गांव के देवनारायण टोला में बेटियों के प्रेम प्रंसग से नाराज पिता ने दो नाबालिग बेटों की मदद से दोनों बेटियों को कथित रूप से लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला।

चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दोनों नाबालिग भाइयों को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद से पिता के अलावा अन्य परिजन और पड़ोसी घर से भाग गए हैं। पुलिस के अनुसार सेवरही थाना क्षेत्र के पिपरा घाट के देवनारायण टोला निवासी रामप्रसाद मल्लाह की बेटियों लाली (20) और शीला (18) का गांव के दो युवकों के साथ प्रेम प्रसंग था और दोनों बहनें उनके साथ पिछले साल घर से कही चली गयी थीं। हालांकि करीब छह माह पूर्व दोनों लौट आईं। बाद में गांव वालों की मौजूदगी में पंचायत हुई। इसके बाद से वे अपने घर पर ही रह रही थीं।

पुलिस के मुताबिक रामप्रसाद ने सोमवार शाम अपने 14 और 12 साल के दो बेटों की मदद से दोनों बेटियों को कमरे में बंदकर दिया और लाठी-डंडे से इतना पीटा कि दोनों की मौत हो गई। इसके बाद पिता घर से भाग गया, जबकि दोनों बेटे घर पर ही थे। रात आठ बजे गांव के चौकीदार पिंटू यादव को कहीं से घटना की भनक लगी तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो घर के अंदर दोनों बहनों की खून से लथपथ लाश मिली।

देर रात अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा, तमकुहीराज पुलिस क्षेत्राधिकारी जयंत कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंच गए और छानबीन की। फारेंसिक टीम के साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि बेटियों के प्रेम प्रसंग और पूर्व में उनके अपने प्रेमियों के साथ घर से भाग जाने की घटना के बाद से रामप्रसाद दुखी था। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि मामला ऑनर किलिंग का है। प्रथम दृष्टया जांच में पिता व दो नाबालिग भाइयों के शामिल होने की बात सामने आई है। दोनों बहनों का अलग-अलग लड़कों से बात होती थी। पिता ने मना किया पर वे नहीं मानी तो इस वारदात को अंजाम दिया गया। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। शवों कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## खेत से मिले 330 प्राचीन सिक्के

कुशीनगर। जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र में खेत की खुदाई के दौरान 330 प्राचीन चांदी जैसे सिक्के बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने सिक्कों को अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोपालपुर के टोला ओझवलिया निवासी राधेश्याम वर्मा के खेत में मिट्टी की खुदाई के दौरान यह सिक्के बरामद हुए। प्रारंभिक तौर पर सिक्कों पर अरबी-उर्दू अथवा फारसी लिपि में लिखावट दिखाई देने के कारण इनके प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व का होने की संभावना जताई जा रही है।

## लड़की से बलात्कार का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

झांसी। जिले की पुलिस ने नवाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को सोमवार की रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। 43 वर्षीय आरोपी इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने से पहले बच्ची को दवा दिलाने के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया था। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रीति सिंह ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ऑटो रिक्शा में एक लड़की का अपहरण कर ले गया है। परिवार से संपर्क करने पर पता चला कि युवक बच्ची को दवा दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया था। बाद में, परिवार के लगातार दबाव के बाद, आरोपी ने बच्ची को उसके दरवाजे पर छोड़ दिया और भाग गया। जब उसके परिवार ने पूछताछ की, तो लड़की ने खुलासा किया कि भगत चाचा उसे दवा की दुकान पर नहीं ले गए थे, बल्कि एकांत स्थान पर ले गए और उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में नाबालिग लड़की के परिवार ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो अधिनियम तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। सोमवार रात करगुआंजी रोड पर मुठभेड़ के दौरान भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को स्वाट टीम और नवाबाद पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। नवाबाद के थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी की पहचान 43 वर्षीय संजय मिश्रा (उर्फ भगत) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से गोरखपुर के गोला बाजार का रहने वाला है और वर्तमान में प्रेमनगर में किराए के मकान में रहता है। आरोपी के पैर में गोली लगी है और उसे अस्पताल भेजा गया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## गंगा नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

प्रयागराज। जिले के यमुना नगर में नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत मनैया घाट के करीब मंगलवार की सुबह गंगा नदी में तैरने के दौरान गहरे पानी में डूबने से दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गई। एसीपी (करछना) सुनील कुमार ने बताया कि सुबह नौ बजे पुलिस को दो किशोरों के गंगा नदी में डूबने की सूचना मिली। मनैया घाट पर राजन (16) और अभिषेक (14) अपने रिश्तेदार सनी के साथ गंगा नदी में नहाने गए थे। गहरे पानी में जाने से राजन और अभिषेक की मृत्यु हो गई। हालांकि, सनी को स्थानीय लोगों ने डूबने से बचा लिया। राजन और अभिषेक के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह के पर्यवेक्षण में शक्ति मोबाइल टीम और विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीम ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं और शिकायतें सामने रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया। सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की सलाह दी गई। साथ ही ओटीपी किसी के साथ साझा न करने, मजबूत पासवर्ड रखने तथा साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की अपील की गई।

इसके अलावा महिलाओं को यूपी कॉप ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस ने मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की सुविधाओं के बारे में भी बताया तथा जागरूकता सामग्री वितरित की। श्रावस्ती पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## डीएम ने इकौना तहसील में तीन बड़े बैनामों की जांच, स्टाम्प चोरी रोकने के दिए निर्देश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार को तहसील इकौना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिचड़ी, इकौना देहात एवं खरहनिया वीरपुर में पहुंचकर तीन बड़े बैनामों की मौके पर जांच की। इस दौरान उन्होंने बैनामों में प्रयुक्त स्टाम्पों का मिलान कर उनका सत्यापन भी किया तथा संबंधित अभिलेखों की गहन पड़ताल की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से भूमि की चौहद्दी एवं अन्य आवश्यक विवरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पंजीकरण से जुड़े मामलों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्थिति में राजस्व की क्षति न होने पाए। जिलाधिकारी ने स्टाम्प जांच से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टाम्प चोरी अथवा अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण एवं अभिलेखों का मिलान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच के दौरान स्टाम्प की कमी अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल, उप निबंधक इकौना, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं फरियाद



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 2 भूमि विवाद, 4 मारपीट तथा 6 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसएसपी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ऑपरेशन दहन के तहत 73 आबकारी मामलों की अवैध शराब नष्ट



सिद्धार्थनगर। जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन दहनह्व अभियान के तहत थाना ढेबरूआ पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज 73 अभियोगों से संबंधित बरामद अवैध शराब का विधिक प्रक्रिया के तहत निस्तारण एवं विनष्टीकरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई संपन्न हुई। अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में बरामद की गई अवैध शराब को नष्ट कर उसका नियमानुसार निस्तारण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने कपिलवस्तु विकास एवं विपश्यना परियोजनाओं का किया निरीक्षण




सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने पर्यटन विभाग की निमार्णाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कपिलवस्तु के समेकित विकास कार्य में धीमी प्रगति और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन विपश्यना केंद्र में टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर, प्रशासनिक भवन, मेस ब्लॉक, पुरुष एवं महिला आवास, गार्ड रूम, सब-स्टेशन रूम तथा मेडिटेशन ब्लॉक सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया और सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विपश्यना पार्क का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को पार्क को शीघ्र क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल आशुतोष उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## काला नमक धान उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुबंधित खेती पर जोर



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कालानमक चावल (एक जनपद एक उत्पाद) सीएफसी की जनपद स्तरीय समिति की बैठक कैंप कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कालानमक धान के उत्पादन को बढ़ाने के लिए किसानों के साथ अनुबंधित खेती को प्रोत्साहित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक किसान गोष्ठियां आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एसपीवी एवं किसान सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया। सीएफसी के निदेशक ने बताया कि आगामी सत्र में 1500 मीट्रिक टन कालानमक धान के क्रय एवं प्रसंस्करण के लिए सिंगापुर की कंपनी बुद्धा राइस के साथ एमओयू किया गया है। साथ ही बताया कि एसपीवी एवं गैर-एसपीवी किसानों के पास 4 टन से अधिक कालानमक धान उपलब्ध होने पर उसके प्रसंस्करण एवं परिवहन की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। बैठक में जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक उपायुक्त उद्योग शिव शंकर कुमार तथा एसपीवी के सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने परीक्षा केंद्र बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज, बर्डपुर (थाना मोहाना) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी और एसएसपी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जनसंवाद का आयोजन

## शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन एवं विकसित भारत के संकल्प पर हुआ सार्थक मंथन



**श्रावस्ती।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण को समर्पित गौरवमयी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, भिनगा में स्वास्थ्य विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य प्रबुद्ध जनसंवाद एवं विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन, आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत के संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक एवं विचारोत्तेजक चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, लोकहितकारी योजनाओं तथा विकासोन्मुखी पहलों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा सुधार, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पारदर्शी कार्यशैली, उत्तरदायी प्रशासन एवं जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल ने देश को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की है। संवाद के दौरान विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जनसहभागिता की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने सुझाव, अनुभव एवं विचार साझा करते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए विकास यात्रा का सहभागी बने।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, सदस्य विधान परिषद डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति, विकास चिंतन एवं जनकल्याण के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

## फर्जी मार्कशीट, डिग्री तैयार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

कानपुर। बेकनगंज क्षेत्र में पुलिस और साइबर सेल की टीम ने विभिन्न विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की फर्जी मार्कशीट, डिग्री एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज तैयार करने वाले एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से बड़ी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज, विश्वविद्यालयों की मोहरें, लैपटॉप, कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मंगलवार को यहां पत्रकारों को बताया कि संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआईटी, साइबर सेल और बेकनगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि बेकनगंज क्षेत्र में फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र तैयार करने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोजायुल हसन उर्फ समीर उर्फ आतिफ (32), नूरुद्दीन (30), हसन आसिफ (34) तथा आमिर अहमद (34) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मोजायुल हसन गिरोह का मास्टरमाइंड है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गिरोह के तार देश के बाहर तक फैले हुए थे।

# जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत

- पुलिस ने घटना में बढ़ाई हत्या की धारा, घटना से उपजे तनाव को लेकर नायब तहसीलदार की मान मनौवल पर हुआ अंतिम संस्कार



प्रतापगढ़। जानलेवा हमले मे गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान प्रयागराज के स्वरूपरानी मेडिकल कालेज में रविवार को मौत हो गयी। मेडिकल कालेज मे पीएम होने के बाद सोमवार की देर रात करीब आठ बजे शव घर पहुंचा। घटना मे मात्र एक आरोपी की गिरफ्तारी से नाराज परिजनो ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी जानकारी पर सांगीपुर पुलिस के हाथ पांव फूल उठे। पुलिस ने घायल की मौत के बाद दर्ज मुकदमे मे हत्या की धारा मे बढ़ोत्तरी की है। वही सांगीपुर पुलिस ने मंगलवार को घटना मे शामिल एक और आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। इधर लालगंज के नायब तहसीलदार के आश्वासन पर मंगलवार को दोपहर बाद परिजनो ने गांव के समीप सई नदी के किनारे मृतक के शव का कफन दफन किया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के अमान का पुरवा भोजपुर गांव मे विवाहिता बेटी से आरोपी पक्ष के युवक बबलू के द्वारा जबरिया फोन पर बातचीत को लेकर बीती छः जून को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे विवाद हुआ। आरोपी गांव के ही शिवपूजन के पुत्र बबलू तथा ननकू के पुत्र दिनेश व बबलू की बहन के साथ तीन से चार अज्ञात आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने लाठी डंडे व लोहे की राड से मृतक ओमप्रकाश गौतम की पत्नी आशा तथा परिवार के शिव प्रकाश व फूलमती पर जानलेवा हमले को लेकर आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। एफआईआर मे पीडिता ने आरोपी बबलू पर उसकी बेटी प्रिया के यहां मायके मे आने पर दबाव बनाकर बातचीत के प्रयास की शिकायत दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया था। इधर मृतक ओमप्रकाश गौतम को गंभीर चोटें आने के कारण उसका प्रयागराज के एसआरएन में इलाज हो रहा था। इलाज के दौरान रविवार की रात ओमप्रकाश की मौत हो गयी। सूचना घर पहुंची तब परिजनो मे कोहराम मच गया। मेडिकल कालेज प्रशासन की सूचना पर सोमवार को ओमप्रकाश गौतम के शव का वहां पीएम कराया गया। पीएम के बाद शव घर पहुंचा तब कोहराम मच गया। परिजनो ने घटना मे आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव के अंतिम संस्कार से मना कर दिया। सूचना पर मंगलवार की सुबह नायब तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार मिश्र सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी के साथ अमान का पुरवा पहुंचे। यहां मृतक के परिजनो ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुए हत्या में शामिल सभी आरोपियो की गिरफ्तारी व मृतक के परिजनों के गुजारा भत्ता के लिए शासन से दस लाख रुपए की सहायता व दो बीघे जमीन के आवंटन की मांग उठाई। नायब तहसीलदार ने शासन स्तर पर वार्ता के जरिए परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद दोपहर परिजन शव को लेकर गांव के समीप सई नदी के किनारे पहुंचे। वहां मृतक के शव का कफन दफन हुआ। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि घटना को लेकर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया था। ओमप्रकाश की मौत के बाद मुकदमे मे हत्या की धारा में बढ़ोत्तरी की गयी है। एसओ ने बताया कि शेष आरोपियो की तलाश जारी है, शीघ्र अन्य वांछितो को भी जेल भेजा जाएगा।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक




सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर सराहनीय पहल की। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने ग्राम एकडेंगवा में बहू-बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता चौपाल का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। चौपाल के दौरान उन महिलाओं तक भी पुलिस की पहुंच सुनिश्चित की गई, जो किसी कारणवश थाने नहीं पहुंच पाती हैं। मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, नए कानूनों और सरकारी सुविधाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 के स्टीकर भी लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई, लेकिन किसी ने कोई शिकायत नहीं बताई।

संक्षेप

## जेठ के मंगल पर जगह जगह प्रसाद वितरित हुआ



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में मंगलवार को भक्ति व श्रद्धा विश्वास की गंगा बही। दर्जनों जगहों पर भंडारे व प्रसाद वितरण किया गया। जगह जगह शरबत, पूड़ी सब्जी, बूँदी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। कस्बा ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जेठ माह के मंगलवार को सुन्दर कांड पाठ के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। राजेपुर गाँव में राजेन्द्र किशोर दीक्षित द्वारा अन्नपूर्णा मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। इस मौके पर अवनीन्द्र दीक्षित, देवेन्द्र दीक्षित, देवी प्रसाद, राकेश, अनिल, सुनील, सार्थक, प्रत्यूष, हर्ष, आदि ने भण्डारे में लोगों में प्रसाद वितरण में सहयोग किया। कस्बा फतेहपुर चैरासी में चल रही भागवत कथा के समापन के साथ भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया तथा कस्बा ऊगू मोहल्ला सोनिका निवासी सीताराम कन्नौजिया शरबत का प्रसाद का वितरण किया।

## बड़े मंगल पर हनुमान जी का पूजन एवं भंडारा आयोजन



नवाबगंज, उन्नाव। सरस्वती मेडिकल कॉलेज में बड़े मंगल के पावन अवसर पर हनुमान जी का पूजन एवं भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों तथा चिकित्सकों ने अत्यंत हर्ष और भक्ति भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरस्वती परिवार से मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्य, रजनीश सिंह, एस.के. सिंह, ओमप्रकाश यादव तथा अभिषेक सिंह सहित अन्य सहयोगियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूजन एवं भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भक्ति भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आनंद प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान का वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण रहा। राजमार्ग से गुजरने वाले भक्तों तथा अस्पताल में उपस्थित चिकित्सा कर्मियों एवं रोगियों ने भी प्रसाद ग्रहण कर इस आयोजन का लाभ उठाया।

## दहेज उत्पीडन की शिकायत लेकर पीड़िता थाने पहुंची

पाटन, उन्नाव। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट किए जाने को लेकर पीड़िता ने पति सहित चार लोगों को नाम जद कर पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम सिजनी सोहरामऊ पाटन की कामिनी देवी पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की और बताया कि मेरी शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व ग्राम सिजनी सोहरामऊ पाटन निवासी धनीराम के पुत्र अजय के साथ हुई थी पिता ने शादी में अपनी सामर्थ्य से अधिक दहेज दिया था किंतु ससुराल पक्ष के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर मेरे साथ मारपीट करते थे, कई बार मुझे मारकर घर से भगा दिया। सोमवार को भी मेरे साथ मारपीट की तथा जान से मार देने की धमकी दी और घर से भगा दिया। पीड़िता ने पति अजय, ससुर धनीराम तथा देवर बृजमोहन सहित अन्य लोगों को नाम जद कर तहरीर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर उपरोक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. शमशाद व पुत्रवधू तैय्यबा बानो को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। दिलसाद पुत्र लतीफ निवासी-ग्राम नरैनीपुरवा मजरे दलसराय, थाना रामनगर, बाराबंकी।

# दो दिनों में 20,921 अभ्यर्थी अनुपस्थित

## पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा:-पहले दिन 10,691, दूसरे दिन 10,230 ने छोड़ी परीक्षा; प्रशासन सख्त, सुरक्षा चाक-चौबंद



गोरखपुर। जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 8 जून से शुरू होकर 10 जून तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद हैं। बावजूद इसके, पहले दो दिनों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति ने प्रशासन का ध्यान खींचा है।

आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन कुल 38,928 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिनमें से 28,237 ही उपस्थित हुए, जबकि 10,691 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 19,464 में से 14,037 उपस्थित और 5,427 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 14,200 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5,264 गैरहाजिर रहे।

दूसरे दिन भी अनुपस्थिति का सिलसिला जारी रहा। प्रथम पाली में 19,464 में से 14,316 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 5,148 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में19464 में से 14,382 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 5,082 ने परीक्षा नहीं दी। इस तरह दूसरे दिन कुल 10,230 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दो दिनों की चार पालियों को मिलाकर कुल 20,921 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है, जो एक बड़ी संख्या है। प्रशासन इस पर नजर बनाए हुए है।

गौरतलब है कि जनपद में इस परीक्षा के लिए 44 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक पाली में 19,464 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। तीन दिनों में कुल 6 पालियों के माध्यम से 1,16,784 अभ्यर्थियों के परीक्षा देने का कार्यक्रम निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू है। प्रवेश के दौरान सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान भी लागू किया गया है। डीआईजी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एडीएम सिटी और एसपी सिटी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ कराई जा रही है। पहले दो दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है, और शेष पालियों के लिए भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## परीक्षा में नकल की कोशिश, मोबाइल के साथ अभ्यर्थी गिरफ्तार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले एक अभ्यर्थी को थाना एम्स पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, 8 जून 2026 को नीना थापा इंटर कॉलेज, गोरखपुर में आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी रामप्रकाश कुमार पुत्र जयप्रकाश चौहान, निवासी बेलवरिया थाना अस्थावां, जिला नालंदा (बिहार) को कक्ष निरीक्षक ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ लिया। इसके बाद उसे थाना एम्स पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 150/2026 के तहत धारा 318(3), 221 बीएनएस एवं 3/4 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी के कब्जे से आधार कार्ड, परीक्षा का एडमिट कार्ड (छायाप्रति) और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार, दो लोग पुलिस की गोली से घायल



बकेवर, इटावा। बकेवर थाना पुलिस की इकनौर के पास दो बाइको पर सवार तीन बदमाशो से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाशो के पैरो में गोली लगी। पुलिस ने गोली लगने के बाद बदमाशो को दबोच लिया जब कि तीसरे को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशो ने कस्बा लखना में सोमवार को एक व्यक्ति की जेब काटने की घटना अंजाम देने की कबूली है। एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र ने बताया कि सोमवार की देर शाम थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक लखना चैकी इंचार्ज अंकित पटेल मय पुलिस फोर्स के साथ इकनौर के पास बाहन चैकिंग कर रहे थे दो बाइको से आये लोगो को पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो दोनो बाइको पर सवार बदमाशो ने पुलिस पर तमंचो से फायर कर दिये। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने बदमाशो पर फायर किये इस दौरान दो बदमाशो के पैरो में पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशो को पुलिस ने दबोच लिया मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल बदमाशो में राज उर्फ कौशल पूत्र जन विजयसिंह निवासी ग्राम गुलजार नगर के दाहिने पैर में जब कि आशीष उर्फ भोला पुत्र राम शंकर निवास ग्राम टिलीटिला थाना बकेवर के बाँये पैर मे गोली लगी है। जब कि तीसरे बदमाश शिवा पुत्र मकरन्द सिंह निवासी भवानीपुर थाना बकेवर को मौके से गिरफ्तार किया है। दोनो घायल बदमाशो को पुलिस महेवा सी एच सी पर ले गयी। जहाँ से दोनो बदमाशो को जिला अस्पताल रेफर किया। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि मुठभेड में पकड़े गए बदमाशो ने सोमवार को कस्वा लखना तिराहे से सरमन सिंह को प्लाट के उद्घाटन की बात कहकर बाइक पर बैठाकर उनकी पेन्ट की जेब काटकर 39 हजार 500 रुपए की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए बदमाशो के पास से तीन तमंचा 315 बोर व चार खोखा, 6 जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस तथा 15 हजार रुपए बरामद हुए है एक हीरो इस्पेलेडर बाइक चोरी की तथा 15 हजार रुपए और एक अपाचै बाइक बरामद हुई है।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली, मौत

## इंगेजमेंट के एक महीने बाद उजड़ा घर, मंगेतर की चीखों से गूंजा गांव



चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल धूषण बड़की रेतवाहिया गांव में मंगलवार को दो भाईयों के बीच जमीन बटवारे को लेकर चल रहा विवाद मां के ब्रह्मभोज के दिन खूनी रंजिश में तब्दील हो गया। बड़े भाई ने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस समेत पुलिस के आला अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ितों से घटना के बावत जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, जंगल धूषण टोला बड़ी रेतवाहिया निवासी कोमल के चार बेटों में दुर्विजय व सोनू पिता से अलग दूसरे मकान में रहते थे। भाइयों के बीच लगभग दस वर्षों से अधिक समय से जमीन के बटवारे का विवाद चल रहा था। मंगलवार को कोमल की पत्नी व मृतक की मां के तेरहवीं (ब्रह्मभोज) का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान खर्च को लेकर भाइयों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झगड़े में बदल गई। आरोप है कि गुस्से में आकर बड़े भाई दुर्गविजय शर्मा ने अपने छोटे भाई सत्यप्रकाश उर्फ शुभम शर्मा (23) को सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद शुभम खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी बड़े भाई मौके से फरार हो गया। वहीं, मझले भाई ने गुस्से में आकर मृतक की स्कूटी पर फावड़े से वार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

सूचना मिलते ही एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र कुमार समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

बताया जा रहा है कि मृतक शुभम की मई महीने में सगाई हुई थी और फरवरी 2027 में उसकी शादी तय थी। मौत की खबर मिलते ही उसकी मंगेतर मौके पर पहुंची और दहाड़ मारकर रोने लगी, जिससे माहौल और भी गमगीन हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक, परिवार में चार भाईदुर्गविजय, श्यामू, सोनू और सबसे छोटा शुभम मिलकर ब्रह्मभोज की तैयारी कर रहे थे। मां के निधन के बाद शोक में डूबे परिवार में यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई की जान चली गई। मां के ब्रह्मभोज के दिन हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई स्तब्ध है।

आरोपी की पत्नी व छोटी बेटी पुलिस हिरासत में

घटना की सूचना मिलते ही पिपराइच पुलिस सहित फोरेंसिक टीम क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा, रत्नेश्वर सिंह, एस पी नार्थ ज्ञानेंद्र नाथ, एस पी (एल० आई० ओ०) देवी दयाल मौके पर पंहुच गए। पिपराइच पुलिस ने हत्या आरोपी दुर्विजय की पत्नी राधा देवी व छोटी बेटी रेनू को हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही हैं बड़ी बेटी सलोनी घर पर नहीं थी।

## पुरानी रंजिश में चटकी लाठियां

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा सियुरिया में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को लगभग आठ बजे के आसपास दोनो पक्ष आमने सामने होकर जमकर लाठियां चटकाई। परिणाम स्वरूप दोनो पक्षो से दो लोगो को चोटे आई है दोनो पक्षो के तहरीर पर चिलुआताल पुलिस केस दर्ज कर जाय पड़ताल शुरू कर दी है प्रथम पक्ष के अशोक यादव पुत्र स्व० रामअवध यादव निवासी सियुरिया ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 8 / 6 / 26 सोमवार को आठ बजे के आसपास पुरानी रंजिस को लेकर हमारे पट्टीदार सचिन, साहिल, दीनानाथ, किसन, संगीता एवं उनका दामाद नाम पता अज्ञात मेरे दरवाजे पर चढ़ कर गाली गुप्ता देने लगे जिसका बिरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिये शर में गम्भीर चोट आई है मेरे शोर मचाने पर जब तक गाँव के लोग पहुचते जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये दूसरे पक्ष की संगीता देबी पत्नी दीनानाथ यादव व शाहिल यादव पुत्र दीनानाथ यादव निवासी सियुरिया ने लिखित तहरीर देकर बताया कि 8 / 6 / 26 को शाम लगभग आठ बजे रामप्रीत यादव, अशोक याद, व ओमप्रकाश मुझे कुत्ते से कटवा दिये जिसका बिरोध करने पर उक्त लोग गाली गुप्ता देते हुये मारने पीटने लगे जिससे मुझे काफी चोटे आई है।

## जमीनी विवाद में मारपीट कई घायल केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टोर में पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने होकर मारपीट कर लिये परिणाम स्वरूप दोनो पक्षो से कई लोग घायल हो गये दोनो पक्षो के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष के गंगेश पुत्र गोपाल हरिजन निवासी सिक्टौर ने लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरे बगल के रहने वाले गोबिन्द पुत्र नरसिंह से जमीनी विवाद काफी दिनो चल रहा है उसी बात को लेकर मेरी दादी को शकुन्तला, नीतू व उसके बहनोई शिवशंकर भद्दी भद्दी गालियां दे रहे थे जब मै रे द्वारा इसका बिरोध किया गया तो जभी लोग एक राय होकर मुझे मारने पीटने लगे जिससे मुझे काफी चोटे आई है दूसरे पक्ष की नीता पत्नी गोबिन्द हरिजन निवासी सिक्टौर ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताई कि मेरे पड़ोसी गोपाल से काफी दिनो से जमीनी बिवाद चल रहा था दिनांक 8 / 6 / 26 को दिन के करीब 12 बजे मेरे दरवाजे पर चढ़ कर गाली गुप्ता देने लगे जब मै बाहर आकर गाली देने से मना किया तो गंगेस, अमन, फातमा व माधुरी सभी लोग मिल कर मुझे मारने लगे जब मेरे पति मुझे बचाने आये तो उन्हे भी मारपीट कर घायल कर दिये मेरे शोर मचाने पर जब तक अगल बगल के लोग पहुचते जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये पुलिस दोनो पक्षों के तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ग्रेट निकोबार बचाओ अभियान से जुड़ें, व प्रकृति बचायें : कांग्रेस अध्यक्ष




इटावा। अपने नेता राहुल गांधी के निर्देश पर ग्रेट निकोबार को बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आग्रह पर 8 से 18 जून तक सम्पूर्ण प्रदेश में ग्रेट निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत विकासखंड महेवा की ग्राम पंचायत निवाड़ी कलां, वीरपुर सलेमपुर सहित तमाम ग्रामों में यह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में चले इस अभियान में दर्जनों कांग्रेस जनों के साथ-साथ आम ग्राम वासियों ने भी प्रकृति को बचाने के लिए हस्ताक्षर किए। आशुतोष दीक्षित ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार ग्रेट निकोबार द्वीप जो कि दिल्ली से 4 गुना (161 वर्ग किमी०) बड़ा है। उन अछूते जंगलों को अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले करने जा रही है। जिसके अंतर्गत डेढ़ करोड़ पेड़ काटे जाएंगे। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने केन्द्र सरकार के इस विनाशकारी कदम का पुरजोर विरोध करने का निश्चय किया है। जिससे आने वाली पीढ़ियों के भविष्य एवं प्रकृति को बचाया जा सके।

## दो नाबालिग बहनें घर से नाराज होकर निकलीं, जीआरपी ने घर वापस भेजा

इटावा। घर से नाराज होकर बिहार से निकली दो नाबालिग बालिकाओं को इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी की तत्परता और संवेदनशील कार्रवाई से एक संभावित अनहोनी टल गई और परिवार को बड़ी राहत मिली। इटावा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस द्वारा चलती ट्रेनों और स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बिहार निवासी 14 और 15 वर्षीय दो नाबालिग बालिकाएं किसी बात से नाराज होकर अपने घर से निकल गई हैं और वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर जा रही हैं। सूचना मिलते ही जीआरपी इटावा तत्काल सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रेन के इटावा जंक्शन पहुंचते ही दोनों बालिकाओं की तलाश शुरू कर दी। काफी सतर्कता के साथ ट्रेन में खोजबीन के बाद दोनों बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और उन्हें जीआरपी थाने लाया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल कालीचरन, हेड कांस्टेबल अजय कुमार तथा महिला कांस्टेबल खुशबू कुमारी की विशेष भूमिका रही।

## निर्माणाधीन मंदिर की रखवाली करने वाले संत की हत्या



फतेहपुरचौरासी, उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन मंदिर की रखवाली कर रहे संत की अज्ञात हमलावरों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के घूरे टोला मोहल्ले में निर्माणाधीन मंदिर की रखवाली कर रहे संत की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच की और जल्द खुलासे की बात कही है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के घूरेटोला मोहल्ला निवासी संत मिलनदास (60) पहले बाबा बोधेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करते थे। इसके बाद में अपना खुद का मंदिर बनवा रहे थे। बड़े भाई वीरेंद्र ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे वह खाना खाने के बाद मंदिर निर्माण की देखरेख करने के लिए गए थे। घर से करीब 200 मीटर मंदिर होने से वहीं अज्ञात लोगों ने उनके पीठ पर चाकू से दो वार कर घायल कर दिया। वहां से गुजर रहे सभासद अतीक ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस और बाद में विधायक श्रीकांत कटियार भी पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से घटना की जल्द खुलासे की बात कही है। उन्होंने शादी नहीं की थी। वह छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि चाकू से वार कर हत्या की गई है। परिजनों ने किसी पर अभी कोई शक नहीं जताया है। जांच की जा रही है।

# बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन



चरगांवा, गोरखपुर। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन ने जेल बाईपास रोड स्थित कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे का शुभारंभ एडीजी जोन के स्टाफ अफसर संजय सिंह सिकरवार द्वारा भगवान हनुमान जी महाराज की भोग आरती कर किया गया। तदुपरांत उन्होने समिति के सदस्यों संग खुद अपने हाथों से श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। इस आयोजन में संगठन के प्रदेश महामंत्री आरपी सिंह व प्रदेशउपाध्यक्ष विनोद सिंह तथा मीडिया प्रभारी विनोद दूबे, गोरखपुर के एआरटीओ अरुण कुमार, खनन अधिकारी अजीत पांडेय, खनन इंस्पेक्टर अमित सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, बस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जायसवाल, उदय प्रताप सिंह, कुलदीप नारायण सिंह, दीपक जायसवाल, अवधेश सिंह, हरीश पांडेय, संदीप सिंह, समाजसेवी सोनू सिंह, राजेश त्रिपाठी, वेद प्रकाश पांडेय, जितेंद्र उपाध्याय सहित आसपास के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## बाइक सवार ने व्यापारी को झांसा देकर थैला छीना

भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला आजाद रोड से गिरधारीपुरा के मध्य सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे ग्राम बनामई निवासी किसान विजयपाल यादव (45 वर्ष) पुत्र स्व. हेतराम यादव को झांसा देकर अपाचे सवार दो युवकों ने अपनी बाइक पर बैठा लिया और अपना काम करके कुछ दूरी पर किसान विजयपाल को अपाचे से उतार दिया, जब बाइक से उतरकर किसान ने जैसे अपनी जेब में हाथ डाला, उसके होश उड़ गए।

## तेज तूफान में कई पेड़ उखड़ गये



फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र में बीती रात आये तेज तूफान से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया सड़क मार्गों पर आवागमन में गिरे पेड़ों से लोगो को परेशानियों का सामना पड़ा तो वहीं किसानों का दलहन की फसल खेतों में खड़ी है जिसमें नुकसान भी हो सकता हैं। क्षेत्र में रात में आई भयंकर आंधी पानी से क्षेत्र सैकड़ों पेड़ पौधे टूटकर गिर गये जिससे सड़क मार्गों पर राहगीरों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही वहीं क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई और किसानों की खड़ी दलहन की फसलें जिनकी कटाई चल रही थी जो पानी से भीग गई वहीं ऊगू ग्रामीण मिट्ठू खेड़ा, में सड़क के किनारे खड़ा बरगद विशाल वृक्ष सैकड़ों साल पुराना धराशाई हो गया जो राहगीरों तथा गांव के लोग गर्मी में छाया का आनंद लेते थे जिसको प्रकृति ने एक झटके में समाप्त कर दिया।

# शिवपाल सिंह ने डीएम से की मुलाकात



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को इटावा कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से मुलाकात की। जिलाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र और जिले से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में शिवपाल सिंह यादव ने प्रदेश सरकार और भाजपा नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों को दिन और रात पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी खराब हैं, जहां लंबे समय तक बिजली कटौती की जा रही है। शिवपाल सिंह यादव ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि धान की बुवाई का समय शुरू हो चुका है, लेकिन नहरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इससे किसान चिंतित हैं और उनकी खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने सरकार से किसानों को तत्काल सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की मांग की। शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सपा नेता ने कहा कि प्रदेश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। मेहनत करने वाले युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में निराशा का माहौल है। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए केशव प्रसाद मौर्य और ओमप्रकाश राजभर पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जो लोग समाजवादी पार्टी को सैफई तक सीमित करने की बात करते हैं, वे खुद 2027 के विधानसभा चुनाव तक राजनीति में टिकने की स्थिति में नहीं रहेंगे। जनता ऐसे नेताओं को जवाब देने का काम करेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओरसे वरि० मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/को०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।, **निविदासूचना संख्या एवं कार्यकानामः निविदा सूचना संख्या – 23–2026–CW** 'सप्लाई एंड फिटमेंट ऑफ एफ क्लैम्प, यू क्लैम्प एंड एस एस केज फॉर मोडीफिकेशन ऑफ एस–ट्रैप ऑफ लेवेट्री कमोड्स ऐट जीकेपी, बीएनवाई, एएसएच एंड जीटीएनआर कोचिंग डिपोज इन ए पीरियड ऑफ 06 मन्थ्स'।, **अनुमानितलागत (रू० में)**: रू0 65,50,885.43, **अग्रिम धन (रू0 में)**: रू0 1,31,000.00, **निविदा की अवधि – 06 माह**, • ई निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 02.07.2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा दिनॉक 02.07.2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी।, • इस ई–निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरि. मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/स.

मुजाधि/यॉत्रिक–35 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम: (I) समइ/ छपरा कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत में मौजूदा एलएचएसडब्लू बाक्स की स्थिति में बैरियर के साथ वाटर प्रूफ ज्वाइंट। (II) समई / बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत मौजूदा एलएचएसडब्लू बाक्स की स्थिति में बैरियर के साथ वाटर प्रूफ ज्वाइंट। (III) थावे – कप्तानगंज अनुभाग में दुदही – कठकुईयाँ के मध्य समपार संख्या 54 किमी० 83/7–8, छपरा – फेफना अनुभाग में छपरा – गौतमस्थान के मध्य समपार सं० 54 किमी० 3/8–9, छपरा – फेफना के मध्य बकुलहाँ – सुरेमनपुर के मध्य समपार सं० 22 एसी किमी० 26/1–2 तथा समपार सं० 23 एसी किमी० 24/9–25/0 पर जलभराव की संभावना वाले सब–वे का बैरियर प्रकार का वाटर प्रूफिंग। (कुल 04 नग)। ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर– बीएसबी–2026–81, अनुमानित लागत (₹) : 4,14,84,484/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 8,29,700/–, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.06.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 10 माह। **क्र.सं. (2)** कार्य का नाम: (I) मइं/ सामान्य / वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जलजमाव रोकने के लिए एलएसएच का सुधार। (II) मऊ – शाहगंज अनुभाग के मध्य फरिहाँ – सरायमीर के मध्य समपार संख्या 48 किमी० 66/2–3 तथा सरायरानी – फरिहाँ के मध्य मऊ – शाहगंज के मध्य समपार संख्या 39 किमी० 56/181 पर जलभराव की संभावना वाले सब–वे का बैरियर प्रकार का वाटर प्रूफिंग। (कुल 02 नग) ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर– बीएसबी–2026–82, अनुमानित लागत (₹) : 2,39,89,045/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 4,79,800/–, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.06.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 9 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर– बीएसबी–2026–81 से एनईआर– बीएसबी–2026–82 दिनांक 30.06.2026 को 11.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू– 161

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## लापरवाही से गयी लाइनमैन की जान

पसगवां खीरी। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गई लाइनमैन की जान, शटडाउन लेकर 11 हजार वोल्ट लाइन पर काम के दौरान सप्लाई चालू होने का आरोप। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव लुदियापुर में लाइन मेन अतुल मिश्रा की मंगलवार को करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि लाइन मैन अतुल मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा निवासी जहूरपुरवा ने शटडाउन लेकर 11 हजार वोल्ट की लाइन के खंभे पर मरम्मत कार्य कर रहे थे इसी दौरान अचानक लाइन में विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग और परिजनों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते लगे साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की करने लगे।

## उपचार के दौरान महिला बंदी की मौत मजिस्ट्रियल जांच शुरू

लखीमपुर खीरी। जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन महिला बंदी अनीता (55) पत्नी बदलू निवासी सैदापुर, थाना फूलबेहड़ की उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। अपर उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्तियों से 16 जून को उपस्थित होकर अपना साक्ष्य एवं अभिकथन प्रस्तुत करने का आह्वान किया गया है। जानकारी के अनुसार अनीता आबकारी अधिनियम की धारा 60(2) के तहत दर्ज मुकदमे में 8 मई 2026 को जिला कारागार में निरुद्ध की गई थी। कारागार में रहते हुए उनकी तबीयत खराब होने पर जेल चिकित्साधिकारी द्वारा उपचार किया गया। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 9 मई की शाम उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद सीवीए की आशंका व्यक्त करते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। केजीएमयू में भर्ती महिला बंदी का उपचार जारी था, जहां 11 मई 2026 को प्रातः 5:07 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम के आदेश पर मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। अपर उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी रखने वाले व्यक्ति 16 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष संख्या-22 में उपस्थित होकर अपना पक्ष, साक्ष्य अथवा अभिकथन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## चोरी की वारदातों से सहमा इलाका

हरगांव (सीतापुर)। थाना अन्तर्गत कई गांवों में बीती रात चोरों ने वारदात को अंजाम देकर दहशत फैला दी है। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दे दी है। जानकारी के अनुसार हरगांव थानान्तर्गत ग्राम पंचायत अरमी के मजरा पिछौरा में बीतीरात चोरों ने पिछौरा निवासी बलीराम पुत्र ललई के यहां कमरे का ताला तोडकर लाखों का सामान व नकदी पार कर दी। पीड़ित के अनुसार चोरों ने कमरे रखी अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे नगद 87 हजार रुपए व सोने के झाले एक अदद एक अदद मंगलसूत्र, एक अदद लाकेट का मंगलसूत्र, एक अदद पायजेब, चार जोडी पायल आदि सामान लेकर चोर फरार हो गये।

# डीएम ने सीएचसी हरगांव का किया औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी0एम0एस0एम0ए0) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त अभियान के अन्तर्गत आयी हुयी गर्भवती महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी टीकाकरण संबंधी पुस्तिका का अवलोकन किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी से प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत की गयी तैयारियों के विषय में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने ब्लड प्रेशर मशीन का अवलोकन किया। जहां ब्लड प्रेशर मशीन खराब दशा में पायी गयी। गर्भवती महिला की टीकाकरण पुस्तिका देखा। जिसमें महिला का टीकाकरण नहीं पाया गया तथा वहां के उपकरणों को देखा व चिकित्सकों से वार्ता करते हुये ब्लड प्रेशर मशीन सही न होने पर कड़ी फटकार चिकित्सकों को लगायी। कार्यों में रूचि एवं अन्य कमियां पाये जाने पर एच0ई0ओ0 15 दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। साथ ही इस लापरवाही पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिये व अभियान के अन्तर्गत त्वरित चिकित्सकों का 15 दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश संबंधित को दिये। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने एक्सरे कक्ष पहुंचकर मशीन को देखा। एक्सरे फिल्म न होने की दशा में पूछे जाने पर कोई सही जवाब नहीं दिया गया तथा एक्सरे किये गये किसी भी मरीज का मोबाइल नम्बर न होने पर संबंधित कर्मचारी पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ अग्रिम आदेशों तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।

## 8 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

सीतापुर। उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को जिले के सभी 8 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। प्रशासन की निगरानी में दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल आयोजित की गई। हालांकि दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने परीक्षा से दूरी बनाए रखी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दूसरे दिन कुल 6528 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 4878 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1650 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 3264 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2421 ने परीक्षा दी। जबकि 843 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

वहीं दूसरी पाली में 3264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2457 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 807 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी। परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य से मध्यम रहा। हिंदी और गणित विषय के प्रश्न अपेक्षाकृत आसान थे, जिससे अभ्यर्थियों को राहत मिली। वहीं रिजनिंग (तर्कशक्ति) से जुड़े कई प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाए रखा। कई अभ्यर्थियों का कहना था कि रिजनिंग सेक्शन में समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा, जबकि हिंदी और गणित के प्रश्न निर्धारित समय में आसानी से हल हो गये। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गौरतलब है कि परीक्षा के पहले दिन 1666 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। दूसरे दिन भी अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 1650 रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## तहसील परिसर में हुआ भंडारा



धौरहरा खीरी। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर धौरहरा तहसील परिसर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ हनुमान जी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक विनोद शंकर अवस्थी, तहसीलदार आदित्य विशाल उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि द्वारा विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, तहसील कर्मियों,जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे तहसील परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और लोककल्याण का संदेश देता है।ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।वहीं एसडीएम शशिकांत मणि ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।तथा लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का माध्यम बनते हैं।इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण मोहन तिवारी, कैलाश अवस्थी, राजेश शुक्ला, राजू शुक्ला, राकेश शुक्ला, अखिलेश कुमार त्रिवेदी, उपेंद्र मिश्रा, कार्तिकेय मिश्रा सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण



हरगांव (सीतापुर)। दूसरे दिन आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2026 के अंतर्गत आयोजित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल जायजा लेने बिड़ला विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हरगांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ किया जाए। उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

## गोला इंडियन, कोटखेरवा और एलएमपी इलेवन की जीत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्व. राजेंद्र गिरि स्टेडियम पीआईसी में आयोजित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूनामेंट में सोमवार रात खेले गए मुकाबलों में कोटखेरवा, गोला इंडियन और एलएमपी इलेवन ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूधिया रोशनी में खेले गए मैचों का खेल प्रेमियों ने देर रात तक आनंद लिया।

पहले मुकाबले में इलेवन वारियर्स ने हर्षित के 30 रनों की मदद से 54 रन बनाए। जवाब में कोटखेरवा ने आयुष्मान के 25 रनों के सहारे दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे मैच में गोला इंडियन ने दीपक (44) और मोहन (47) की शानदार पारियों की बदौलत 122 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजेंद्र गिरि मैरिज लॉन की टीम 65 रन पर सिमट गई और गोला इंडियन ने 57 रन से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में एलएमपी इलेवन ने महेंद्र के शानदार 78 और अरशद के 20 रनों की मदद से 127 रन बनाए। जवाब में पैंथर इलेवन की टीम लक्ष्य से 41 रन पीछे रह गई। महेंद्र का 78 रन का स्कोर टूनामेंट का अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कोटखेरवा के शिवांशु, गोला इंडियन के मोहन और एलएमपी इलेवन के महेंद्र को दिया गया। मैचों से पूर्व राजेश पुरवार, बी.ए. खान, देवेंद्र गिरि और श्यामूर्ति शुक्ल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कमेंट्री राजेंद्र निषाद तथा स्कोरिंग अजनेय और शोभित ने की।

## गन्ना भुगतान व यूरिया प्रकरण को लेकर किसान पंचायत आज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज समूह की चीनी मिलों पर किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान में देरी और यूरिया खाद बिक्री प्रकरण में कार्रवाई न होने के विरोध में राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने मंगलवार को सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में किसान पंचायत एवं सत्याग्रह आयोजित करने की घोषणा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने आरोप लगाया कि बजाज समूह की चीनी मिलें किसानों के गन्ने का भुगतान समय पर नहीं कर रही हैं, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती लागत और घरेलू खर्चों के बीच भुगतान में हो रही देरी किसानों की परेशानी बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद बिक्री प्रकरण में भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में गन्ना आयुक्त और जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 10 जून को सुबह 11 बजे किसान पंचायत एवं सत्याग्रह किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## बड़े मंगल पर शिवपुरी चौराहे पर लगा शर्बत सेवा शिविर



पिपरिया धानी, खीरी। वीओएल। जेठ माह के छठे बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को रेहरिया क्षेत्र के शिवपुरी चौराहे पर शर्बत सेवा शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर मीठे शर्बत का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। आयोजन में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा राहगीरों की सेवा की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुदेश कुमार, संजय सिंह, राजवीर सिंह, राजेश सिंह, रामश्री, सुनील कुमार, विपिन सिंह, संतराम सहित अन्य सेवादार मौजूद रहे। आयोजकों ने आने-जाने वाले लोगों को शरबत वितरित कर सेवा भाव का परिचय दिया।

## विभिन्न स्थानों पर भंडारों में श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा



रेउसा/सेउता (सीतापुर)। बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर समूचे रेउसा और सेउता क्षेत्र में हनुमान भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिन विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

रेउसा कस्बे के प्रमुख मार्गोंकृचैराहा, बिसवां रोड, महमूदाबाद रोड और बहराइच रोडकृपर हनुमान भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण का कार्य पूरे दिन चलता रहा। वहीं तंबौर रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर पत्रकार संघ रेउसा के अध्यक्ष और प्रतिष्ठित व्यवसायी अखिलेश बाजपेई द्वारा आयोजित विशाल भंडारा आकर्षण का केंद्र रहा। सेउता के मां देवी सोनासर मंदिर परिसर में भी बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना की गई और भंडारे के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। तपती धूप के बीच आयोजित इन भंडारों में लोगों ने जलपान कर सभी के मंगल की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनंत मिश्रा, थाना अध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी और व्यवसायी सुनील पोरवाल समेत अनेक पत्रकार और नागरिक उपस्थित रहे। पूरा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## जन जागरूकता चौपाल में गिनायी केंद्र सरकार की योजनाएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क एवं जन जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को मथुरा नगर वार्ड संख्या-2 में जन जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने किया।

चौपाल को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने कहा कि जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभासद इजरान अहमद ने अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लालता प्रसाद गौतम, राम प्रसाद गौतम, नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, भाजपा नगर मंत्री कैलाश गुप्ता, ऋषि गुप्ता, लवकुश अवस्थी, अभिषेक, राधेश्याम, पंकज, बलराम, संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी, दिलीप वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## जिला जज व डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिला जज शिव कुमार सिंह व डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान सीजेएम प्रमोद कुमार यादव, प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश कुमार यादव मौजूद रहे। जिला जज, डीएम-एसपी ने पुरुष और महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई बनाए रखी जाए। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई ऐसा तो नहीं है जिसकी लंबे समय से पेशी ना रही हो रही हो। इस पर बंदियों ने उत्तर दिया कि सभी की पेशी हो रही है। इस दौरान जिला जज ने जेल बैरक, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों, महिला बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। भोजन की गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, प्रतिभा सिंह सेंगर मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी सांडा में भंडारे का हुआ आयोजन

साण्डा (सीतापुर)। बिसवां कोतवाली की सांडा पुलिस चौकी में बड़े मंगल के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रचंड गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चैकी प्रभारी श्रीराम शुक्ल, आरक्षी मुकेश यादव, राहुल सिसोदिया, विकास कुमार, राजकुमार, संदीप सिंह, अंकित सिंह, केतन यादव, बलराम वर्मा, दीपांशू श्रीवास्तव, रवि प्रताप के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख मोल्हेराम, ज्ञानेंद्र मिश्र, प्रताप भार्गव, विकास मिश्र, अनुपम जायसवाल, दीवाना रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, अनिल यादव, प्रेम दीक्षित, मुन्ना रस्तोगी, अमित अवस्थी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं एसबीआई सांडा में भक्तों को मिला छोला चावल का प्रसाद-भारतीय स्टेट बैंक की सांडा शाखा में बड़े मंगल के सुअवसर पर बैंक के खाताधारकों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसाद में छोला चावल वितरित किया गया।

# विधायक ने किया कूलिंग पॉइंट का उद्घाटन



पलियाकलां खीरी। भीषण गर्मी एवं हीटवेव से आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद पलिया कलां द्वारा लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस के सामने स्थापित अस्थायी कूलिंग पॉइंट का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी ने फीता काटकर कूलिंग पॉइंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने लोगों से गर्मी के दौरान विशेष सावधानी बरतने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद पलिया कलां की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका परिषद पलिया कलां नागरिकों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। हीटवेव के प्रभाव को देखते हुए यह कूलिंग पॉइंट स्थापित किया गया है, जिससे राहगीरों एवं आमजन को गर्मी से राहत मिल सके। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन कराये गये इस कूलिंग पॉइंट के माध्यम से हमारे देश की रीढ़ ग्रामीण सभ्यता को पुनर्जीवित कर प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य की तरफ बढ़ते हमारे ये कदम नगरीकरण में एक मील का पत्थर साबित होंगे।

इस दौरान उपस्थित लोगों को गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। नागरिकों से अपील की गई कि वे खाली पेट धूप में न निकलें, कूलर या ए.सी. से निकलकर तुरंत तेज धूप में न जाएं, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं तथा घर से बाहर निकलते समय छतरी, टोपी अथवा गमछे का प्रयोग अवश्य करें। इस उद्घाटन कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष पुत्र इं. वरुण गुप्ता, विनय गर्ग, सतीश गर्ग, मोतीलाल गुप्ता, डब्बू बंसल, सम्मानित सभासदगण, पालिका लिपिक विजेन्द्र कुमार, लिपिक ज्योति मिश्रा, अंकुर सिंह सहित समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## बड़े मंगल पर शनि देव मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ज्येष्ठ माह के षष्ठम बड़े मंगल के पावन अवसर पर कुम्भी क्षेत्र स्थित हरि नगर शनि देव मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का भव्य संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक अमन गिरी की उपस्थिति में सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं श्रीहनुमान जी महाराज के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा और जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ के उपरांत विधायक ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन एवं प्रसाद वितरित किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने भी भक्तों के साथ बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और सभी के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

## केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर योजनाओं की जानकारी

सीतापुर। विकासखंड मछरेहटा ब्लॉक सभागार में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी आयोजित की। यह आयोजन केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। जिसका उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं और उनकी उपलब्धियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजय भार्गव रहे। जबकि मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह ने इसकी अध्यक्षता की।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक : 1685/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक : 01.06.2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर में रजिस्टर्ड मार्ग श्रेणी-ए, बी, सी, डी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आतंत्रित की जाती है

| क्र. | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लहरपुर | विकास खण्ड लहरपुर के विभिन्न ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.50 | 1.25 | 860.00 | 31.03.2027 | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लहरपुर | विकास खण्ड लहरपुर/बेहटा के विभिन्न राज्य मार्ग/प्र.जि.मा./अ.जि.मा. मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.50 | 1.25 | 860.00 | 31.03.2027 | | | |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.06.2026 से 25.06.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.06.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
सीतापुर

UPID-252346 Date: 09.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## ऑटो रिक्शा की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के छीतेपट्टी गांव में सड़क दुर्घटना में घायल 70 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, छीतेपट्टी निवासी धनदेई (70) पत्नी स्वर्गीय दुबारी सोमवार शाम करीब सात बजे छीतेपट्टी चौराहे पर सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए अंबेडकरनगर रेफर कर दिया। अंबेडकरनगर में उपचार के दौरान हालत में सुधार न होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा भेजा गया। वहां भी स्थिति नाजुक बनी रहने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीजीआई रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक सोमवार रात करीब 11 बजे पीजीआई ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र रामचंदर रोजगार के सिलसिले में दो दिन पहले दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। वह अभी ट्रेन में ही सफर कर रहे थे कि उन्हें मां के निधन की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह यात्रा बीच में छोड़कर घर लौट पड़े। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अमेठी के गुंगवाछ कांड में विवेचक तलब

**सुलतानपुर।** अमेठी के चर्चित गुंगवाछ कांड में मंगलवार को अभियोजन पक्ष के गवाह के नहीं आने से सुनवाई टल गई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि एडीजे श्याम मोहन जायसवाल ने विवेचक परशुराम ओझा को गवाही के लिए तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 24 जून को होगी। अमेठी के ग्राम पूरे राजापुर मौजा गुंगवाछ के पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी व अमरेश यादव और पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की 15 मार्च 2022 को जमीन को लेकर चल रही रंजिश में हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र अमरजीत यादव ने वर्तमान ग्राम प्रधान आशा तिवारी, उनके पति रामशंकर तिवारी व पुत्र नितिन तिवारी और गांव के बृजेश यादव, अखिलेश यादव, अभिषेक यादव व राम दुलारे यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**परशदेपुर, रायबरेली।** ज्येष्ठ मास के छठवें बड़े मंगल (अधिकमास) के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर व हनुमान मंदिरों के बाहर और चैराहों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। भक्त सुबह से प्रसाद वितरण की व्यवस्था में लगे हुए थे, हनुमान भक्तों ने महाबली हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विधि विधान से पूजा आरती की और हनुमान जी को भोग लगाया, उसके बाद लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। बड़े मंगल के अवसर पर जगह जगह लगे प्रसाद वितरण के स्टाल पर चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ कमाया। बड़े मंगल के पावन अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए हनुमान भक्तों ने लोगों के बीच हलवा पूड़ी, सब्जी, छोला, चावल, बूंदी के साथ ही ठंडे शरबत व पानी का वितरण किया।

# अदिति सिंह ने किया स्व.किरन गौतम मार्ग का लोकार्पण

## सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास को मिली नयी रफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अंबेडकर नगर में विकास की कड़ियों को आगे बढ़ाते हुए सदर विधायक अदिति सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत नवनिर्मित स्व. किरन गौतम मार्ग का लोकार्पण किया।

विधायक अदिति सिंह ने नारियल फोड़कर नवनिर्मित स्व. किरन गौतम मार्ग को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता है। यह सड़क सिर्फ ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि जनता की वर्षों पुरानी मांग का सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस नई और सुदृढ़ सी.सी. रोड के निर्माण से स्थानीय निवासियों को बरसात में होने वाले जलभराव और जर्जर रास्तों की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। पहले कच्चे व टूटे रास्ते के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानी होती थी। अब यह मार्ग सुगम और सुरक्षित हो गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय निवासियों ने विधायक का आभार जताया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बारिश में घर से निकलना मुश्किल हो जाता था। विधायक जी ने जो वादा किया था, उसे समय पर पूरा किया। यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत सदर विधानसभा के प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। सड़क, नाली, बिजली और पेयजल से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री, स्थानीय सभासद, वार्ड के गणमान्य नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम करने के संकल्प के साथ हुआ।

## जर्जर तार के सहारे बिजली आपूर्ति टूटने से अक्सर गुल हो जाती है बत्ती

**मोतिगरपुर, सुल्तानपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगे विद्युत तारों में अधिकांश जर्जर हो गए हैं, जो पल भर में तबाही का मंजर दिखाने लगते हैं। गांवों में कहीं खेत खलिहान तो कहीं झुग्गी झोपड़ी पलक झपकते आग के हवाले हो जाती है वहीं कई जानें भी चली जाती हैं जबकि बेफिक्र विभाग पर कोई असर नहीं पड़ता। अभी गांवों में क्या है बिजली व्यवस्था का हाल।

विद्युत उपकेंद्र दियरा के मोतिगरपुर फीडर के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन घंटों बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता इलाके की करीब 25 हजार की आबादी पर भारी पड़ रही है। लखनऊ-बलिया हाईवे पर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जब जर्जर तार टूटकर न गिरते हों। जिम्मेदार लाइनमैन न होने से पूरे फीडर की आपूर्ति घंटों ठप रहती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जिम्मेदारों के नियंत्रण में न तो लाइनमैन हैं और न ही मरम्मत के नाम पर विभाग के पास कोई सामान उपलब्ध है। सबकुछ जानते हुए भी बिजली विभाग ने चुप्पी साध रखी है। सोमवार रात करीब 10 बजे एक बार फिर जर्जर तार टूटकर हाईवे पर लटक गया। गनीमत रही कि उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बाजारवासियों ने तत्काल उपकेंद्र को सूचना दी, जिसके बाद फीडर की सप्लाई बंद कराई गई। उपभोक्ताओं और जेई ने तैनात एकमात्र संविदा लाइनमैन को कई बार फोन किया, लेकिन उसका फोन बंद मिला। लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखकर जेई ने रात 10:45 बजे दूसरे फीडर के लाइनमैन शिवकुमार को मौके पर भेजा, जिसके बाद रात करीब 12:15 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल लगे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर से सुलतानपुर और दियरा बाजार रोड के उपभोक्ताओं को सप्लाई दी जाती है। इस ट्रांसफार्मर से खुले और जर्जर तार बिना किसी सुरक्षा जाल (गार्डिंग) के हाईवे के ऊपर से दूसरी तरफ पोल तक जा रहे हैं। ये तार आए दिन टूटकर गिरते हैं, जिससे राहगीरों की जान दांव पर लगी है। मोतिगरपुर फीडर से पहाड़पुर सराय भीषम (आंशिक), डड़वाकला, गौरा, खेमाजितपुर, शाहपुर लपटा, बेलवारी, मोतिगरपुर, पठखौली, डींगुरपुर, बनकेगाँव, खरगपुर, चौहानपुर, पुरुषोत्तमपुर, अहदा, अहिरौली, गोरसरी और मलिकपुर बखरा आदि गांवों को बिजली सप्लाई की जाती है। तार टूटने पर घंटों आपूर्ति बंद होने से इन सभी गांवों में अंधेरा छा जाता है।

# नौवें दिन भी जारी रहा किसानों का अनशन



**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के बस स्टॉप स्थित शिव मंदिर परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चल रहा आमरण अनशन और धरना नौवें दिन भी जारी रहा। किसानों का आरोप है कि उनकी आठ सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए अब तक कोई सक्षम अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा है। किसान नेताओं का कहना है कि लगातार नौ दिनों से धरना जारी रहने के बावजूद प्रशासन उनकी समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रहा है। धरने में शामिल बाबा बालक दास की तबीयत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार ने मौके पर पहुंचकर उनका उपचार किया। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालांकि जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद अगले ही दिन उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। डिस्चार्ज होने के बाद बाबा बालक दास पुनः धरना स्थल पर पहुंच गए और किसानों के साथ धरना में शामिल हो गए। किसान यूनियन के दोनों गुटों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने में किसान नेता शिव बहादुर सिंह, लालता प्रसाद शुक्ल, सदाशिव पांडेय सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। वहीं, इस मामले में सलोन के उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि धरना प्रदर्शन बिना अनुमति के किया जा रहा है तथा किसानों की कई मांगें नियमों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि धरना स्थल पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी जिम्मेदारी धरना दे रहे लोगों की होगी और आवश्यक होने पर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।

**● अस्पताल से लौटे बाबा बालक दास फिर धरने में हुए शामिल**

## सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कैम्प का आयोजन

**कूरेभार, सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कूरेभार में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी गर्भवती महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) की गई। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने महिलाओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन व शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए। उन्हें सुरक्षित मातृत्व संबंधी परामर्श भी दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान की गई। कार्यक्रम के तहत किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्हें एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीकाकरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर जिला स्तर से पहुंचे अधिकारी अनिल कुमार और उनकी टीम ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, जांच प्रक्रिया और टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। टीम ने स्वास्थ्यकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की। सीएचसी कूरेभार में आयोजित इस कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. शैलेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही। चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, एएनएम और आशा कार्यकताओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे अभियानों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया है।

# केंद्र सरकार के 12 साल बेमिसाल




**● लालगंज में 'विश्वास, विकास और जनकल्याण' पर हुआ कार्यक्रम**

**लालगंज, रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर मंगलवार को लालगंज ब्लॉक परिसर में ह्यविश्वास के विकास के जनकल्याणह्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। बीडीओ प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि पिछले 12 साल में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास मंत्र को जमीन पर उतारा है। जनधन खाते, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, आयुष्मान भारत और हर घर नल से जल जैसी योजनाओं ने सीधे गरीब के जीवन को बदला है। डीबीटी से 44 लाख करोड़ रुपये बिना बिचैलिए के लोगों तक पहुंचे। ये विश्वास और जनकल्याण का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में 18 हजार से ज्यादा लोगों को पीएम आवास मिला है।

भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि 12 साल बेमिसाल रहे। अनुच्छेद 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक और डिजिटल इंडिया से देश का मस्तक ऊंचा हुआ है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि यूपीआई से लेकर वंदे भारत तक, हर क्षेत्र में विकास दिखता है। प्रधानमंत्री ने जो कहा, वो करके दिखाया। जनता का विश्वास ही हमारी ताकत है। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला लाभार्थी और पीएम आवास पाने वालों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 12 साल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बीडीओ ने बताया कि ग्राम सभा में जनकल्याण एवं स्वास्थ्य कैंप पर लगाए जाएंगे। 21 जून को मदुरी में चैपाल होगी। 10 जून से 30 जून तक ग्राम सभा में खुली बैठक होगी जिनमे पात्र लोगों का चयन होगा। इस अवसर पर सत्येंद्र बहादुर सिंह, अखिलेश बाजपेई, एडीओ पंचायत प्रणवीर प्रताप सिंह, बीओ पीआरडी भास्कर, बड़े बाबू अवस्थी जी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन

**सलोन, रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के मंगल पर्व पर मंगलवार को सलोन नगर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिरों एवं भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। नगर के प्रसिद्ध मनकामेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम, प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धालुओं को अपने हाथों से शर्बत, पूड़ी, सब्जी, कढ़ी-चावल एवं अन्य प्रसाद वितरित किया। भंडारे में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं नगर के ऊँचाहार तिराहे के समीप पोस्ट ऑफिस की तरफ आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पोस्टमास्टर रणवीर, सहायक बाबू रत्नेश मिश्रा ने हनुमानजी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में पहुँचे नगर अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी ने अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया। खमरिया पूरे कुशल गांव के मोड़ पर पहलवान पीर बाबा मंदिर में सुंदर कांड पाठ के बाद भन्डारे का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने एवं छाया की समुचित व्यवस्था की गई थी। पूरे दिन श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और लोगों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा कि ज्येष्ठ मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने कहा कि ष्धार्मिक आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इस मौके पर प्रियंक अग्रहरी, अनिल शर्मा, दीपक सरोज, जमुना साहू, फूल चन्द्र अग्रहरी, संतोष मोदनवाल, अमर गुप्ता, पिंटू अग्रहरी, दिनेश साहू, अंकित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव सरकार में हुआ ऊंचाहार का सर्वांगीण विकास



**रायबरेली।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र ऊँचाहार की जनसमस्याओं टूटी सड़कें, सूखी नहरें, सरकारी मशीनरी में व्याप्त भ्रष्टाचार, सीपज की समस्या से परेशान किसान व बिजली की बढ़ी दरों, गैस, पेट्रोल, डीजल से परेशान आमजनों के हित के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम ऊँचाहार को तहसील प्रांगण ऊँचाहार में दिया गया। कस्बा ऊँचाहार से जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव की अगुवाई में हजारों सपा के कार्यकर्ताओं ने हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सरकार में ऊंचाहार में कई पॉवर स्टेशन बनाकर बिजली की व्यवस्था सोलह घण्टे, कई सीएचसी पीएचसी, गंगा पर पूल निर्माण, सैकड़ों किमी सड़कों का निर्माण किया गया था परंतु योगी सरकार में इस क्षेत्र का विकास अवरुद्ध है।

धरने को पार्टी के प्रदेश सचिव डा शशिकांत शर्मा ने कहा कि ऊंचाहार का किसान बिजली की अंधाधुंध कटौती व दाम बढ़ने के कारण परेशान है किसान सीपेज के कारण एवं नहरों में सिंचाई का पानी नहीं मिलने से दुखी है सड़कें टूटी व सरकारी मशीनरी भाजपा नेताओं की शह पर भ्रष्टाचार कर आम आदमी के साथ अन्याय व धोखा कर रही है। विधायक बछरावा श्याम सुंदर भारती ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में गैस सिलेंडर, डीजल पेट्रोल के दाम नित प्रतिदिन बढ़ाकर जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है यह सरकार गरीब किसान छात्र बेरोजगार युवाओं की विरोधी एवं चंद धन्नासेठों की हितैषी है। प्रदेश सचिव ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि आगामी विस चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए ऊंचाहार से सपा प्रत्याशी को विधायक बनाया जाएगा। कार्यक्रम को युवा नेता आकाश मौर्य, अखिलेश यादव, मानसिंह, अरुण व पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष हसनैन खान, विंदेश्वरी पासी, देवराज यादव, सुरेश पासी, मदन यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, राजेश मौर्य आदि ने संबोधित कया।

## व्यापार व उद्योग किसी भी जनपद की आर्थिक रीढ़ : अदिति सिंह

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता की गरिमामयी उपस्थिति में विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में व्यापारियों एवं उद्यमियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों एवं उद्यमियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा अपने व्यवसाय से संबंधित समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यापार एवं उद्योग किसी भी जनपद की आर्थिक रीढ़ होते हैं और इनके सशक्त होने से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों एवं उद्यमियों के हितों के संरक्षण तथा उनके व्यवसाय को सरल, सुरक्षित एवं लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा नीतिगत स्तर पर कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जिससे व्यापारिक वातावरण को अधिक अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम जैसे मंच इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जहां व्यापारी सीधे अपनी बात रख सकते हैं और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा स्वरोजगार, उद्योग स्थापना एवं विस्तार हेतु अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्यकर डॉ शिखा गुप्ता, परमहंस लाल, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, उद्यमी व व्यापारी उपस्थित रहें।

## पक्षियों के संरक्षण को लगाये पक्षी जलपात्र



**सुलतानपुर।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कटका क्लब सामाजिक संस्था एवं लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वन विभाग कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर पक्षी जलपात्र लगाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष अनमोल अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अमित सिंह ने पक्षी जलपात्र स्थापित कर किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक सराहनीय और मानवीय पहल है, जिससे जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण पक्षियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज के लोगों को अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों पर जलपात्र रखने चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी अभिनन्दन प्रताप सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जीव-जंतुओं और पक्षियों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करते हैं। कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने बताया कि संस्था निरंतर पर्यावरण एवं जीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर पक्षी जलपात्र लगाए जाएंगे तथा लोगों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर कथा वाचक शनि मिश्र, बृजेंद्र मिश्र, लाल मणि दुबे आदि मौजूद रहे।

## हनुमानगढ़ी में प्रसाद वितरण के साथ राहगीरों की हुई सेवा




**गोसाईंगंज, सुलतानपुर।** ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार पर बाबूगंज बाजार स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए शरबत और जलपान की भी व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने इसे धार्मिक आस्था के साथ जनसेवा का सराहनीय प्रयास बताया। इस अवसर पर विपिन गुप्ता, रवि अग्रहरि, नंदकुमार विश्वकर्मा, अनिल पांडेय, अविनाश गुप्ता, रोहित मोदनवाल, सतीश अग्रहरि, संतोष मोदनवाल, हर्ष अग्रहरि, राकेश गुप्ता, पवन पांडेय, लालजी यादव, ज्ञानी विश्वकर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# नहरों में उड़ रही धूल, धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहे किसान



**परशदेपुर, रायबरेली।** शारदा सहायक खंड 45 से निकलकर परशदेपुर क्षेत्र से गुजरने वाली लगभग 70 किमी लंबी दूरी की डीह रजबहा एवं रजबहों से निकली दर्जनों माइनरों में पानी न होने के कारण झाड़ियों में तब्दील माइनरें सूखी पड़ी हैं जिससे पानी को लेकर किसानों के सामने संकट के काले बादल छाए हुए हैं।

जहां एक तरफ किसान नहरों में पानी न होने के कारण धान की नर्सरी नहीं डाल पा रहें है तो वहीं भीषण गर्मी के कारण पानी के आभाव में पशु-पक्षियों का भी हाल बेहाल हो गया है। अटावां, गोपालीपुर, पदुमपुर, बरावां, निनावां, दोस्तपुर बुढ़बारा व बारा सहित दर्जनों गांवों के किसान नहर में पानी न होने के कारण परेशान हैं, इसके कारण धान की नर्सरी डालने में विलंब हो रहा है।

किसानों का कहना है कि अगर समय पर नहरों में पानी नहीं आया तो धान की रोपाई में बहुत विलंब हो जाएगा। वहीं मौसमी सब्जियों की खेती पर भी पानी की कमी से काफी असर देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी में पानी के आभाव में पशु पक्षियों का भी जीवन भी बेहाल हो गया है।

किसान धान की नर्सरी कैसे डाले यह चिंता किसानों को काफी सता रही है। वहीं कुछ किसान तो किसी तरह निजी नलकूप के सहारे धान की नर्सरी डाल तो दी है लेकिन पर्याप्त मात्रा में पानी की कमी से वह भी सूख रही है। वहीं नहर के सहारे बैठे अधिकतर किसानों ने अभी तक धान की नर्सरी भी नही डाल पाये। इससे धान की रोपाई समय पर नही हो पाएगी इसको लेकर अन्नदाताओं के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। क्षेत्र के डीह रजबहा सहित इससे निकलने वाली माइनरों में पानी न आने से लगभग पचास हजार किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं नहर विभाग के खिलाफ किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

क्षेत्रीय किसान सुशील सिंह, राकेश कुमार, कपिल, आशीष सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, धीरेन्द्र सिंह, राकेश पांडेय, संदीप तिवारी सहित आदि किसानों ने बताया कि नहर में पानी न आने की वजह से अभी तक धान की नर्सरी की तैयारी नही हो पाई अगर समय से धान की नर्सरी नही डाली गयी तो धान की रोपाई भी समय से नही हो पाएगी जिससे इसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ेगा। किसानों का कहना है कि नहर विभाग की मनमानी की वजह से अभी तक नहरों में पानी नही छोड़ा गया। किसानों को जब जब सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है तब तब नहरों में विभाग के जिम्मेदारों द्वारा पानी कभी नही छोड़ा गया। आज धान की फसल के लिए सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता है तो नहरों में पानी की जगह धूल उड़ती नजर आ रही है।

## विजय नारायण सिंह हत्याकांड में आरोपितों की तलबी पर हुई बहस, आदेश 25 जून को

**सुलतानपुर।** विजय नारायण सिंह हत्याकांड के चर्चित मामले में वादी मुकदमा सतीश नारायण सिंह की ओर से आरोपित जयंत मिश्र, दीपक मिश्र व विनय तिवारी को तलब करने के लिए दी गई अर्जी पर मंगलवार को बहस हुई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दलीलें पेश करते हुए कहा कि, घटना में आरोपितों की सक्रिय भूमिका रही है। आरोपित घटना में नामजद हैं लेकिन पुलिस ने गलत विवेचना कर आरोपितों को क्लीनचिट दे दी है। एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने बहस सुनने के बाद आदेश के लिए 25 जून की तिथि तय कर दी है। कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव के विजय नारायण सिंह की सात अप्रैल 2024 को शहर के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अंबेडकर नगर जिले के महरुआ के शूटर अजय प्रताप सिंह सिलावट के साथ ही दीपक मिश्र, जयंत मिश्र व विनय तिवारी समेत कई अन्य के खिलाफ हत्या और साजिश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अजय प्रताप सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जबकि अन्य आरोपितों को क्लीनचिट दे दी थी।

संक्षेप

## पांच वांछित वारंटी गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न गाँवों के चार वांछित वारेन्टी को एक अभियान अन्तर्गत किया गिरफ्तार । एसपी देवरिया द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वांछित ,वारेन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये अभियान के क्रम में एसपी दक्षिणी सुनील कुमार सिंह निर्देश व पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अनसुमान श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षक में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय के नेतृत्व में भटनी पुलिस द्वारा न्यायालय द्वारा निर्गत एन बी डब्लू आदेश के अनुपालन में न्यायालय एसी जे (जेडी)/जे एम सी एन -27 निर्गत एनबीडब्लू केस नम्बर 587/2014 अपराध संख्या 116/1995धारा 382अभियुक्त आनंद सिंह पुत्र ज्वाला सिंह ग्राम उसका थाना भटनी मुकदमा नम्बर -2788/19मुकदमा अपराध संख्या -154/96धारा 323,504व अवधेश रामनगीना रामदयाल पुत्रगण सुबेदार ग्राम अलगटपुर थाना भटनी को मुकदमा नम्बर 2467/19 मुकदमा अपराध संख्या 318/04 धारा457,480,411अभियुक्त जयराम गोड पुत्र हरि गोड को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया ।

## सफाई व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों की करायी गयी जांच

**देवरिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने बताया कि कुछ स्तरों से सफाई कर्मियों द्वारा तैनाती स्थल पर कार्य न किए जाने तथा गांवों में गंदगी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसकी जांच कराई गई। उन्होंने बताया कि विकासखंड देसही देवरिया संबंधित मिली शिकायतों की जांच सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से कराई गई।प्राप्त आख्या के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी नियमित रूप से साफ-सफाई का कार्य कर रहे हैं।ग्राम पंचायत नौतन हथियागढ़ एवं पिपरा दौलाकदम में सफाई कर्मियों की टीम लगाकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा व्यापक साफ-सफाई कराई गई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद के 2,057 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान में 2,113 सफाई कर्मी तैनात हैं। जिन ग्राम पंचायतों अथवा राजस्व ग्रामों में सफाई कर्मियों की आवश्यकता है, वहां तैनाती के लिए संबंधित विकासखंडों से उपलब्ध सफाई कर्मियों का विवरण प्राप्त कर लिया गया है।

## भाटपाररानी तहसील में कल्याणकारी शिविर 11 को

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार जनपद के सोशल सेक्टर से जुड़े विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ थीम पर कल्याणकारी शिविर का आयोजन 11 जून 2026 को पूर्वाह्न 10 बजे से तहसील भाटपाररानी परिसर में किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने संबंधित योजनाओं के चयनित लाभार्थियों से निर्धारित समय पर तहसील भाटपाररानी पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने तथा जनप्रतिनिधियों से स्वीकृति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अपील की है।

# वायरल वीडियो में कैद खाकी की 'ताकत' महिला की गरिमा पर उठे बड़े सवाल

- महिला के बाल पकड़कर घसीटने वाले वीडियो ने खड़े किए असहज सवाल



**कुशीनगर।** जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के जंगल पचरुखिया में ट्रक हादसे के बाद शुरू हुआ विवाद अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पूरा मामला पुलिस कार्रवाई से ज्यादा पुलिस के व्यवहार पर केंद्रित हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी एक महिला को बाल और हाथ पकड़कर खींचते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो का वही दृश्य अब पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा और सबसे असहज सवाल बन गया है।बेशक।ट्रक हादसा कैसे हुआ, तोड़फोड़ किसने की, मुकदमा किस पर दर्ज हुआ, इन तमाम सवालों से बड़ी बहस अब इस बात पर हो रही है कि क्या किसी महिला के साथ इस तरह का व्यवहार करने की इजाजत कानून देता है?

**वायरल वीडियो का वह दृश्य जिसने हिला दिया गांव:-** वीडियो में महिला खुद को छुड़ाने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। दूर से लोग विरोध कर रहे हैं और दो पुलिसकर्मी महिला को पकड़कर खींचते नजर आ रहे हैं। वीडियो देखने वाले हर व्यक्ति की नजर इस दृश्य पर जाकर ठहर जाती है।यह सिर्फ एक वीडियो क्लिप नहीं है, बल्कि पुलिस और जनता के रिश्ते पर एक बड़ा सवालिया निशान बन चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि महिला कोई अपराधी नहीं थी, न ही वह किसी हिंसक गतिविधि में शामिल थी। ऐसे में उसके साथ इस तरह का व्यवहार क्यों किया गया?, इसका जवाब अब तक किसी के पास नहीं है। अक्सर पुलिस कार्रवाई की कहानी सरकारी कागजों और प्रेस नोट तक सीमित रह जाती है।लेकिन जंगल पचरुखिया में कैमरा चालू था। इसलिए जो हुआ, वह सीधे लोगों की आंखों तक पहुंच गया। वीडियो ने वह दिखा दिया जिसे शायद सामान्य परिस्थितियों में महज एक ₹कार्रवाई₹ कहकर फाइलों में बंद कर दिया जाता।यही कारण है कि लोगों में यह चर्चा है कि यदि कैमरा न होता तो क्या यह घटना भी अनसुनी न रह जाती?

**महिला की गरिमा बनाम पुलिस की ताकत:-** जानकारों का कहना है कि लोकतंत्र में पुलिस को कानून लागू करने की शक्ति दी गई है, लेकिन वह शक्ति असीमित नहीं है।उसकी भी संवैधानिक और कानूनी सीमाएं हैं।सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी महिला को सार्वजनिक रूप से बाल व हाथ पकड़कर खींचना कानून के दायरे में आता है? और यदि नहीं, तो फिर ऐसा करने वालों पर जवाबदेही कब तय होगी? वीडियो में दिख रही तस्वीरें केवल एक महिला का अपमान नहीं, बल्कि उस भरोसे पर भी चोट हैं जो आम लोग पुलिस पर करते हैं।

**ग्रामीणों का आरोप: कार्रवाई कम, दबाव ज्यादा:-** गांव के लोगों का आरोप है कि हादसे के बाद पुलिस का पूरा फोकस दोषियों की तलाश से ज्यादा ग्रामीणों पर दबाव बनाने पर रहा। घर-घर दबिश, धमकी और कार्रवाई की बातें पहले ही चर्चा में थीं। अब वायरल वीडियो ने उन आरोपों को और हवा दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह महिला के साथ व्यवहार किया गया, उसने पूरे गांव को आक्रोशित कर दिया।

**खाकी की परीक्षा:-** पुलिस विभाग के लिए यह मामला अब सिर्फ कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि अपनी साख बचाने का भी है। क्योंकि सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मी कौन हैं? सवाल यह भी है कि क्या विभाग उस दृश्य को सही मानता है? क्या उस महिला के साथ हुआ व्यवहार पुलिस मैनुअल और संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप स्वीकार करता था? यदि नहीं, तो फिर कार्रवाई किस पर होगी?जंगल पचरुखिया का वायरल वीडियो अब जिले की सीमा से निकलकर व्यापक चर्चा का विषय बन चुका है। महिला को बाल पकड़कर क्यों घसीटा गया? क्या मौके पर महिला पुलिसकर्मी मौजूद थी? क्या वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो का संज्ञान लिया है?क्या संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच होगी?

## दो को प्रतिकूल प्रविष्टि 3 को कारण बताओ नोटिस

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही एवं त्रुटिपूर्ण आख्या लगाए जाने को गंभीरता से लेते हुए दो अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों का वास्तविक, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप आख्या दर्ज करना अनिवार्य है तथा इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस किसी अधिकारी की लापरवाही अथवा त्रुटिपूर्ण निस्तारण के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित अधिकारी की होगी। आईजीआरएस फीडबैक एवं आख्या की समीक्षा में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.वी. यादव तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गौरीबाजार का निस्तारण संतोषजनक न पाए जाने पर उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।वहीं अधीक्षण अभियंता विद्युत, चकबंदी अधिकारी द्वितीय राम अवध यादव तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारी द्वय ने बीआरडी इंटर कॉलेज, न्यू कॉलोनी देवरिया एवं जनता इंटर कॉलेज, सोनूघाट का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, प्रवेश व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता हर हाल में बनाए रखी जाए।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सतर्कता बरती जाए तथा अभ्यर्थियों की जांच निर्धारित मानकों के अनुरूप की जाए।उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## पुण्य तिथि पर याद किये गये हरिश्चंद्र अग्रवाल

**देवरिया ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला देवरिया द्वारा वरिष्ठ व्यापारी नेता स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल की 27वीं पुण्यतिथि 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाई। नगर स्थित कैम्प कार्यालय मोहन रोड देवरिया में एक श्रद्धांजलि सभा और बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए ।कार्यक्रम का आरंभ स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर हुआ। उपस्थित व्यापारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यापारी हितों के लिए उनके योगदान को याद किया।प्रदेश मंत्री पुरुषोत्तम मरोदिया ने कहा कि हरिश्चंद्र अग्रवाल ने व्यापारी समाज की आवाज उठाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था, और उनका संघर्ष आज भी व्यापारी समाज के लिए प्रेरणादायक माना जाता है। जिलाध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने कहां की 27 मई 1992 को अमीनाबाद, लखनऊ में पुलिस बल वार्ता के दौरान हुई घटना का उल्लेख किया।प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल ने व्यापारियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।इसी कारण व्यापार मंडल हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि को 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाता है, ताकि व्यापारी समाज में एकता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बनी रहे। नगर अध्यक्ष अमित मोदनवाल ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान और उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।संगठन के संरक्षक भारत अग्रवाल ने व्यापारियों से संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर कुछ मजदूर कर्मचारियों को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गयो इस अवसर पर व्यापारियों ने व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सदैव एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ हुआ।श्रद्धांजलिसभा में उपस्थित महिला अध्यक्ष सीमा जयसवाल, नगर मंत्री राम सिंह, रमेश अग्रवाल, चंद्रशेखर शर्मा, विमल रूंगता, गिरधारी लाल अग्रवाल, अजय पोद्दार, प्रमोद राजगढ़िया, आराधना गुप्ता, जटाशंकर आदि उपस्थित रहे।

# 3 वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किये



- नगर पालिका परिषद

**देवरिया।** नगर पालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष अलका सिंह ने आज अपने तृतीय कार्यकाल के सफल तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने नगर के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं तथा नगरवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता, सड़क निर्माण, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।उन्होंने कहा कि नगर के विकास को गति देने तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है। आगामी कार्य योजनाओं में कल्याण मंडपम का कार्य प्रगति पर है और बहुत जल्द एक उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा, वेंडिंग जोन का कार्य पूर्ण होने के कगार पर है और बहुत जल्द सुचारू रूप से शहर में छोटे व्यापारियों को बिना अड़चन उनका व्यवसाय चलता रहे। चटोरी पार्क का भी निर्माण कार्य शुरू हो गया है, एक निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर हित सर्वोपरि है तथा आने वाले समय में भी विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उदाहरण के रूप में इस प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्प्रिंकलर पूरे शहर में पानी का छिड़काव करेगा, प्रत्येक वार्ड में वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। नगरवासियों से प्राप्त सुझावों एवं सहयोग को अपनी कार्यशैली की सबसे बड़ी शक्ति बताया। प्रेस वार्ता के दौरान सभी आदरणीय सभासद गणों की उपस्थिति रही। प्रेस वार्ता के अंत में श्रीमती अलका सिंह ने सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया बंधुओं का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा देवरिया को स्वच्छ, सुंदर और विकसित नगर बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। प्रेस वार्ता के बाद बड़े मंगल के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद कार्यालय पर आयोजित सुंदर कांड का पाठ पूर्ण होने बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## मारपीट और अंगूठी छीनने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवघाट गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक एवं दो अज्ञात लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और अंगूठी छीनने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवघाट निवासी रामभरोसा मिश्र ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 17 फरवरी 2026 की शाम लगभग 6:30 बजे वह किसी आवश्यक कार्य से भटनी जा रहे थे। आरोप है कि रेलवे गेट संख्या 116 के पास पहले से मौजूद गांव के दुर्गेश कुमार मिश्र तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके हाथ की सोने की अंगूठी गिर गई, जिसे दुर्गेश कुमार मिश्र ने उठा लिया। अंगूठी की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस से शिकायत करने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दुर्गेश कुमार मिश्र एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टेंपो पलटने से घायल युवक गंभीर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेहरा डाबर मोड़ के समीप टेंपो पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अगस्तपार निवासी सुभाष प्रसाद पुत्र आशीष अपनी बहन के घर से टेंपो द्वारा वापस घर लौट रहा था। 8 मई 2026 की सुबह करीब आठ बजे भटनी थाना क्षेत्र के बेहरा डाबर मोड़ के पास पहुंचते ही चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आशीष के सिर, पेट और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य सवारियां भी घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटनी पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के पिता सुभाष प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर टेंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को : गोपाल जी राय



- भाजपा नेता गोपालजी राय ने भेंट की 'विकसित भारत, विकसित उप्र 'पुस्तक

**कसया, कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व डबल इंजन सरकार विकसित भारत के लिए संकल्पित है। उक्त बातें भाजपा के विधानसभा क्षेत्र कुशीनगर के नेता गोपालजी राय ने बुद्ध स्थली कुशीनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहीं और लोगों को विकसित भारत, विकसित उप्र पुस्तक भेंट की तथा पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। भाजपा नेता ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।

## जीएसटी प्रावधानों की दी गयी जानकारी

**देवरिया।** राज्य कर मुख्यालय, उप्र(विधि अनुभाग), लखनऊ के निदेशों के क्रम में व्यापारियों की कर संबंधी समस्याओं के समयबद्ध समाधान, विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूकता तथा राजस्व संवर्धन के उद्देश्य से रुद्रपुर ब्लॉक सभागार में खंड स्तरीय ₹व्यापारी संवाद कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित विभिन्न प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर उपायुक्त राज्य कर खंड-1 देवरिया विवेक कुमार मिश्रा तथा उपायुक्त राज्य कर खंड-2 देवरिया अमित कुमार सिंह ने जीएसटी पोर्टल की तकनीकी बारीकियों, पंजीयन के लाभ, ई-इनवॉयसिंग, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी), नियम-14ए तथा जीएसटी 2.0 के नवीन प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त राज्य कर शैलेन्द्र कुमार, राज्य कर अधिकारी सारिका श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के व्यापारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर अधिवक्ता तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। कर अधिवक्ता कृष्णानंद सिंह ने व्यापारियों को जीएसटी के लाभ, रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया एवं कर अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं कर अधिवक्ता शिवम श्रीवास्तव ने जीएसटी की तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। संवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने कराधान एवं व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याएं एवं जिज्ञासाएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियों को कर अनुपालन, डिजिटल प्रक्रियाओं एवं विभागीय सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के साथ विभाग और व्यापारियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया।

## 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल अभ्यास



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर में 21 जून को होने वाले 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, ₹स्वास्थ्य बुढ़ापे के लिए योग₹ थीम को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार कोतैयारी के परिप्रेक्ष में अधिकारियों और योग शिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल अभ्यास किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ.जगदीश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी विशाल सिंह व समस्त जिले के योग प्रशिक्षक गण ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया । डॉ.जगदीश यादव ने कहा कि योग निरोग काया और सुखी जीवन के लिए आज के दौर में जरूरी है। बढ़ती उम्र को स्वस्थ बनाने में योग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी ट्रेनर योग के प्रति लोगों को जागरूक करें। अधिकारियों ने होने वाले योग दिवस की सफलता को लेकर पूरे जी जान से लगकर समारोह को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान मास्टर योग ट्रेनर अभय रंजन मिश्रा, आदित्य दुबे, सूर्यदत राय व श्रीमती सीमा सिंह रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से 5000 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

**देवरिया।** डीएम मधुसूदन हुल्गी ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने, रोजगार के नए अवसर सृजित करने वजनपद में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 5000 से अधिक युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्योग आधारित परियोजनाओं से जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को ऑनलाइन आवेदन कराकर योजना से लाभान्वित किया जाए, जिससे उन्हें रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता का अवसर मिल सके।

योजना के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर, मेन्स पार्लर, सिलाई सेंटर, फ्लोर मिल, राइस मिल, शटरिंग सर्विस, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग, दोना-पत्तल निर्माण, बुक बाइंडिंग, प्रिंटिंग, कॉपी-पेपर निर्माण, वाहन सेवा केंद्र, मसाला निर्माण, फर्नीचर उद्योग, फास्ट फूड यूनिट, चाय स्टॉल, डेयरी परियोजना, अचार निर्माण, साइबर सेंटर, सत्तू, बेसन एवं पापड़ निर्माण सहित विभिन्न स्वरोजगार आधारित परियोजनाएं शामिल हैं। योजना के लिए आवेदक का उप्र का मूल निवासी होना, आयु 21 से 40 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, फोटो, हस्ताक्षर, आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, कोटेशन एवं अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 50 हजार रुपये से 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण 4 वर्ष के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही परियोजना लागत का 10% अनुदान तथा 10 % लाभार्थी अंशदान का प्रावधान है।

# जेसीबी का लगा पंजा और निकल पड़ा खजाना

- ओझवलिया की मिट्टी से पुराने सिक्कों का निकला जखीरा



**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान क्षेत्र के ओझवलिया गांव में मिट्टी की खुदाई के दौरान बड़ी संख्या में पुराने सिक्के मिलने की खबर ने प्रशासन और स्थानीय लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। ग्रामीणों का दावा है कि खेत में जेसीबी से खुदाई के दौरान जमीन के भीतर से कथित रूप से मुगलकालीन सिक्के निकले है, जिन्हें मौके पर मौजूद लोग जितना जो पाया साथ लेकर बने। सोशल मीडिया पर सिक्कों की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच में जुट गया है। हालांकि सिक्कों की प्रामाणिकता और ऐतिहासिक महत्व की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के निवासी राधेश्याम वर्मा के खेत में सोमवार की शाम जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। खुदाई के दौरान अचानक मशीन के पंजे से ऐसी वस्तुएं निकलनी शुरू हुईं जिन्हें देखकर मजदूर और ग्रामीण हैरान रह गए। कुछ ही देर में खबर पूरे गांव में फैल गई कि जमीन के भीतर से पुराने सिक्कों का जखीरा निकला है। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि मौके से 15 से 20 किलोग्राम तक पुराने सिक्के बरामद हुए। सिक्कों के बाहर आते ही वहां मौजूद लोगों में उन्हें पाने की होड़ मच गई। जिसने जितना हाथ लगाया, वह उतना समेटकर चलता बना। देखते ही देखते सिक्कों का बड़ा हिस्सा लोगों के घरों तक पहुंच गया और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी।

मंगलवार सुबह जब सिक्कों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई। वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहे सिक्कों को लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। कोई उन्हें मुगलकालीन बता रहा है तो कोई सदियों पुरानी धरोहर होने की बात कह रहा है। हालांकि अभी तक किसी भी विशेषज्ञ संस्था ने इन दावों की पुष्टि नहीं की है।सूत्रों के मुताबिक प्रशासन अब पूरे घटनाक्रम के तह तक जाने की तैयारी में जुट गया है। राजस्व विभाग और स्थानीय अधिकारियों ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। चर्चा है कि यदि सिक्कों के ऐतिहासिक महत्व के संकेत मिलते हैं तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया जा सकता है। गांव में यह चर्चा भी तेज है कि सिक्के अपने कब्जे में लेने वाले कुछ लोग कार्रवाई के डर से घरों से गायब हैं। गांव में दिनभर लोगों की टोलियां सिर्फ इसी मुद्दे पर चर्चा करती दिखाई दीं। अब सवाल यह है कि वास्तव में जमीन के भीतर इतना बड़ा संग्रह मौजूद था तो वह वहां कब और कैसे पहुंचा? क्या यह किसी पुराने जमाने से दबा हुआ खजाना है, या किसी ऐतिहासिक बस्ती के अवशेष हैं या फिर इसके पीछे कोई और कहानी छिपी हुई है? इन सब सवालों का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।प्रशासन जांच की बात कह रहा है, लेकिन ओझवलिया की मिट्टी से निकली इस रहस्यमयी कहानी ने लोगों की उत्सुकता चरम पर पहुंचा दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि जांच में सामने आने वाला सच, इतिहास का नया अध्याय खोलेगा या फिर वायरल दावों की परतें उधेड़ देगा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दर्ज हो सकेंगे पुलिस साक्षियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बयान

**देवरिया।** संयुक्त निदेशक अभियोजन उदय भान ने शासन के निर्गत पत्र के हवाले से बताया है कि पुलिस साक्षियों एवं सेवानिवृत्त राजकीय कर्मचारियों के बयान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अंकित कराये जाने की व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी को अपने अधीनस्थ अति0 जिला शासकीय अधिवक्ताओं/विशेष लोक अभियोजकों को इस प्राविधान का प्रभावी रूप से अनुपालन कराए जाने पर बल दिया है जिससे कि शासकीय धन के बचत के साथ साथ सेवानिवृत्त राजकीय कर्मियों को असुविधा न हो सके तथा वह अपने निवास जनपद पर ही अपना साक्ष्य/बयान वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी अंकित करा सकेगे।

# युद्ध से क्या मिला?

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमलों के साथ शुरू हुआ युद्ध 100 दिनों से अधिक हो गया है। इस दौरान अस्थायी युद्ध विराम के बीच दोनों पक्षों में कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन युद्ध खत्म करने का कोई फार्मूला सामने नहीं आ सका। बीच-बीच में युद्धरत पक्ष एक-दूसरे पर मिसाइल-ड्रोन हमले भी करते रहते हैं। अब यह युद्ध पहले विश्व युद्ध की लड़ाई के उस हिस्से की तरह हो गया है जहां दोनों ही पक्ष बिना किसी उल्लेखनीय सफलता के लगातार लड़ रहे हैं। अयातुल्लाह खामनेई सहित कुछ शीर्ष नेताओं के मारे जाने, अहम बुनियादी ढांचे को व्यापक तौर पर नष्ट किए जाने और करीब 3,500 मौतों के बावजूद ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम समाप्त करने और हिजबुल्ला जैसे संगठनों से संबंध खत्म करने की अमेरिका और इजरायल की मांग के समक्ष नहीं झुका है। यह संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया में फैल गया है जहां अमेरिका के क्षेत्रीय सहयोगी कतर, बहरीन और यूएई अपने तेल और गैस बुनियादी ढांचे के विनाशकारी नुकसान का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान द्वारा कराई गई युद्ध विराम वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई क्योंकि दोनों पक्ष अपनी अधिकतम मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इस बीच शेष विश्व को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है क्योंकि ईरान और अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के दोनों सिरों को अवरुद्ध कर रखा है। यही वह मार्ग है जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल और गैस का



करीब 40 फीसदी आता-जाता है। लड़ाई के पहले जहां इस मार्ग से रोज करीब 100 से अधिक पोत निकलते थे वहीं अब इनकी संख्या काफी कम हो गयी है। इसके चलते असाधारण वैश्विक तेल संकट उत्पन्न हुआ है और ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल का स्तर पार कर गया है जो 28 फरवरी के 72 डॉलर से बहुत अधिक है। दुनिया में पेट्रोल की कीमतों में 40 से 90 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत ही ऐसा देश है जिसने महज 7.7 फीसदी का इजाफा किया है। जीवाश्म ईंधन की कमी का असर मूल्य वृद्धि के रूप में सामने है। उदाहरण के लिए भारत में उद्योगों को गैस आपूर्ति सीमित किए जाने के कारण छोटे और मझोले उपक्रमों को बंदी का सामना करना पड़ा है। इसके चलते प्रवासी श्रमिक अपने गांवों को लौटने को मजबूर हुए हैं। यह कोविड-19 के शुरूआती दिनों की याद दिलाता है। उर्वरक कीमतों में वृद्धि के कारण वैश्विक खाद्य आपूर्ति भी जोखिम में है। प्रमुख वैश्विक बाजार सूचकांकों में गिरावट आई है। अकेले भारत से निवेशकों ने लाखों करोड़ रुपये की निकासी की है और रुपया लगातार कमजोर हुआ है। दोनों पक्षों ने आकलन में कुछ हद तक गलती की है। अमेरिका की यह मांग ईरान को पूरी तरह अस्वीकार्य है कि वह यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे और सऊदी अरब को केंद्र बनाकर अंतरराष्ट्रीय निगरानी के तहत एक क्षेत्रीय संघ को प्राथमिकता दे। ऐसा खासकर इसलिए है क्योंकि इजरायल परमाणु शक्ति बन चुका है, उसकी क्षेत्रीय खुफिया नेटवर्क तक पहुंच और विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं भी हैं। यही तर्क अमेरिका की उस मांग पर भी लागू होता है जिसमें ईरान से 60 फीसदी शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम भंडार सौंपने को कहा गया। अमेरिका इस सुझाव से सहमत नहीं है कि इन चर्चाओं को होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत फिर से खोलने और ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने से अलग रखा जाए। अब तक केवल इजरायल को लाभ हुआ है। उसने लेबनान के 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया है और क्रमशः गाजा पट्टी और पश्चिमी किनारे के 60 फीसदी से अधिक हिस्से पर उसका नियंत्रण है। अब लड़ाकों ने एक-दूसरे पर हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जो प्रतिशोधी छापामार हमलों के अंतहीन चक्र में बदल गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, जिन्होंने यह लड़ाई शुरू की थी, अब असहाय होकर ईरान और इजरायल से तुरंत गोलीबारी बंद करने की मांग कर रहे हैं। कुल मिलाकर ट्रंप को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है और वे ईरान के मोर्चे पर भी उसी तरह विफल हो रहे हैं जैसे टैरिफ और मामलों में उनको झटका लगा है। लेकिन ट्रंप ने युद्ध शुरू कर पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था युद्ध के कारण गंभीर संकट में है।

### विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

# साझेदारी चाहिए लेकिन दूसरे की जमीन पर



विजय कपूर

> विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि इनका आपस में किसी के साथ भरोसा नहीं है। यहां तक कि इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता आमतौर पर अपनी पार्टी स्तर पर इन गठबंधनों के विरुद्ध हैं और सार्वजनिक मंच पर इसके समर्थक। ऐसे में भला विपक्षी एकता कैसे निर्णायक रूप से उभरकर आ सकती है और कैसे भाजपा को चुनौती दे सकती है?

गुजरे 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक का घोषित उद्देश्य विपक्षी दलों के बीच तालमेल बिठाना और एकजुटता को मजबूत करना था। लेकिन जैसी आशंका थी, सारी योजना टायं-टायं फिस्स हो गई और ऐसा स्वाभाविक ही था। दरअसल जितनी भी विपक्षी पार्टियां हैं, उन सबको एकजुट होकर देशभर में चुनाव जीतने के लिए एकता तो चाहिए, लेकिन अपनी जमीन पर नहीं, दूसरे की जमीन पर। अपनी जमीन पर कोई विपक्षी पार्टी अपने ही साथी संगियों के साथ किसी भी किस्म का तालमेल नहीं चाहती। तृणमूल कांग्रेस चाहती है, कांग्रेस और वामपंथी दल भूलकर भी पश्चिम बंगाल के अंदर यह उम्मीद न करें कि टीएमसी उनके साथ सीट शेयर करेगी। यही बात डीएमके तमिलनाडु के अंदर चाहती है। डीएमके ने तो 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में हिस्सा भी नहीं लिया और साफ कहा कि वह ऐसे गठबंधन में कैसे शामिल हो सकती है, जिसमें कांग्रेस हो। क्योंकि कांग्रेस ने उसके साथ तमिलनाडु में विश्वासघात किया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और डीएमके ने हाल ही में सम्पन्न तमिलनाडु विधानसभा में साथ मिलकर लड़े थे। लेकिन चुनाव के बाद जब विजय थलापती की पार्टी टीवीके सबसे ज्यादा सीटों के साथ जीतकर लायी, तो कांग्रेस ने मौका देखते ही विजय के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार बना लिया। डीएमके के मुखिया स्टालिन किसी भी किस्म की साझेदारी कांग्रेस के साथ नहीं चाहते और विपक्षी इंडिया गठबंधन का मतलब भले अघोषित तौर पर ही हो, लेकिन इसका मतलब ये है कि कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा को चुनौती देने के लिए तैयार होने वाला गठबंधन।

भारी किंतु परंतु और ऊहापोह के बीच राजधानी दिल्ली में विपक्षी नेताओं की एकता बैठक तो हुई, लेकिन इस बैठक का नतीजा बैठक शुरू होने के पहले ही तय था। दरअसल भाजपा को हराने के लिए ये विपक्षी पार्टियां एक गठबंधन तो बनाना चाहती हैं, लेकिन ये चाहती हैं कि उन्हें इस गठबंधन के लिए खुद से कोई कुर्बानी न देनी पड़े, पर हां, दूसरे की कुर्बानी पर यह जरूर सत्ता सुख भोग सकें। इसलिए गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया। डीएमके ने साफ मना कर दिया कि




कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है। सीपीएम हालांकि बैठक में शामिल हुई, लेकिन साफ शब्दों में कह दिया कांग्रेस ने हाल में जिस तरह केरलम विधानसभा चुनाव में सीपीएम के साथ बर्ताव किया है, उस सबके बीच कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोई स्वाभाविक स्थितियां नहीं हैं। किसी ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने इस पर ये आरोप लगाये कि सीपीएम भाजपा के साथ मिली हुई है। यह आरोप हमारी समूची राजनीतिक प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान की तरह है। हालांकि हाल के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस भाजपा से बुरी तरह से हार गई है। लेकिन हारने के बावजूद टीएमसी का यही मानना है कि कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां पश्चिम बंगाल से दूर ही रहें तो ही विपक्षी एकता के लिए सही है।

### इंडिया गठबंधन

लब्बोलुआब यह कि विपक्षी पार्टियां भाजपा के विरूद्ध उसे हराने के लिए एकजुट तो होना चाहती हैं, लेकिन हर पार्टी यह मानकर चलती है कि इस एकता की कीमत उसे अपनी ताकत का बंटवारा करके न चुकानी पड़े। जो स्थानीय पार्टी जहां मजबूत है, वहां वह किसी तरह का गठबंधन नहीं चाहती। वह चाहती हैं कि विपक्षी पार्टियां उन्हें एकमुश्त और एकतरफा समर्थन दें और जहां वह पार्टी कतई ताकतवर नहीं है, वहां वह मिलकर चुनाव लड़ना चाहती हैं ताकि उसे दूसरे से फायदा मिल सके। भला इतनी चालाकी से निर्देशित कोई गठबंधन आकार कैसे ले सकता है? आम आदमी पार्टी कांग्रेस से दिल्ली और पंजाब में किसी भी किस्म का समझौता नहीं करना चाहती। क्योंकि उसे लगता है कि इन दोनों जगहों पर अकेले जीत सकती है। लेकिन वहीं आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांग्रेस से गठबंधन करने के लिए दबी जुबान तैयार है। हालांकि फिलहाल उसकी कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन पहले इस तरह की मंशाएं जाहिर हो चुकी हैं। इस तरह 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में विपक्षी पार्टियों का गठबंधन इंडिया एलायंस की बैठक तो हुई, लेकिन उस बैठक का साझे गठबंधन के रूप में कोई फैसला सामने नहीं आ सका। जिस तरह का बिखराव पिछले लोकसभा चुनाव और इसके बाद अलग-अलग सात विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है, वहीं स्थितियां अभी भी बनी हुई हैं। सिर्फ अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस को क्रमशः उत्तर प्रदेश और बिहार में गठबंधन करना चाहती है, लेकिन इस शर्त पर कि कांग्रेस सिर्फ इस प्रदेशों में नामभर की पार्टी रहे और उनके पीछे-पीछे चले यानी इन दोनो प्रदेशों में ये पार्टियां कांग्रेस के साथ के लिए खुद सत्ता में आना चाहती हैं। लेकिन यह नहीं चाहती कि कांग्रेस भी ठीकठाक स्थिति में समझौता करके प्रदेश में सत्ता के बंटवारे वाली हैसियत में रहें। इससे विपक्षी एकता की जो स्थिति 8 जून को बैठक के पहले थी, ठीक वही स्थिति बैठक के बाद भी रही। किसी तरह का जरा भी सकारात्मक इजाफा नहीं हुआ। क्योंकि क्षेत्रीय दल हर जगह कांग्रेस का वोट बैंक तो कब्जाना चाहते हैं, लेकिन कहीं पर भी अपने वोट बैंक के जरिये कांग्रेस को किसी तरीके से फायदा दिलवाने के पक्ष में नहीं है। दरअसल क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के बीच एक बुनियादी मतभेद है, जो कि यह दशकों से ज्यों का त्यों बना हुआ है। विपक्षी पार्टियां भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन तो करना चाहती है, लेकिन वह चाहती हैं कि गठबंधन के बावजूद कांग्रेस उनके इशारे पर चलने वाली दूसरे या तीसरे नंबर की पार्टी रहे, किसी तरह बराबरी या सत्ता में भागीदारी की मंशा न पाले। विपक्ष की सबसे बड़ी समस्या वास्तव में विचारधारा नहीं बल्कि अपने-अपने राजनीतिक भूगोल को अपने पास बनाये रखने का है। हर विपक्षी दल चाहता है कि उसके क्षेत्र में कोई साथी गठबंधन की पार्टी अपनी जमीन तलाशने की कोशिश न करें और यही विपक्षी एकता के लिए सबसे बड़ी बाधा है। क्योंकि हर विपक्षी पार्टी की अपनी एक टेरिटरी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, भले इस चुनाव में बुरी तरीके से भाजपा की आंच में जल गई हों, लेकिन अभी भी उनकी जली हुई रस्सी में इतना बल है कि वह किसी दूसरी विपक्षी पार्टी के लिए प्रदेश में किसी तरह का जेनुइन स्पेस नहीं देना चाहतीं।

उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव भी यही चाहते हैं। बिहार में तेजस्वी यादव की भी यही सोच है, तो फिर विपक्षी गठबंधन बनेगा कैसे? आखिर इस एकता के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग विपक्षी पार्टियों को एक दूसरे के साथ समझौता तो करना ही पड़ेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि हर विपक्षी पार्टी दूसरे विपक्षी दलों के साथ गठबंधन कर ले और इसका फायदा उठा सके, लेकिन अपनी जगह पर कोई अनुमानित फायदे या जीत का बंटवारा नहीं करना चाहता। एक तरह से कांग्रेस में भी इस एकता को लेकर शक है वरना डीएमके सही ही कह रही है। जब कांग्रेस ने उसके साथ चुनाव लड़ा था, तो फिर आखिर चुनाव के बाद विजय की टीवीके को समर्थन देने का फायदा क्या था? भाजपा का वास्तव में हाल के दशकों में इसीलिए तेजी से विस्तार हुआ है क्योंकि उसने अपने गठबंधन में अपने सहयोगियों को चाहे उनकी कितनी भी कम ताकत हो, बंटवारे का ठीक ठाक हिस्सा दिया है। तभी उसका गठबंधन एकजुट होकर उसके साथ खड़ा है। लेकिन विपक्षी खेमे में कोई भी पार्टी एकता के लिए अपनी राजनीति की कुर्बानी नहीं देना चाहता।

### सोशल मीडिया

चित्रकूट में पानी के लिए तरसते बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की दयनीय हालात देखकर भारतीय जनता पार्टी के विकास का दावा अंडरग्राउंड हो गया है। अलिश यादव.



पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में शासन की प्राथमिकता आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रही है बल्कि इस पर भी केंद्रित रही है कि विकास का लाभ वंचितों, गरीबों तक पहुंचे। राजनाथ सिंह.



12 वर्षों की गरीब विरोधी आर्थिक नीतियों और कंप्रोमाइज विदेश नीति ने देश को ऐसे हालात में ला खड़ा कर दिया जहां लाखों गरीबों को जहर वाले धुंए में धकेला जा रहा है। राहुल गांधी.



# मनुष्य पूर्ण नहीं होता

### अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# लट्ठन गुरु का जलवा

### व्यंग्यलोक

हमारे गांव-जवार में लठ्ठन गुरू का जलवा है। वह लम्बी कद काठी के गबरू उमरदार जवान हैं। हालांकि उमर उनकी साठा है लेकिन अपने को वह किसी गबरू से कम नहीं समझते। फीट भर की हासिएदार मुंछें और छह फिट की लाठी रखते हैं। सिर पर कलकत्तईया गमछा और पूरे वदन पर पाव भर कड़वा तेल की मालिश करते हैं। लठ्ठन गुरू को लोग छुट्टे सांड के उपनाम से भी बुलाते हैं। बेचारे जुबान से थोड़ा पातर हैं, लेकिन गलत कभी बर्दास्त नहीं करते। उनकी निगाह में अगर कहीं गलत दिख गया तो पूरे छुट्टे सांड बन जाते हैं। फिर निगाह में आने वाले की ऐसी-तैसी हो जाती है। इसलिए हमारे गांव-जवार में लोग लठ्ठन गुरू का बड़ा अदब करते हैं।



प्रभुनाथ शुक्ल

हमारी काशी तो सांडो की जन्म और कर्म स्थली है। काशी में जहाँ जाइएगा वहां सांड पाइएगा। बाबा दरबार से लेकर गंगा घाट तक। चौराहे से लेकर सब्जी मंडी और गली तक सांड ही सांड दिख जायेंगे। कभी-कभी तो जब अपने पर उतर आते हैं तो पूरी सड़क और गली में जाम लग जाता हैं। ठेंगे से जाम लगे अलमस्त पागुर करते और बीच सड़क पर उंघते दिख जाएंगे। आप हॉर्न बजाइए या घंटा कोई फर्क नहीं। काशी वालों को जीने का अंदाज ही कुछ अलग है। यहाँ की विंदास जिंदगी सांड की मस्ती से कम नहीं है। क्योंकि यहाँ बाबा की कृपा बरसती है। वैसे भी यहाँ के साहित्यकार भी अपने नाम के आगे सांड लगाना नहीं भूलते हैं। राजनीति में भी यहाँ से जो चुन कर जाता है वह सांड बन जाता है।

हमारे यहाँ वैसे भी सांडो का आतंक है। किसानों की फसल आराम से सांड चट कर जाते हैं। किसान विरोध करता है तो उसकी हड्डी-पसली तितर-वितर हो जाती है। हुंकाराते और अखड़ाते सांड उसे छोड़ते नहीं हैं। वैसे भी सांड हमारी राजनीति का अहम मुद्दा है। चुनावी मौसम में तो सियासी सांडों और असली सांडो से कई बार हेलीपैड और चुनावी सभाओं में मुकाबला हो चुका है। लेकिन अब सबसे बड़ी समस्या इंसानी सांडों से है। आजकल इंसानी सांड बेलगाम हो चले हैं। वह राह चलती बेटियों को निशाना बना रहें हैं। दुपट्टा खींच रहें हैं। निर्दोष बेटियों को कुचल रहें हैं। बेलगाम सोहदे एवं मनचले सांडों ने तांडव मचा रखा है। अब देखना है ! ऐसे सांडो पर बाबा का बुलडोजर वाला सांड कब हुंकार मारता है।

# वन्य जीवों के लिए उत्सव जैसी होती है पहली बारिश



वन्यजीवन

भीषण गर्मी, सुखते जल स्त्रोतों और भोजन की कमी से जूझने के बाद मानसून की पहली बारिश वन्य जीवों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होते। आसमान से गिरती पहली बूंदों के साथ ही जंगल का पूरा जीवन जैसे नये सिरे से जाग उठता है। सूखी धरती पर हरियाली लौटने लगती है, सूखे नाले और पोखर फिर से पानी से भर जाते हैं और भजन की तलाश में भटक रहे जीवों को राहत मिलती है। हिरण, सांभर और नील गाय जैसी शाकाहारी प्रजातियों के लिए ताजी घास का नया भंडार भरने लगता है, वहीं शिकारी जीवों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र संतुलित होने लगता है। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच मोर पंख फैलाकर नृत्य करने लगते हैं। पक्षियों के घोसले आबाद होने लगते हैं। मेढ़कों का सामूहिक स्वर जंगल में जीवन की वापसी का ऐलान करता है और कीट-पतंगे तथा तितलियां जो गर्मी में निष्क्रिय हो जाती हैं, फिर से सक्रिय हो उठती हैं। वास्तव में पहली बारिश केवल मौसम का परिवर्तनभर नहीं होता बल्कि जंगल के लिए पुनर्जन्म सरीखा होता है। यह वह समय है जब प्रकृति अपने करोड़ों जीवों को संदेश देती है कि संघर्ष का दौर बीत चुका है और अब जीवन प्रजनन, विकास और आशा का नया युग आरंभ हो रहा है।

वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक क्योंकि वर्षा के साथ वनस्पतियों की वृद्धि होती, भोजन की उपलब्धता बढ़ जाती है और अनेक जीवों का प्रजनन चक्र शुरू हो जाता है। इसलिए जून और जुलाई को भारत के वन्यजीव कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण महीनों में गिना जाता है। गर्मी में जानवरों को पानी और भोजन के लिए लंबी-लंबी दूरियां तय करनी पड़ती हैं। लेकिन पहली बारिश के साथ ही जंगलों में जीवनदायी ऊर्जा लौट आती है। नयी घास उगने लगती हैं, झाड़ियां हरी हो जाती है, जो कि शाकाहारी जीवों के लिए वरदान होती है। हिरण, चीतल, सांभर, नील गाय और जंगली खरगोश जैसे शाकाहारी जीव मानसून के दौरान भरपूर भोजन प्राप्त करते हैं, तो इनकी बेहतर सेहत का लाभ पूरी खाद्य श्रृंखला तंत्र को मिलता है। इस मौसम में बाघ, तेंदुआ और जंगली कुत्तों को पर्याप्त शिकार उपलब्ध होता है। मानसून का सबसे जीवंत प्रभाव तो पक्षियों पर दिखायी देता है। ज्यादातर पक्षी प्रजातियां मानसून में ही प्रजनन करती हैं। इसलिए मानसून के शुरू होते ही पेड़ों की शाखाओं पर घोसले दिखने लगते हैं और जंगल नये पक्षियों की आवाजों से गूंज उठता है। मेढ़को जैसे उभयचरों के लिए भी यह मौसम सबसे अच्छा होता है। वर्षा आने के साथ ही सूखी धरती पर उनकी सक्रियता बढ़ जाती है। शाम होते ही जंगलों और खेतों में मेढ़कों की सामूहिक टर-टर की सुनायी पड़ती आवाज, वास्तव में उनके प्रजनन व्यवहार का हिस्सा होती है। यही समय उनकी अगली पीढ़ी के जन्म का भी होता है। कीट-पतंगों की दुनिया भी मानूसन के साथ जीवंत हो उठती है। तितलियां, ड्रेगन फ्लाइ, बीटल और अनेक प्रकार के कीट, बड़ी संख्या में दिखाई देने लगते हैं। ये छोटे जीव केवल जैवविविधता का हिस्साभर नहीं होते बल्कि पक्षियों, कई तरह के सरीसृपों और अन्य जीवों के लिए भोजन का महत्वपूर्ण स्त्रोत होते हैं। इस प्रकार मानसून जंगल के खाद्य जाल को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। इन दिनों सरीसृपों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। सांप, छिपकली और अन्य जीव बारिश के दौरान अधिक दिखायी देते हैं। अकसर इन्हें खतरे के रूप में देखा जाता है। लेकिन वास्तविकता ये है कि बारिश के कारण इनके प्राकृतिक आवासों में पानी भर जाने का ये नतीजा होता है। ये सुरक्षित स्थानों की तलाश में अपने घरों से निकलते हैं और वन्यजीवों के प्रति जागरुक और संवेदन शील बनने का संदेश देते हैं।

मानसून जंगलों की वनस्पतियों के लिए जीवन लेकर आता है। पेड़-पौधों में तेजी से विकास होता है। बीजों का अंकुरण बढ़ता है, नये पौधों का जन्म होता है और जंगलों के प्राकृतिक पुनर्जीवन का चक्र मजबूत होता है। यदि पर्याप्त वर्षा हो जाए तो जंगल आने वाले पूरे वर्ष के लिए अपनी जैविक उत्पादकता बढ़ा देते हैं। हालांकि बदलती जलवायु ने इस प्राकृतिक चक्र के सामने नई तरह की चुनौतियां खड़ी कर दी है। कई क्षेत्रों में मानसून आज कल देर से पहुंच रहा है। जबकि देश के कई हिस्से अतिवृष्टि यानी ज्यादा बारिश का शिकार होते हैं। इसका प्रभाव वन्यजीवों के व्यवहार, भोजन की उपलब्धता और उनके प्रजनन चक्र पर पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में वन्यजीव संरक्षण की रणनीतियों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को विशेष रूप से शामिल करना होगा। क्योंकि मानसून हमें यह सिखाता है कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं होता बल्कि जीवंत और जटिल संसार है।

**के. पी. सिंह.**

## आपकी बात

### खाली पदों को भरे सरकार

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए। दरअसल सरकार को आउटसोर्सिंग भर्तियों के बजाय संविदा भर्तियां करनी चाहिए ताकि ठेकेदारों के शोषण से युवाओं को बचाया जा सके। दरअसल आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण कई तरीके से सेवा प्रदाता करते हैं। यहां तक कि उनके वेतन कई महीनों तक नहीं देते हैं और धन उगाही भी करते रहते हैं।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### नवाचार को प्रोत्साहन

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टॉर्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## अभियान के दौरान बरामद की गई अवैध शराब



ललितपुर। जिला अधिकारी के निर्देशन में मंगलवार को आबकारी टीम ललितपुर द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण के खिलाफ चल रहे अभियान के अंतर्गत शहर एवं आस-पास के विभिन्न स्थानों पर कबूतर जनजाति द्वारा बेचे जा रहे शराब के अड्डों पर एवं शहर में जीआरपी थाने के पीछे एवं स्टेशन के आस-पास के परचून, किराना की दुकानों आदि की चेकिंग की गई। इस सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए तथा 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं इम्पीरियल ब्लू ब्रैंड के 15 क्वार्टर तथा रसभरी ब्रैंड के 12 फ्रूटी बरामद करते हुए संबंधित के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## बड़े मंगल पर शहर भर में भंडारे व शरबत वितरण

फतेहपुर ज्येष्ठ माह के छठवें बड़े मंगल के अवसर पर शहर के विभिन्न चौराहों पर एवं मंदिरों में भंडारा एवं शर्बत वितरण का कार्य संपन्न हुआ बड़े मंगल के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने पटेल नगर चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में शरबत वितरण का कार्य किया उसके उपरांत बाबूलाल स्वीट हाउस द्वारा आइसक्रीम वितरण का कार्य संपन्न हुआ सर्वप्रथम हनुमान जी की प्रतिमा पर माला फूल अर्पित कर आरती संपन्न हुई उसके उपरांत आए हुए भक्तों को आइसक्रीम वितरित की गई इस मौके पर यश अग्रवाल साकेत मदनवाल राम जी श्रीवास्तव शैलेंद्र कुमार सत्यम साहू अर्पित श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं जीटी रोड बांके बिहारी मंदिर के समीप अहाना हॉस्पिटल द्वारा शरबत वितरण का कार्य किया गया सर्वप्रथम बजरंगबली की प्रतिमा पर माला फूल अर्पित किए गए उसके उपरांत आरती संपन्न हुई और फिर शरबत वितरण का कार्य शुरू हुआ दुर दराज से आए हुए परीक्षार्थियों ने सर्वाधिक शरबत वितरण का आनंद लिया। इस मौके पर कुणाल पटेल अंकेश लोधी बबलू राजपूत आदर्श उषा यादव रिचा सहित अन्य लोग मौजूद रहे इसी क्रम में बर्मा चौराहा पुराण शिव मंदिर व सांई मंदिर में लगातार पांचवें वर्ष भी बड़े मंगल के अवसर पर चना एवं शरबत वितरण का कार्य संपन्न कराया गया इस मौके पर विमल सिंह विपुल श्रीवास्तव अवधेश राजा राम जी प्रभात त्रिपाठी मणि आशुतोष श्रीवास्तव ऋतिक पुनीत गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में कोऑपरेटिव बैंक देवीगंज में हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए भक्तों को पूड़ी सब्जी एवं शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बैंक अध्यक्ष प्रभु दत्त दीक्षित एवं बैंक संचालक विनोद द्विवेदी बैंक सचिव विजय कुमार जितेंद्र सिंह सुशील सिंह रन्नो देवी सहित बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

## अभाविप के नगर अध्यक्ष नवीन व मंत्री रामेंद्र शर्मा को सौंपे गए दायित्व

बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की नगर इकाई का पुनर्गठन एवं नवीन दायित्वों की घोषणा समारोह हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुरेंद्र पाठक व मुख्य वक्ता पद्मश्री उमाशंकर पांडेय रहे। मुख्य अतिथि विज्ञा मिश्रा, विभाग प्रमुख उपस्थित रहीं। चुनाव अधिकारी पूनम श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जीआईसी ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करते हुए घोषणाएं की। कार्यक्रम में विभाग सह प्रमुख एवं विद्या मंदिर के प्रबंधक डॉ. अशोक सिंह परिहार, जिला प्रमुख डॉ शैलेश सिंह, विद्या मंदिर महोबा के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह, डॉ.कुंदन सिंह व विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत अभाविप नगर इकाई के लिए नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इसमें डॉ. नवीन पांडेय को नगर अध्यक्ष, रामेंद्र शर्मा को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। नगर उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. विक्रम बालाजी, डॉ. सहीदबली, डॉ. विपिन दीक्षित एवं डॉ. शरद नामदेव को दायित्व दिए गए। नगर सह मंत्री के रूप में प्रतिभा सोनी, युवराज सिंह, शैलेंद्र दीक्षित, अभय सोनी एवं सतेंद्र सिंह की घोषणा की गई। नगर संयोजक प्रवीण त्रिवेदी, सह संयोजक ओम सिंह बनाए गए।

# फायरमैन के सरकारी आवास में लाखों की चोरी

### डेढ़ लाख नकद समेत सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े

जिला संवाददाता

ललितपुर। शहर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवासों की सुरक्षा पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अज्ञात चोरों ने फायर सर्विस में तैनात एक फायरमैन के सूने सरकारी क्वार्टर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर खिड़की का शीशा और मच्छर जाली तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए तथा अलमारी में रखी डेढ़ लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। झांसी जनपद के ग्राम मुरारी निवासी कपिल कुमार वर्तमान में ललितपुर फायर सर्विस में फायरमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास संख्या-03 में रहते हैं। कपिल कुमार ने बताया कि 24 मई को विभागीय व्यवस्था के तहत उनकी ड्यूटी महरौनी थाना क्षेत्र में लगा दी गई थी। ड्यूटी के लिए रवाना होते समय उन्होंने अपने सरकारी आवास में ताला लगाकर घर बंद कर दिया था। करीब 12 दिन बाद 5 जून की सुबह जब कपिल कुमार ड्यूटी समाप्त कर अपने सरकारी आवास पहुंचे, तो घर की हालत देखकर दंग रह गए।

कमरे की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था और मच्छर जाली भी क्षतिग्रस्त थी। अंदर प्रवेश करने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला तथा अलमारी खुली हुई थी। पीड़ित के अनुसार, चोर अलमारी में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी अपने साथ ले गए। इसके अलावा चार सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक सोने का हार तथा चांदी की पायल, बिछिया और अन्य कीमती आभूषण भी चोरी हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। सरकारी आवास परिसर में हुई इस बड़ी चोरी की घटना से कर्मचारियों और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कपिल कुमार ने तत्काल अपने अधिकारियों को सूचना देने के साथ डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की लिखित शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर जल्द ही चोरों तक पहुंचा जा सकेगा। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है। शहर के सुरक्षित माने जाने वाले सिविल लाइंस क्षेत्र में सरकारी आवास को निशाना बनाए जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

## साइबर ठगों ने युवक के खाते से उड़ाये 55 हजार

**ललितपुर।** जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें एक अज्ञात साइबर अपराधी ने फोन कॉल के जरिए युवक को अपने जाल में फंसाकर उसके बैंक खाते से 55 हजार रुपये निकाल लिए। हालांकि पीड़ित की सतर्कता और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की त्वरित कार्रवाई से पूरी रकम समय रहते होल्ड करा दी गई। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपुरा निवासी जसमीत सिंह पुत्र गुरु चरण सिंह सलूजा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। बातचीत के दौरान साइबर ठग ने उन्हें झांसे में लेकर बैंकिंग संबंधी प्रक्रिया करवाई, जिसके कुछ ही समय बाद उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 55 हजार रुपये की राशि निकल गई। खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही जसमीत सिंह को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित लेन-देन को ट्रैक किया और रकम को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की। बताया गया है कि शिकायत संख्या 33104260082217 के आधार पर साइबर सेल ने समय रहते रकम को फ्रीज करवा दिया, जिससे धनराशि पूरी तरह साइबर ठग के कब्जे में नहीं पहुंच सकी। यह कार्रवाई पीड़ित के लिए बड़ी राहत साबित हुई। जसमीत सिंह का आरोप है कि साइबर सेल द्वारा रकम होल्ड किए जाने के बाद उन्होंने कोतवाली में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराने और होल्ड रकम को वापस दिलाने की मांग की थी। इसके बावजूद उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की, लेकिन वहां से भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। सीजेएम के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## अंधविश्वास बना हत्या की वजह, आरोपी गिरफ्तार



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना श्रीनगर क्षेत्र में मिले वृद्ध के शव के मामले का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। बता दें कि दिनांक 26 मई 2026 को थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत कस्बा श्रीनगर स्थित दुर्जन साहू के कुएं से रामप्रसाद पुत्र बगिया प्रजापति, उम्र लगभग 60 वर्ष का शव बरामद हुआ था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मृतक की पत्नी द्वारा दी गई तहरीर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर शव को साक्ष्य छिपाने की नीयत से कुएं में फेंके जाने की आशंका व्यक्त की गई थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना श्रीनगर में 103(1)/238 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी, सर्विलांस एवं थाना श्रीनगर पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण, तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं का संकलन तथा व्यापक जांच पड़ताल की गई। इसी क्रम में दिनांक 9 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त लखन साहू पुत्र राधाचरण, उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी भैरोगंज थाना श्रीनगर जनपद महोबा को बिलरही तिराहा कस्बा श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका भी थानाक्षेत्र अन्तर्गत दाऊपुरा तालाब से बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके भाई की मृत्यु लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हो गई थी। मृतक रामप्रसाद झाड़ फूंक का कार्य करता था, जिसके कारण अभियुक्त उसके भाई की मृत्यु सहित अपने जीवन की अन्य परेशानियों के लिए भी मृतक को जिम्मेदार मानता था। अंधविश्वास और भ्रम के वशीभूत होकर उसने यह विश्वास कर लिया था कि यदि वह रामप्रसाद की हत्या नहीं करेगा तो स्वयं उसकी मृत्यु हो जाएगी। इसी मानसिकता के चलते उसने बाजार से बांका खरीदकर रामप्रसाद की हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंक दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु सम्बन्धित पुलिस टीम को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है।

## दीपक के झांसी मंडल प्रभारी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश से पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक कुमार अहिरवार (टीकरा) को झांसी मंडल प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी संगठनात्मक जिम्मेदारी के तहत दीपक कुमार अहिरवार को झांसी मंडल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और लंबे समय से किए जा रहे कार्यों का सम्मान माना जा रहा है। इस अवसर पर बसपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने दीपक कुमार अहिरवार को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में झांसी मंडल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य गति पकड़ेगा। कार्यकताओं ने कहा कि दीपक कुमार अहिरवार ने पूर्व जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ अब पूरे झांसी मंडल को मिलेगा। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

## सीने पर तमंचा तानकर मांगी 50 हजार महीना रंगदारी

### छह माह पुराने काम के दो लाख रुपये मांगने गया था ठेकेदार

ललितपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक ठेकेदार के साथ मारपीट, धमकी और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि छह माह पहले किए गए निर्माण कार्य का बकाया भुगतान मांगने पर एक व्यक्ति ने ठेकेदार के साथ मारपीट की, उसे जान से मारने की धमकी दी और जिले में ठेकेदारी करने के लिए हर महीने 50 हजार रंगदारी देने की मांग की।

मामले में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला घुसयाना निवासी आमिर खान पुत्र रशीद खान ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। करीब छह माह पूर्व उन्होंने राजपूत कॉलोनी निवासी रामकुमार दुबे के यहां निर्माण कार्य कराया था। इस कार्य के एवज में लगभग दो लाख रुपये की धनराशि बकाया थी, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया था। पीड़ित के अनुसार, 16 मई 2026 की शाम करीब पांच बजे वह अपने बकाया रुपये मांगने के लिए रामकुमार दुबे के घर पहुंचे थे। रुपये मांगने पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा। आरोपी ने कथित रूप से कहा कि उसके बड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

जब ठेकेदार ने अपनी मेहनत की कमाई मांगने की बात कही, तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि उसे ललितपुर में ठेकेदारी का काम करना है तो हर महीने 50 हजार रुपये रंगदारी देनी होगी। अन्यथा उसे जिले में कोई काम नहीं करने दिया जाएगा। घटना के दौरान जब पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अपने घर के अंदर गया और हथियार लेकर वापस आया। उसने ठेकेदार के सीने पर हथियार तानते हुए जान से मारने की धमकी दी और दोबारा रुपये मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। पीड़ित किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। आमिर खान का कहना है कि घटना के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। अंततः न्याय पाने के लिए उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ललितपुर के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने 8 जून 2026 को आरोपी रामकुमार दुबे के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 115(2), 352, 351(3) और 308(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## पालिकाध्यक्ष ने किया हरे व नीले डस्टबिनों का वितरण




बांदा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार 12 जून तक जनपद में समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। शहर के गायत्री नगर चमरौडी चैराहा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गायत्री नगर मलिन बस्ती में घर-घर जाकर हरा एवं नीला डस्टबिन का वितरण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने किया। भा0ज0पा0 जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित गुप्ता बासू, भाजपा पदाधिकारी रामराज गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीचंद्र, सभासद चंदन ने पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। योगेंद्र कुमार योगी जी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार, अभिषेक खरे डी पी एम स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, प्रधान लिपिक केदारनाथ, जियोस्टैट धीरज सिंह, ब्रांड एम्बेसडर राहुल जैन आदि उपस्थित रहे।

## नकलविहीन सम्पन्न हुई पुलिस आरक्षी परीक्षा



ललितपुर। उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर भर्ती-2025 की 3 दिवसीय परीक्षा के आज दूसरे दिन मंगलवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने पुनः सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

आज परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2391 उपस्थित व 729 अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 3120 अभ्यर्थियों में से 2380 उपस्थित व 740 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहा और सघन तलाशी अभियान भी लगातार चलता रहा। इस दौरान किसी को भी मोबाइल व अन्य इलैक्ट्रॉनिक गैजेट अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अपनी टीम के साथ सभी परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर हरेक गतिविधि पर अपनी नजर बनाये रखी। उन्होंने सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निरंतर भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों पर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रखें। कोई भी परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिष करता है तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक व पुलिस व्यवस्था में लगे अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। बरियारपुर के थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि सोमवार को पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी रामसनेही ने दो जून को उनकी दिमागी रूप से कमजोर बेटी के साथ गलत काम किया। तहरीर के आधार पर थाना बरियारपुर में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार, नामजद आरोपी रामसनेही को मंगलवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष महेश सिंह व महासचिव संजय मिश्रा मनोनीत



बांदा। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता परिषद जनपद इकाई बांदा काशी प्रांत की बैठक हुई। बैठक में काशी प्रांत के महामंत्री नीरज सिंह सहित काशी प्रांत के संरक्षक सदस्य संतोष कुमार सिंह सीनियर एडवोकेट, उपाध्यक्ष उमाशंकर पटेल व जितेंद्र प्रसाद मिश्रा ने प्रतिभाग किया। बैठक में जनपद इकाई बांदा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष के रूप में महेश सिंह तोमर एडवोकेट व महासचिव के रूप में संजय कुमार मिश्रा एडवोकेट को एक बार पुनः जिले की जिम्मेदारी सौपी गई। कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष रजनीश मोहन श्रीवास्तव, श्याम सिंह, प्रियंगदा सिंह, मुकेश राजपूत को मनोनीत किया गया। न्याय केंद्र प्रभारी सत्यदेव त्रिपाठी, मंत्री के रूप में ज्ञानचंद सक्सेना, कामता प्रसाद निगम, नंदकिशोर अवस्थी, दीपक कुमार को दायित्व दिया गया। बैठक में चित्रकूटधाम कमिश्नरी के अतिधवक्ता, जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य विजय बहादुर सिंह परिहार, अशोक त्रिपाठी जीतू, उमाशंकर पाल, यज्ञस्वरूप गुप्ता, अमित कुशवाहा, राघवेंद्र सिंह, धनराज सिंह आदि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश सिंह एडवोकेट ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## मांसाहारी ढाबे पर तोड़फोड़, हिंदू रक्षा दल के 20 से अधिक कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज

मुजफ्फरनगर। जिले के छपार थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक मांसाहारी ढाबे में तोड़फोड़ करने के आरोप में हिंदू रक्षा दल की युवा शाखा के जिला अध्यक्ष हेमंत शर्मा सहित 20 से अधिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ढाबा मालिक आजाद की शिकायत पर कार्वाई करते हुए यह मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि सोमवार को दो दर्जन से अधिक लोग ढाबे में घुसे और वहां जमकर तोड़फोड़ की। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. रविशंकर ने बताया कि आरोपियों ने ढाबे का फ्लेक्स बोर्ड हटाकर उसे आग के हवाले कर दिया और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गयी। साथ ही ढाबा मालिक को भविष्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांसाहारी ढाबा न चलाने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कार्वाई की जा रही है।

## राजस्व को क्षति पहुंचाने सरकारी कार्य में बाधा करने वाले गिरफ्तार



बांदा। अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना मटौंध पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रवर्तन अधिकारियों खनिज, राजस्व, सेलटैक्स, पुलिस आदि की लोकेशन देकर ओवरलोड ट्रकों को कार्यवाही से बचाकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचा रहे थे। अवैध मोरम एवं गिट्टी से लदे वाहनों को पार कराने का दबाव बनाते हुए वाद-विवाद करने वाले दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिट्टी, बालू एवं मौरंग से लदे वाहनों का जनपद बांदा से होकर अन्य जनपदों एवं राज्यों में निरंतर आवागमन होता है। जिसमें ओवरलोड, अवैध, बिना प्रपत्रों के वाहनों को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों की सीमा से सुरक्षित रूप से पार कराने को थाना मटौंध क्षेत्र के ग्राम बसहरी के रहने वाले प्रेम नारायण व प्रमोद कुमार प्रवर्तन अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी प्राप्त कर ट्रक मालिकों, चालकों को उपलब्ध कराते थे। उन्हें सुरक्षित मार्ग बताकर ओवरलोड वाहनों को पास कराते रहे हैं। इससे शासन को भारी राजस्व की क्षति हो रही थी। अधिकारियों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा था। दोनों व्यक्तियों प्रेम नारायण व प्रमोद कुमार ने अधिकारियों से बसहरी तिराहे पर वाद विवाद किया था। इस पर थाना मटौंध पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हेड कांस्टेबल की करंट लगने से मौत

कौशांबी। जिले के सैनी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना थाने के आवासीय परिसर में हुई, जहां हेड कांस्टेबल निरंजन कुशवाह (40) रहते थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, बाथरूम के दरवाजे में करंट प्रवाहित होने के कारण यह हादसा हुआ। सुबह उनका शव बाथरूम के अंदर फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला, क्योंकि वह अंदर से बंद था। निरंजन कुशवाह 2011 बैच के सिपाही थे और मूल रूप से गाजीपुर जिले के निवासी थे। चार माह पहले उनका तबादला प्रतापगढ़ से कौशांबी किया गया था। परिजनों ने सुबह उन्हें फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सिराथू) सत्येन्द्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## बांदा में 27 इंस्पेक्टर और दारोगा बदले

बांदा। जिले में तैनात 27 पुलिस निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के स्थानांतरण विभिन्न थाना क्षेत्रों में किए गए हैं। मंगलवार को जारी पुलिस विज्ञप्ति के अनुसार मरका थाने के अतिरिक्त निरीक्षक, चिल्ला थानाध्यक्ष, कालिंजर थाना क्षेत्र के एक उपनिरीक्षक और कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में स्थित जौरही कस्बा प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया और साइबर क्राइम, पैलानी, नरैनी थानों में नए प्रभारी निरीक्षक के साथ ही मरका और चिल्ला थाने में नए थानाध्यक्ष तथा नरैनी थाना में एक अतिरिक्त निरीक्षक की नियुक्ति की गई है।

## तेंदुए के हमले में बालिका की मौत

बहराइच। जिले में कतर्नियाघाट वन क्षेत्र से सटे गांवों में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुजौली थाना क्षेत्र के टपरा बाजार गांव में सोमवार देर रात तेंदुए ने घर के बरामदे में सो रही नौ वर्षीय बालिका पर हमला कर उसे उठा ले गया। गंभीर रूप से घायल बालिका को परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

बांदा। पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र बने तिंदवारा इंटर कालेज और खानकाह इंटर कॉलेज का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा संचालन के केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए।

## डीएम ने की जल निगम कार्यों की समीक्षा बैठक

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जल निगम के नगरीय व ग्रामीण विभागों की संचालित व निमार्णाधीन योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम (नगरीय व ग्रामीण जिला समन्वयक तथा विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों से विभाग में स्वीकृत परियोजनाओं, वर्तमान में निमार्णाधीन तथा हाल ही में पूर्ण की गई परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति पर विस्तृतजानकारी ली। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं की समयसीमा का सख्ती से पालन आवश्यक है और गुणवत्तापूर्ण काम ही प्राथमिकता होगी। पाइप पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने विशेष रूप से जल जीवन मिशन के तहत चल रही ग्रामीण परियोजनाओं पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में पाइपलाइन बिछा दी गई है, उन मार्गों को हर हाल में मोटरेबल सड़क परिवहन के लिए उपयुक्त बनवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्थिति में जनता को पहुँच व सुरक्षा में समस्या न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मार्गों की उपेक्षा के कारण यदि कोई गंभीर दुर्घटना होती है तो संबंधित कार्यदाई संस्था जिम्मेदार होगी और उसके खिलाफनियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में केवल छोटे-मोटे शेष कार्य बचे हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराकर स्थानीय जनों को निर्बाध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए प्रत्येक माह कितनी योजनाएँ पूर्ण की जा सकती हैं, इसका लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य-आधारित कार्य कराया जाए तथा प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। वहां उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को भी कठोर निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं की प्रगति क्रिटिकल एएनसी स्तर पर धीमी है, उनके विरुद्ध नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही हाउसहोल्ड कनेक्शनों के निर्बाध वितरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गयेजिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण को नियमित समय-समय पर निर्माणस्थलों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

संक्षेप

## पीएम इंडिया ने दिया अवैध तम्बाकू व्यापार पर रोक के लिए सख्त प्रवर्तन और सहयोग की आवश्यकता पर जोर

नई दिल्ली। वर्ल्ड एंटी-काउंटरफिटिंग डे के अवसर पर, फिलिप मॉरिस इंडिया (पीएम इंडिया) ने अवैध तम्बाकू व्यापार के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए सख्त प्रवर्तन और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। टोबैको इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुताबिक घरेलू बाजार में गैरकानूनी सिगरेट का हिस्सा लगभग एक चौथाई के बराबर है, जिससे हर साल लगभग 23,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। तम्बाकू का गैरकानूनी व्यापार विश्व में एक बढ़ती हुई समस्या है। अवैध सिगरेट की क्रॉस-बॉर्डर स्मग्लिंग की वजह से सरकारों को राजस्व का भारी नुकसान होता है। यह समस्या अब केवल सिगरेट तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रतिबंधित एवं अनियमित ई-सिगरेट और वेप उत्पादों तक भी फैल चुकी है, जो अक्सर रैगुलेटरी जाँच से बच निकलते हैं।

## फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 2000 करोड़ का निवेश करेगा हेलियोन

नई दिल्ली। हेलियोन ने आज भारत में अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित करने की अपनी योजना के बारे में बताया। यह अत्याधुनिक फैक्ट्री पीथमपुर, मध्य प्रदेश में स्थापित किया जाएगी। स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली यह फैक्ट्री भारत के कंज्यूमर हैल्थ सेक्टर में एक अहम निवेश होगी, जिससे एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में भारत के प्रति हेलियोन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह निवेश भारत में हेलियोन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे सप्लाई चेन को और अधिक मजबूती मिलेगी, राष्ट्रीय आर्थिक मुल्यसंवर्धन बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निवेश भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के अनुरूप है। इससे अगले दशक में काफी अधिक आर्थिक मूल्य प्राप्त होगा।

## हिमालया बेबीकेयर का समर केयर कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालय बेबीकेयर, जिसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं, ने गर्मियों के मौसम के लिए विशेष रूप से तैयार शिशु देखभाल दिनचर्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपना नया समर कैंपेन शुरू किया है। यह कैंपेन ब्रांड के पहले गर्मियों के लिए विशेष रूप से तैयार शिशु देखभाल दिनचर्या को प्रस्तुत करता है। यह कैंपेन शिशुओं को एक जोरदार ₹ग्रीष्मकालीन विरोध प्रदर्शन₹ का नेतृत्व करते हुए दर्शाती है। "We Don't Want Rashes" ?? "Stop the Sweat जैसे संदेशों वाले छोटे-छोटे प्लेकार्ड्स से लेकर गर्मी से होने वाली परेशानियों के खिलाफ एक दृढ़ मार्च तक, यह एक आकर्षक लेकिन प्रासंगिक विद्रोह को जीवंत करती है।

## वायासैट ने लॉन्च किया स्पेस फॉर गुड चैलेंज 2026

नई दिल्ली। वायासैट इंक ने 2026 वायासैटः स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज लांच करने की आज घोषणा की। यह कंपनी की वैश्विक रळएट पहल है जिसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को पृथ्वी पर जीवन सुधारने वाले टिकाऊ अंतरिक्ष समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। वर्ष 2025 में भारत में मजबूत शुरूआत के बाद इस वर्ष का कार्यक्रम उसी गति को आगे बढ़ाते हुए मापने योग्य प्रभाव पैदा करता है जिसमें 93 प्रतिशत प्रतिभागियों ने अंतरिक्ष और दूरसंचार करियर के बारे में बढ़ी हुई जागरूकता, अंतरिक्ष संबंधी करियर में रुचि में 53.45 प्रतिशत वृद्धि और भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के बारे में आत्मविश्वास में 32.2 प्रतिशत की वृद्धि की जानकारी दी है।

## एसबीएम बैंक इंडिया ने जारी किया नया सेविंग्स अकाउंट ऑफर

मुंबई। एसबीएम बैंक (इंडिया) लिमिटेड भारत के तेजी से बढ़ते सम्पन्न वर्ग को बेहतर सेवाएं देने के लिए अपनी खुदरा बैंकिंग रणनीति को और बेहतर बना रहा है। बैंक ने इस बात को समझा है कि बचत के आकांक्षी लोग चाहते हैं कि उनका पैसा तरलता से समझौता किए बगैर ज्यादा मेहनत करे, इस जरूरत के मद्देनजर बैंक का ऑप्टिमाइज्ड सेविंग्स अकाउंट स्ट्रक्चर अधिक से अधिक सम्पत्ति निर्माण के लिए डिजाइन किया गया है। रुपये 5 लाख से रुपये 10 लाख तक के बचत खाता शेष पर 5.50 प्रतिशत सालाना रुपये 10 लाख से रुपये 50 लाख तक के बचत खाता शेष पर 6.00 प्रतिशत सालाना है। अमीर सैगमेंट में बहुत ज्यादा संभावनाएं देखते हैं।

# सेंसक्स में 394 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लाभ में रहे। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने और दुनिया के अन्य शेयर बाजारों में तेजी से सेंसक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक के लाभ में रहा। बैंक शेयरों में तेजी और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 394.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 73,918.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 511.15 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 119.10 अंक यानी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 23,242.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 156.4 अंक तक चढ़ गया था। रहीं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.66 प्रतिशत टूटकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और जोखिम वाली संपत्ति में सुधार हुआ, जिससे भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक बाजारों में भी तेजी रही। इसका कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम कम होना, तेल की कीमतों में नरमी और प्रौद्योगिकी तथा एआई क्षेत्र को लेकर नई उम्मीद है। वैश्विक बाजारों में भी तेजी रही। इसका कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम कम होना, तेल की कीमतों में नरमी और प्रौद्योगिकी तथा एआई क्षेत्र को लेकर नई उम्मीद है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.50 प्रतिशत उछल गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.33 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक में 83 प्रतिशत, बैंकिंग सूचकांक में 2.18 प्रतिशत, सेवा खंड में दो प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.76 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,782 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,423 शेयरों में गिरावट रही और 193 अन्य अपरिवर्तित रहे। घरेलू बाजार हाल में आई तेज गिरावट से उबरने की कोशिश कर रहा है। इसमें इजराइल-ईरान तनाव में कमी आने और कच्चे तेल में नरमी की अहम भूमिका रही। लेकिन विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने और उच्च बॉन्ड प्रतिफल से जुड़ी चिंताएं बरकरार हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 5,555.67 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.66 प्रतिशत गिरकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 5,555.67 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। सेंसेक्स सोमवार को 719.08 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 243.70 अंक की गिरावट आई थी।

# रुपया 25 पैसे की बढ़त के साथ 95.36 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिका-ईरान तनाव कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर सूचकांक में नरमी के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे मजबूत होकर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच तनाव में नरमी के संकेतों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संभावित हस्तक्षेप, सकारात्मक घरेलू बाजार और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में कमी ने रुपये का समर्थन किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.47 पर खुला। कारोबार के दौरान 95.23 के उच्चतम स्तर और 95.67 के न्यूनतम स्तर को छूते हुए अंत में यह 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 25 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 43 पैसे कमजोर होकर 95.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। पश्चिम एशिया में अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट की आशंका है और युद्ध में किसी भी नए तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में फिर से उछाल आ सकता है तथा रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, अगर तनाव कम होने का सिलसिला जारी रहता है तो रुपये में कुछ सुधार देखने को मिल सकता है। कारोबारियों की नजर एडीपी के साप्ताहिक रोजगार, व्यापार संतुलन और अमेरिका से जारी मौजूदा गृह बिक्री आंकड़ों पर रहेगी। डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर दर 95.10 से 95.80 के बीच रहने की संभावना है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.80 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.04 प्रतिशत गिरकर 92.33 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 394.50 अंक चढ़कर 73,918.76 अंक पर और निफ्टी 119.10 अंक बढ़कर 23,242.10 अंक पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 5,555.67 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## चालू वित्त वर्ष में कॉरपोरेट क्षेत्र में वेतन 8.6 से 10.2 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान

मुंबई। चालू वित्त वर्ष में कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुशल एवं बेहतर निष्पादन वाले कर्मचारियों की लगातार बढ़ती मांग के कारण यह वृद्धि देखने को मिल रही है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान औसत वेतन वृद्धि 8.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ईवी अवसंरचना, वित्तीय-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और औषधि जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों की प्रमुख भूमिका रहने वाली है। ईवी और उससे जुड़े क्षेत्र में 9.6 प्रतिशत से 10.2 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसमें इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक और साइट इंजीनियर जैसी भूमिकाओं में सबसे अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। भारत का वेतन ढांचा पहले की तुलना में अधिक विविध और प्रदर्शन-आधारित होता जा रहा है। अब वेतन बढ़ोतरी के रुझान अलग-अलग क्षेत्रों की वृद्धि और विशेष कौशल पर निर्भर कर रहे हैं। वेतन वृद्धि अब केवल बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं रह गई है। छोटे और उभरते शहर भी अपनी स्थिति को लगातार मजबूत कर रहे हैं।

# सोना 1500 रुपये मजबूत, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को कमजोर डॉलर और धारणा में सुधार के कारण सोने की कीमतों में 1,500 रुपये की मजबूती देखी गई और यह फिर से 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार पहुंच गया।

स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 1,500 रुपये बढ़कर 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। यह बढ़त तब हुई जब वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतें कम थीं। जानकारों का मानना है कि घरेलू कीमतों में यह उछाल कमजोर डॉलर और निवेशकों की नई दिलचस्पी के कारण आया है। मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिसे कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कमजोर डॉलर व बॉन्ड प्रतिफल में आई गिरावट से सहारा मिला। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। ईरान और इजराइल के एक-दूसरे पर हमले रोकने पर सहमत होने के बाद बाजार का मूड सुधरा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से औपचारिक युद्धविराम की दिशा में प्रगति के संकेत मिले, जिससे इस विवाद के कूटनीतिक समाधान की उम्मीदें बढ़ीं। भू-राजनीतिक तनाव कम होने से ऊर्जा की वजह से होने वाली महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुईं।

## टोयोटा टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम का शुभारंभ

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शारदा टोयोटा के साथ साझेदारी में सीएसएमएसएस कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक, छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र में टोयोटा टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (टी-टीईपी) का उद्घाटन किया।

यह पहल भारत की स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया दृष्टि को समर्थन देने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह केंद्र छात्रों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और वास्तविक उद्योग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए जो तकनीकी ट्रेड्स का अध्ययन कर रहे हैं और ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों से आते हैं। टी-टीईपी सुविधा केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं है—यह उन युवाओं के लिए लॉन्चपैड है जो ऑटोमोबाइल सेक्टर में करियर बनाने का सपना देखते हैं। वैश्विक शिक्षण साधनों को स्थानीय अवसरों के साथ जोड़कर हम छात्रों को सफलता के लिए आवश्यक क्षमताओं से लैस करना चाहते हैं। टी-टीईपी जैसी पहलों के माध्यम से हमारा उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली, व्यावहारिक ट्रेनिंग प्रदान करना है, जो छात्रों को आत्मविश्वास, कौशल और उद्देश्य के साथ सशक्त बनाए। साथ ही उन्हें भविष्य के लिए तैयार करे। छत्रपति संभाजीनगर स्थित सीएसएमएसएस कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक में यह नई सुविधा हमारे समावेशी विकास के दृष्टिकोण और भारत की स्किल इकोसिस्टम को जमीनी स्तर से मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत किया




नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका-ईरान संघर्ष और इससे जुड़े तेल संकट के प्रभावों की वजह से यह कटौती की गई है। रेटिंग एजेंसी फिच ने जून महीने की अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर धीमी रह सकती है लेकिन घरेलू मांग और निवेश से कुछ समर्थन मिलेगा।

फिच रेटिंग्स ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह जाएगी, जो मार्च के अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। घरेलू मांग वृद्धि का मुख्य आधार बनी रहेगी और वास्तविक संदर्भ में आयात कम होने से शुद्ध बाहरी मांग इस वृद्धि में सकारात्मक योगदान देगी। रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च मुद्रास्फीति और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से वास्तविक आय पर दबाव बढ़ेगा, जिससे उपभोक्ता खर्च प्रभावित होगा। यह प्रभाव विशेष रूप से वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी एवं तीसरी तिमाही में अधिक दिखाई देगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध की वजह से वैश्विक तेल कीमतों में तेजी आई है और इसका असर भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। फिच ने ब्रेंट क्रूड की औसत कीमत के अनुमान को बढ़ाकर 87 डॉलर प्रति बैरल कर दिया है, जो पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था। इसके साथ ही पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से 14 सप्ताह से बंद होर्मुज जलडमरूमध्य के जुलाई तक बंद रहने का ही अनुमान लगाया गया है। तेल की कीमतों में तेजी से वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ रहा है और जोखिम बढ़ रहे हैं। लेकिन दुनिया भर में आईटी पर खर्च तेजी से बढ़ रहा है, जो निकट अवधि में आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक असर को कुछ हद तक कम कर रहा है। हालांकि यह रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका असर 1970 के दशक जैसे गंभीर तेल संकट की तुलना में कम होगा, क्योंकि आज ऊर्जा की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी कम हो गई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस संकट के बावजूद भारत में मुद्रास्फीति अभी अधिक नहीं बढ़ी है, लेकिन इस पर दबाव बढ़ रहा है।

# कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत 101 रुपये की गिरावट के साथ 8,606 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 101 रुपये या 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,606 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,533 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने जमा सौदों की कटान करने से कच्चा तेल वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.79 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 1.30 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 93.02 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## यूपीईएस ने एआई-फर्स्ट शिक्षा और उद्योग अनुरूप शिक्षण मॉडल को किया प्रस्तुत

लखनऊ। यूपीईएस ने आज लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्वयं को एआई-फर्स्ट विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की अपनी पहल को विस्तार से प्रस्तुत किया और अपने विजन को साझा किया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण, गहन उद्योग सहयोग, शोध उत्कृष्टता और छात्रों की संपूर्ण शिक्षण यात्रा के दौरान बेहतर करियर परिणामों पर आधारित है। यूपीईएस के प्रो-वाइस चांसलर (स्टूडेंट सक्सेस) डॉ. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और डिजिटल परिवर्तन विभिन्न उद्योगों में आवश्यक कौशलों को तेजी से बदल रहे हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 के अनुसार, भारत की रोजगारयोग्यता दर बढ़कर 56.35प्रतिशत हो गई है और देश में 6 लाख से अधिक एआई पेशेवर कार्यरत हैं। वहीं, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, तकनीकी बदलाव जहाँ मौजूदा भूमिकाओं को प्रभावित करेगा, वहीं वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर 17 करोड़ नई नौकरियों का सृजन भी करेगा। इन परिवर्तनों को देखते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे छात्रों को विषयगत ज्ञान के साथ-साथ एआई दक्षता, अनुकूलनशीलता, विश्लेषणात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं से भी सुसज्जित करें। भविष्य की शिक्षा केवल पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने तक सीमित नहीं है, छात्र तकनीक, उद्योग और समस्या-समाधान के साथ किस प्रकार जुड़ते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रही है, इसमें छात्रों के निरंतर सीखने, आलोचनात्मक सोच विकसित करने और बदलावों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता विकसित करनी होगी।

पेज एक का शेष

### पुलिस भर्ती

पर संचालित टारगेट सेलेक्शन चैनल की ओर से भर्ती परीक्षा को लेकर भ्रामक एवं तथ्यहीन वीडियो प्रसारित किए जाने को गंभीरता से लिया है। इस मामले में लखनऊ कमिश्नरेट के हुसैनगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं, अलीगढ़ के रतनप्रेम डीएवी बालिका इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर एक अभ्यर्थी फर्जी आधार कार्ड के सहारे दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देता हुआ पकड़ा गया। जांच में पता चला कि विकास कुमार नामक युवक हरिओम कुमार के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। संदेह होने पर की गई जांच में मामला उजागर हुआ, जिसके बाद उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भर्ती बोर्ड की ओर से जारी व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9454457951 पर प्राप्त शिकायत के आधार पर फेसबुक पर उपनिरीक्षक सीधी भर्ती-2025 को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन वीडियो प्रसारित करने वाले यूजर तनिष्क चौधरी के खिलाफ भी हुसैनगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके अतिरिक्त इंस्टाग्राम आईडी से भर्ती परीक्षा के संबंध में भ्रामक वीडियो पोस्ट किए जाने का मामला भी सामने आया है। इस संबंध में आजमगढ़ के कोतवाली थाने में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इंस्टाग्राम आईडी से फर्जी वीडियो प्रसारित करने वाले अमरोहा निवासी इन्द्रजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। हरदोई के वेणी माधव विद्यापीठ इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी रोहित पथौरी को नकल के उद्देश्य से छिपाकर लाए गए मोबाइल फोन और पूर्व प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्रों के साथ पकड़ा गया।

### तीन तलाक

है। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग तीन तलाक एवं एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के साथ निराश्रित महिलाओं का विस्तृत डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा सके। शासन स्तर पर इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और शासनादेश (जीओ) तैयार करने की प्रक्रिया भी चल रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित महिलाओं का सत्यापित विवरण एकत्रित किया जा रहा है। इसके आधार पर लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी पात्र महिला को केवल जानकारी के अभाव या प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित न रहना पड़े। इसके लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि जिन महिलाओं को तीन तलाक या एसिड अटैक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है और जिनके पास स्थायी आवास नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही इन महिलाओं और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का भी लाभ दिया जाए। मालमू हो कि एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को लंबे समय तक इलाज, सर्जरी और पुनर्वास की आवश्यकता होती है। वहीं, तीन तलाक से प्रभावित कई महिलाएं आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना करती हैं। ऐसे में आवास और स्वास्थ्य सुरक्षा दोनों उपलब्ध कराकर योगी सरकार उनके जीवन को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

### भारत की

समाधान है। उन्होंने कहा, राजनीति व पूर्वाग्रह से ग्रसित कुछ चुनिंदा नामों को छोड़ दें तो हर भारतवासी, जिसके अंदर भारत का डीएनए है, उसने भगवान राम के आदर्शों को जीवन का हिस्सा बनाया है। मर्यादा पुरुषोत्तम का नाम उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक हर भारतीय को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 491 वर्ष तक श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन चला और 2019 में उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि जहां रामलला विराजमान हैं, वहीं रामजन्मभूमि है। आदित्यनाथ ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस उम्र में आराम कर सकते थे, लेकिन राष्ट्रमंगल की कामना के साथ प्रभु की कथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा रावण और उसके राक्षसों की आर्यव्रत में घुसपैठ थी। खर-दूषण के आतंक से दंडकारण्य त्रस्त था। ताड़का, मारीच व सुबाहु ने बस्तर के वनों, नगरों को उजाड़ दिया था। जब भी नकारात्मक ताकतें वर्चस्व में आएंगी तो तहस-नहस करेंगी। शिक्षण संस्थानों व शोध केंद्रों को वैसे ही बंजर करेंगी, जैसे खर-दूषण व ताड़का द्वारा किया जाता था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामायण में उल्लेखित राक्षस मारीच रिश्ते में रावण का मामा था। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि मामा व चाचा अनुचित व्यवस्था में पड़ते हैं तो कुसंग की तरफ ले जाते हैं, सन्मार्ग की तरफ नहीं। दुर्योधन के मामा शकुनि ने महाभारत करा दिया। उन्होंने कहा रावण ने मां जानकी का अपहरण किया। भगवान राम ने यत्न कर उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ा। नारी गरिमा की रक्षा लव जिहाद को रोकने के लिए आदर्श उदाहरण हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल उच्च न्यायालय ने 2009 व 2011 में धार्मिक जनसांख्यिकी में बदलाव की साजिश पर चिंता व्यक्त जताई थी, लेकिन उस समय भी ध्यान नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में हमने 2020 में सख्त कानून बताया, फिर भी इस पर व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें लैंड जिहाद से जुड़े लोगों से मुकाबले को भी तैयार रहना होगा। खाली जमीन पर तंबू गाड़ने की प्रथा बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा, शिव हों या राम, हम जिसे भी मानते हैं, उनके आदर्शों को जीवन का हिस्सा बनाएं। उनके अनुरूप जीवन जीने और बनने का प्रयास करें और परिवार के सदस्यों को उन आदर्शों से प्रेरणा लेने को प्रेरित करें। जिसने भी राम को जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ। जिसने राम का द्रोह किया, उसे धरती पर जगह नहीं मिली।

### यूपी का नया

रफ्तार भी उतनी ही तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगोत्री से गंगासागर तक मां गंगा का प्रवाह अपने मार्ग में आने वाले क्षेत्रों के विकास, समृद्धि और जीवन का आधार रहा है, उसी प्रकार प्रोजेक्ट गंगा भी उत्तर प्रदेश की डिजिटल समृद्धि का एक मजबूत आधार बनेगा। यह पहल गांवों तक डिजिटल अवसर पहुंचाकर सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई संभावनाएं सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ई-ऑफिस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), बीसी सखी, ग्राम सचिवालय सहित अनेक तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है। इन प्रयासों ने डिजिटल सशक्तिकरण को नई गति दी है और आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच को आसान बनाया है। प्रोजेक्ट गंगा इसी यात्रा का अगला महत्वपूर्ण चरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 21 जनपदों में प्रारंभ हो रही इस परियोजना को आगे चलकर प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और लगभग 8 हजार न्याय पंचायतों तक पहुंचाना होगा। इससे लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी की परिकल्पना साकार होगी और गांव स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 8 हजार डिजिटल उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। प्रोजेक्ट गंगा इस लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार का प्रयास केवल इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह परियोजना युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ते हुए स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने हिंदुजा समूह को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 'सीएम युवा' योजना के माध्यम से युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के अंतर्गत चयनित युवा भी इस सुविधा का लाभ उठाकर डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में अपना उद्यम स्थापित कर सकेंगे।

### इटावा में

पर दीवारें भी ढह गईं। कचहरी परिसर में एक अधिवक्ता के चैंबर पर पेड़ गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। कलक्ट्रेट परिसर में लगा टावर भी क्षतिग्रस्त हो गया। पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर का एक विशाल पेड़ बाउंड्री तोड़कर बाहर गिरा, जिससे एक कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। डायट सड़क और डीआईओएस कार्यालय जाने वाले मार्ग पर पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो गया। होमगंज में शीशम का पेड़ मुख्य सड़क पर गिरने से मार्ग बंद हो गया और एक बाइक क्षतिग्रस्त हुई। गुलाबबाड़ी में इमली का पेड़ गिरने से दो मोटरसाइकिलें दब गईं। आंधी से पहले बिजली आपूर्ति एहतियातन बंद कर दी गई थी। नारायणपुरवा गांव में बाड़े की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जसवंतनगर के भारद्वाजपुरा गांव में 12 वर्षीय योगेश कुमार पर बरगद का पेड़ गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में उसकी दो बकरियों की भी मौत हो गई। जगसौरा गांव में भागवत कथा के दौरान तेज हवा से टेंट पलट गया। इसकी चपेट में आकर 45 वर्षीय शिमला देवी घायल हो गईं और उनके सिर में चोट आई।

### धामी ने

है। नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी सेवा जनकल्याण का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करें तथा आमजन की समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था की प्रभावशीलता कर्मचारियों की कार्यशैली और जनता के प्रति उनके व्यवहार से तय होती है।

### सीतापुर

में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

### आम जनता

है बल्कि धर्म के प्रति आस्था और अधिक प्रगाढ़ होती है। इस पावन माह में लोगों को प्रसाद वितरण कर बहुत खुशी मिलती है। इस आयोजन से आत्मिक संतोष तो मिलता ही है, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस अवसर पर हनुमान जी से प्रार्थना की कि राजधानी लखनऊ, प्रदेश और देश के हर नागरिक के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार हो।




# भारत ए ने श्रीलंका 8 रन से हराया

## इंडिया-ए ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाये, वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 14 रन ही बना पाये

एजेंसी



**दाम्बुला।** भारत ए के लिये वनडे क्रिकेट में पदार्पण करते हुए वैभव सूर्यवंशी 14 रन ही बना सके लेकिन रूतुराज गायकवाड़ के शतक की मदद से भारतीय टीम ने मंगलवार को श्रीलंका ए को आठ रन से हराया। श्रीलंका ए जीत के लिये 278 रन के लक्ष्य की ओर बढती दिख रही थी और कप्तान साहान अराछिगे ने 72 गेंद में 74 रन बनाये लेकिन मेजबान टीम ने आखिरी चार विकेट दस गेंद के भीतर गंवा दिये जिससे भारत को यह करीबी जीत मिली। इनमें से तीन विकेट आखिरी ओवर में गिरे जिसमें तेज गेंदबाज अरशद खान ने दो विकेट लिये जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

इससे पहले गायकवाड़ ने 101 रन बनाकर भारत ए को छह विकेट पर 277 रन तक पहुंचाया। स्पिनर आयुष बडोनी और अनुकूल रॉय ने दो दो विकेट लिये। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके साहान टीम को जीत के करीब ले आये थे लेकिन अंशुल कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हो गए। पारी के आखिर में लगातार विकेट गंवाकर श्रीलंका ए ने तिलक वर्मा की कप्तानी वाली भारत ए टीम को जीत तोहफे में दे दी। भारत ए को अब 11 जून को अफगानिस्तान ए से खेलना है। यह मैच निरोशन डिकवेला (45 गेंद में 47 रन ) की वापसी का भी था जिन्होंने श्रीलंका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अविष्का फर्नांडो (59 गेंद में 45) के साथ पहले विकेट के लिये 93 रन जोड़े। दोनों बडोनी को स्लॉग स्वीप लगाने के चक्का में कैच देकर आउट हुए। इससे पहले भारत ए ने पांच ओवर में 16 रन पर दो विकेट गंवा दिये थे। सूर्यवंशी और प्रभसिमरन सिंह जल्दी आउट हो गए। उपकप्तान गायकवाड़ ने हालांकि 112 गेंद में अपना 21वां लिस्ट ए शतक पूरा किया। तिलक ने 97 गेंद में 60 रन बनाकर गायकवाड़ के साथ चौथे विकेट के लिये 150 रन जोड़े। बडोनी ने 18 गेंद में 24 और सूर्यांश शेडगे ने 14 गेंद में नाबाद 26 रन बनाये।

प्रियांश आर्य ने 32 गेंद में 32 रन की पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में धमाकेदार प्रदर्शन के बाद अपनी पहली पारी में सिर्फ 14 रन ही बना सके लेकिन अनुभवी रुतुराज गायकवाड़ (101) के शतक से भारत ए ने मंगलवार को यहां श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट पर 277 रन बनाए। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांचवें ओवर में 16 तक ही सूर्यवंशी और प्रभसिमरन सिंह (02) के विकेट गंवा दिए। उप कप्तान गायकवाड़ ने इसके बाद 114 गेंद में छह चौकों और तीन छक्कों से 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान तिलक वर्मा (60 रन, 97 गेंद, दो चौके, एक छक्का) के साथ चौथे विकेट के लिए 150 रन जोड़कर पारी को संभाला।मैदान पर तेज हवा चल रही थी और गेंदबाजों को भी पिच से मदद मिल रही थी जिससे बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। गायकवाड़ और तिलक ने हालांकि घरेलू क्रिकेट में अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए उस समय पारी को संभाला जब टीम 69 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। दोनों बल्लेबाजों ने धीमी शुरुआत के बाद कुछ आकर्षक शॉट खेले।

गायकवाड़ ने स्पिनर विजयकांत वियासकांत पर मिडविकेट पर छक्के के साथ 66 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अर्धशतक पूरा होने के बाद गायकवाड़ ने रन गति बढ़ाई। तिलक ने अपने साथी को स्ट्राइक देने को तरजीह दी। उन्होंने तेज गेंदबाज गौरुका संकेत पर मिड ऑफ पर छक्के के साथ 86 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। गायकवाड़ ने वानुज सहान पर एक रन के साथ अपना 21वां लिस्ट ए शतक जड़ा लेकिन इसके तुरंत बाद बाएं हाथ के इसी स्पिनर की गेंद पर डीप मिडविकेट बाउंड्री पर कैच दे बैठे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (67 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद तिलक को भी बोल्ड कर दिया। आयुष बडोनी (18 गेंद में 24 रन) और सूर्यांश शेडगे (14 गेंद में नाबाद 26) ने अंतिम ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 270 रन के पार पहुंचाया। इससे पहले सभी की नजरें सूर्यवंशी पर टिकी थी।

उन्होंने तीन चौकों के साथ अपने तेवर दिखाए लेकिन सिराज की गेंद पर मिड ऑफ के ऊपर से शॉट खेलने की कोशिश में सहान अराचचिगे को कैच दे बैठे। प्रियांश आर्य ने 32 गेंद में 32 रन बनाए लेकिन गायकवाड़ के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। वहीं दूसरी ओर भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का मानना है कि पिछले वर्ष महिला एकदिवसीय विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और इसी वजह से आगामी महिला टी20 विश्व कप में भारत खिताब जीतने का प्रबल दावेदार है। महिला टी20 विश्व कप 12 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रहा है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत रविवार को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। पिछली बार 2024 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड चैंपियन बना था। भारत को ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स के साथ रखा गया है। इस ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

# पंड्या और रोहित को एकदिवसीय क्रिकेट में वापसी के लिए सीओई की स्वीकृति मिली



मुल्लांपुर। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, दो जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।

सूत्र ने कहा, उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है। पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि पंड्या ट्रेनिंग सत्र में 10 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं जिसका मतलब है कि वह 50 ओवर के क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि पंड्या चंडीगढ़ में दूधिया रोशनी में होने वाले ट्रेनिंग सत्र के लिए टीम से जुड़ेंगे या सीधे धर्मशाला पहुंचेंगे जैसा कि पहले तय किया गया था। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहले ही श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। धर्मशाला के अलावा इस श्रृंखला के अन्य मैच लखनऊऔर चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को होंगे। वहीं दूसरी ओर मानव सुथार के लिए टेस्ट प्रारूप क्रिकेट का सर्वोच्च शिखर है और भारत के इस बाएं हाथ के स्पिनर ने बताया कि अपने खेल को बेहतर बनाए रखने के लिए वह आईपीएल 2026 के दौरान भी लाल गेंद से अभ्यास कर रहे थे। तेइस साल के सुथार ने अपने पहले ही टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात विकेट चटकाए जिसमें पहली पारी में 33 रन देकर छह विकेट भी शामिल हैं। उनकी शानदार गेंदबाजी से भारत ने एकमात्र टेस्ट में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सुथार ने जियो हॉटस्टार से कहा, जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया और जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ा, लाल गेंद का क्रिकेट ही मेरे लिए सब कुछ रहा है।

उन्होंने कहा, यह खेल का सर्वोच्च शिखर है इसलिए चाहे मैं अंडर-19 क्रिकेट खेल रहा था या रणजी ट्रॉफी, मेरा लक्ष्य हमेशा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना ही रहा। (पदार्पण के दौरान मिलने वाली) कैप देते समय कुलदीप (यादव) भाई के शब्द बहुत प्रेरणादायक थे। सभी ने मेरा बहुत हौसला बढ़ाया और प्रेरित किया इसलिए यह वाकई बहुत खास लगा। सुथार ने कहा, (मुख्य कोच) गौतम (गंभीर) सर और कप्तान (शुभमन गिल) ने मुझे बताया कि मैं पदार्पण करने जा रहा हूं। यह बेहद गर्व का पल था क्योंकि जब से मैंने खेलना शुरू किया था तब से यह मेरा सपना था, मेरे पिता का सपना था और हर किसी का सपना था कि मैं भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलूं। इस साल आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने वाले सुथार ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के मौके के लिए तैयार रहना चाहते थे और लीग के दौरान लाल गेंद से अभ्यास करते रहे। उन्होंने कहा, जब टीम में मेरा नाम आया तो मैं आईपीएल के दौरान भी लाल गेंद से अभ्यास कर रहा था और सोच रहा था कि अगर मौका मिला तो मैं कैसे खेलूंगा। सुथार ने कहा, यहां (मुल्लांपुर) आने के बाद मैंने तीन या चार लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। गेंदबाजी में असली चीज यह नहीं है कि आप कितने घंटे अभ्यास करते हैं। अगर आपको गेंदबाजी में मजा आता है तो आप बिना महसूस किए 20-25 ओवर फेंक सकते हैं इसलिए जरूरी यह है।

## आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए कृष्णा टीम में शामिल



मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने इस कदम को एहतियाती उपाय बताया है जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः दो और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने बयान में कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।

## संक्षेप

### निशानेबाजी : सरबजोत, लक्षिता, अखिल व साक्षी जीते

देहरादून। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, सेना की निशानेबाज लक्षिता, विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व पदक विजेता अखिल श्योराण और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पेडेकर ने राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिये राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी4 में अपने अपने वर्ग में जीत दर्ज की। पुरूषों के दस मीटर एयर पिस्टल फाइनल में सरबजोत ने 245 .9 अंक लेकर बाजी मारी। सेना के अजेंद्र सिंह चौहान 245 .। अंक के साथ दूसरे और विश्व चैम्पियन सम्राट राणा 221 .5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के कमलजीत चौधरी चौथे, सौरभ चौधरी पांचवें ,पंजाब के उदयवीर सिद्धू छठे, राजस्थान के ओमप्रकाश मिठरवाल सातवें और सेना के प्रमोद आठवें स्थान पर रहे। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सेना की लक्षिता ने हरियाणा की सुरभि राव को 0 . 2 अंक से पछाड़ा। उत्तर प्रदेश की मानसी आनंद तीसरे स्थान पर रही।

### ईटीपीएल में ग्लास्गो टीम के सह मालिक और कोच बने हेडन

ग्लास्गो। आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंगलवार को यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) की ग्लास्गो कॉस्मिक टीम के सह मालिक और कोच बन गए। हेडन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच थे। हेडन ने एक बयान में कहा , क्रिकेट ने एक खिलाड़ी, मेंटोर, प्रसारक और कोच के तौर पर मुझे कई मौके दिये हैं। अब शुरूआत से एक नयी टीम तैयार करने का मौका मिलने से मैं काफी रोमांचित हूं।

### सृष्टि किरण टेनिस में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली खिलाड़ी बनीं

बेंगलुरु। भारत की प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अंडर-13 आयु वर्ग में सर्वोच्च रैंकिंग प्राप्त कर ली है। अपनी अंतरराष्ट्रीय जूनियर टेनिस यात्रा में तेजी से आगे बढ़ते हुए बेंगलुरु की 13 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार पांच आईटीएफ जूनियर खिताब जीते और पिछले सप्ताह आईटीएफ विश्व टेनिस टूर जूनियर जे100 ग्वाटेमाला में उपविजेता रहीं। सृष्टि ने अपनी शानदार खेल क्षमता और निरंतर सफलता के बल पर करियर की सर्वश्रेष्ठ आईटीएफ जूनियर रैंकिंग (नंबर 357) हासिल की। वह इससे अंडर-13 श्रेणी में विश्व की सर्वोच्च रैंकिंग वाली खिलाड़ी बन गईं।

# सनीथ दयानंद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में

एजेंसी

सिडनी। भारत के सनीथ दयानंद ने मंगलवार को यहां अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालीफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा। महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा। महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी।

# अमेरिका में होने वाले मुकाबलों के लिए प्रशंसकों के टिकट रद्द

एजेंसी

तिजुआना (मैक्सिको)। ईरान के फुटबॉल महासंघ ने मंगलवार को दावा किया कि फीफा ने अमेरिका में होने वाले देश के तीन विश्व कप मुकाबलों के लिए ईरानी प्रशंसकों को मिलने वाले टिकट रद्द कर दिए हैं।

विश्व कप में हिस्सा लेने वाली 48 टीम में से हर महासंघ को स्टेडियम की क्षमता के आठ प्रतिशत टिकट मिलते हैं और उसके पास उन्हें बांटने का अधिकार होता है, यानी हर मैच के लिए कई हजार टिकट। ईरान को विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 15 जून को लॉस एंजिलिस रैम्स के स्टेडियम इंगलवुड में न्यूजीलैंड के खिलाफ करनी है और इससे कुछ दिन पहले महासंघ ने एक बयान में कहा कि वह अपने समर्थकों को कोई भी टिकट नहीं दे पाएगा। इस मामले में प्रतिक्रिया के लिए फीफा से संपर्क किया गया था। इस दावे से ईरानी फुटबॉल, फीफा और टूर्नामेंट के सह मेजबान अमेरिका के बीच चल रही उथल-पुथल और बढ़ गई है। अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू किए थे। ईरान की टीम युद्ध पूर्व के



कार्यक्रम के तहत एरिजोना के टक्सन की जगह मैक्सिको की सीमा पर बसे शहर तिजुआना में ट्रेनिंग कर रही है।

महासंघ के कुछ अधिकारियों को भी अमेरिका में प्रवेश के लिए वीजा नहीं मिला है जहां ईरान 21 जून को इंगलवुड में बेल्जियम और फिर 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ भी खेलेगा।

❍ ईरान के फुटबॉल महासंघ का दावा

पिछले साल से ही अमेरिकी सरकार ने ईरान के निवासियों पर यात्रा प्रतिबंध लगा रखा था और उन्हें विश्व कप के लिए प्रवेश वीजा मिलने की संभावना कम थी। वहीं दूसरी ओर अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

## कोहली से प्रेरित अर्जेंटीना की योगासन स्टार नाबिला स्वदेश में इस खेल के चमकने की उम्मीद कर रही

अहमदाबाद। लियोनेल मेस्सी के फुटबॉल के दीवाने देश से हजारों किलोमीटर दूर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में अर्जेंटीना की एकमात्र खिलाड़ी नाबिला ने एक दिग्गज भारतीय खिलाड़ी से प्रेरणा ली और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। अहमदाबाद में हुई चैंपियनशिप में पांच पदक जीतने वाली नाबिला ने कहा कि भारत के क्रिकेट सुपरस्टार विराट कोहली उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। नाबिला ने पीटीआई वीडियो से कहा, वह (कोहली) यहां भारत में एक स्टार हैं और उन्होंने दुनिया भर में हर जगह देश का नाम सुर्खियों में ला दिया है। मैं उनके करियर के बारे में सोचती हूं क्योंकि वह सच में बहुत मेहनती हैं और उन्होंने आपके देश को इस मुकाम पर पहुंचाया है। यह बहुत मायने रखता है इसलिए मैं उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश करती हूं। जिस देश में योगासन का जन्म हुआ वहां मुकाबला करते हुए नाबिला ने माना कि वह बिना किसी बड़ी उम्मीद के आई थीं जिससे उनका पांच पदक जीतना और भी खास हो गया। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह सच में हैरानी की बात थी।

# लॉडर्स व गद्दाफी स्टेडियम की पिचें असंतोषजनक करार

एजेंसी

दुबई। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच लंदन में लॉडर्स पर खेले गए पहले टेस्ट की पिच और पाकिस्तान तथा आस्ट्रेलिया के बीच लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम पर खेले गए तीसरे वनडे की पिच को आईसीसी की पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया में असंतोषजनक करार दिया गया है।

दोनों मैदानों को एक एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया है। मैच अधिकारियों और कप्तानों द्वारा शिकायत दर्ज किये जाने के बाद लॉडर्स के मैच रैफरी एंडी पायक्राफ्ट और गद्दाफी स्टेडियम के ग्रीम ला ब्रॉय ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया।

पायक्रॉफ्ट ने कहा कि लॉडर्स की पिच पर पूरे टेस्ट के दौरान अत्यधिक सीम मिल रही थी और कई बार गेंद भी बहुत नीची आ रही थी जिससे उछाल असमान था।

इंग्लैंड ने पहले टेस्ट के चौथे दिन न्यूजीलैंड को 115 रन से हरा दिया था। जीत के लिये 254 रन के लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड टीम 138 रन पर आउट कर दिया था। रिपोर्ट इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दे दी गई है जिनके पास अपील करने के लिये 14 दिन का समय है।

आईसीसी के नियमों के तहत पिच असंतोषजनक करार दिये जाने पर स्टेडियम पर एक डिमेरिट अंक लगाया जाता है और पिच अनफिट होने पर तीन डिमेरिट अंक लगाये जाते हैं। छह डिमेरिट अंक होने पर उस मैदान में 12 महीने तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला जायेगा।

## एआईएफएफ ने आईएसएल के क्लब नेतृत्व मॉडल पर सैद्धांतिक सहमति दी

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को दो वर्षों तक क्लब-नेतृत्व मॉडल (व्यावसायिक मामलों का अधिकार क्लबों के पास रहेगा) के तहत संचालित करने पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है और इस बारे में खेल मंत्री को भी सूचित कर दिया है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस फैसले से आईएसएल के 2026-27 सत्र की शुरुआत सितंबर में तय कार्यक्रम के अनुसार होने का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है।

# महिला टी-20 कप : किसका दावा कितना मजबूत

एजेंसी



बेंगलुरु। क्या भारत ऐतिहासिक डबल (दो बड़े खिताब एक साथ जीतना) पूरा कर पाएगा? क्या ऑस्ट्रेलिया अपनी खोई हुई जगह वापस पा सकेगा? क्या हमेशा अंतिम पड़ाव पर चूकने वाला दक्षिण अफ्रीका इस बार सुर्खियां बटोरेगा? या कोई कमजोर मानी जाने वाली टीम रोमांचक जीत हासिल करेगी? इंग्लैंड में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के 10वें सत्र में कई रोमांचक संभावनाएं हैं और पीटीआई दावेदारों और उनकी चुनौतियों पर नजर डाल रहा है।

भारत : पिछले साल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने के बाद भारत टी20 प्रारूप में जीत दर्ज करके शानदार डबल पूरा करने के लिए उत्सुक होगा। ऐसा कारनामा सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही कर पाया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम में ऐसा करने की क्षमता है जैसा कि पिछले छह महीने में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उनकी जीत से साबित हुआ है। लेकिन दक्षिण अफ्रीका (4-1) और इंग्लैंड (2-1) के खिलाफ उनकी सरजमीं पर भारत को हार झेलनी पड़ी। टीम को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की कमी भी खलेगी जो इंग्लैंड की परिस्थितियों में अहम भूमिका निभा सकती थीं। भारतीय टीम को उम्मीद होगी कि बल्लेबाज शुरू से ही लय पकड़ लेंगी और रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शानदार स्पेल डाल पाएंगी। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, हरमनप्रीत, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी कुछ प्रमुख खिलाड़ियों ने द हंड्रेड और किया सुपर लीग में खेला है और वह अनुभव काम आएगा।

ऑस्ट्रेलिया : छह बार की चैंपियन टीम को एलिसा हीली के संन्यास के बाद सोफी मोलिन्यु के रूप में नई कप्तान मिली है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया की असली ताकत उनकी जानी-पहचानी और भरोसेमंद कोर टीम है जिसमें एलिस पेरी, ताहलिया मैकग्रा, एशले गार्डनर, मेगन शूट, एलेना किंग और बेथ मूनी शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन के आने से टीम और मजबूत हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2017 के बाद पहली बार बिना किसी ट्रॉफी के आईसीसी प्रतियोगिता में उतर रही है और वे निश्चित रूप से इस स्थिति को बदलना चाहेंगे।

न्यूजीलैंड : मौजूदा चैंपियन ऐसी टीम के साथ आ रहे हैं जिसमें अनुभव और युवा जोश का सही मिश्रण है और उन्हें हराना आसान नहीं होगा। न्यूजीलैंड की उम्मीदें मुख्य रूप से सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और लिया ताहुहू पर टिकी होंगी।

टीम इस तिकड़ी के लिए खिताब जीतना चाहती है क्योंकि वे इस टूर्नामेंट के बाद इस प्रारूप से अलग हो जाएंगी। टीम को ऑलराउंडर अमेलिया केर से काफी उम्मीदें हैं क्योंकि हाल ही में बल्ले से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। वह 2024 में फाइनल और टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही थीं।

# मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर चिंता जतायी

## प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर से फोन पर बातचीत की



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में शीघ्र शांति बहाली के लिए तनाव घटाने और कूटनीति पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों को लेकर भारत की कड़ी निंदा को दोहराया। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए तनाव घटाने तथा संवाद और कूटनीति का उपयोग करने की अपील को दोहराया। मोदी ने कुवैत में बड़ी संख्या में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा के लिए अमीर द्वारा व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं की यह बातचीत, 3 जून को कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत होने के कुछ दिनों बाद हुई है। यह हमला इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ था। इससे पहले, 30 मार्च को कुवैत में एक विद्युत और जल विलवणीकरण संयंत्र पर ईरानी हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी।

## तृणमूल नेताओं ने बागी सांसदों पर राजनीतिक नैतिकता की कमी और भाजपा से संबंध होने का लगाया आरोप

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने मंगलवार को पार्टी के बागी सांसदों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक नैतिकता की कमी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से संबंध रखने और संकट के समय पार्टी कार्यकर्ताओं को छोड़ने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह सवाल भी उठाया कि बागी सांसदों के पास अगर उतना समर्थन था जितना वो दावा कर रहे थे, तो वे औपचारिक रूप से भाजपा में क्यों शामिल नहीं हो रहे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा उन्हें नहीं लेगी। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह प्रेस वार्ता उन दावों के जवाब में बुलाई गई है, जिनमें बागी सांसदों ने कहा था कि लोकसभा में पार्टी के अधिकतर सांसद उनके समर्थन में हैं और वे एक अलग गुट के रूप में मान्यता लेने की तैयारी कर रहे हैं।

## पीओके में हुई जानलेवा हिंसा पर पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराये वैश्विक समुदाय : भारत



नयी दिल्ली। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लोगों के साथ की गई बर्बरता के लिए भारत ने मंगलवार को इस्लामाबाद की कड़ी आलोचना की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा कि वह उस देश को उसके अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराए।

पीओके के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में कथित तौर पर 20 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद भारत की प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें की हैं। इस संदर्भ में, हम पाकिस्तान से आने वाली फेक न्यूज और वीडियो का एक चलन लगातार देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की एक हताशा भरी कोशिश है। जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस की भारी बर्बरता की खबरें हैं, जिसमें कई प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। वह प्रेस वार्ता में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

**संक्षेप**

### यौन दुराचार के आरोपों पर निर्णय होने तक आईसीसी के मुख्य अभियोजक निलंबित

नीदरलैंड। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान को यौन दुराचार के आरोपों के चलते सोमवार देर रात उनके दायित्वों से निलंबित कर दिया गया। यह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के इतिहास में अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है। यह कदम अदालत के एक जांच निकाय द्वारा खान के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के बाद उठाया गया। 56 वर्षीय ब्रिटिश बैरिस्टर करीम खान पर उनकी एक महिला सहयोगी के साथ कथित यौन दुराचार करने के आरोप हैं। यह मामला पिछले दो वर्षों से अधिक समय से विवाद का विषय बना हुआ है। खान ने लगातार सभी आरोपों से इनकार किया है। खान के भविष्य पर अंतिम निर्णय अब आईसीसी की निगरानी संस्था असेंबली ऑफ स्टेट्स पार्टीज को लेना है। यह संस्था विशेष बैठक बुलाकर तय करेगी कि खान वैश्विक न्यायालय में अपने पद पर बने रह सकते हैं या नहीं। असेंबली ऑफ स्टेट्स पार्टीज के ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि उसका निर्णय यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑफ इंटरनल ओवरसाइट सर्विसेज द्वारा की गई जांच रिपोर्ट, उससे संबंधित साक्ष्यों, न्यायिक विशेषज्ञों के एक तदर्थ पैनल की सलाह और लिखित प्रस्तुतियों पर आधारित है।

## विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र दुर्घटना: मृतकों के परिजनों को दिया जायेगा 1.72 करोड़ का मुआवजा

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक नियमित कर्मचारी के परिवार को 1.72 करोड़ रुपये और प्रत्येक संविदा कर्मचारी के परिवार को 45.75 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। सोमवार शाम को संयंत्र के स्टील मेल्ट शॉप-। में पिघले हुए इस्पात की ढलाई के दौरान भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य मजदूर घायल हो गए। विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुआवजा राशि में मृतक कर्मचारियों के सभी वैधानिक और अंतिम लाभ शामिल होंगे। कल्याण ने पत्रकारों को बताया, सरकार की ओर से, हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक नियमित कर्मचारी के परिवार को 1.72 करोड़ रुपये जबकि प्रत्येक संविदा कर्मचारी के परिवार को 45.75 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। अंतिम लाभ के अलावा, मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी दी जाएगी।

## अमेरिका ने भारतीय प्रवासी समेत 17 लोगों की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की

वाशिंगटन। अमेरिका ने सोमवार को कहा कि उसने गंभीर अपराधों के आरोपी एक भारतीय प्रवासी सहित 17 लोगों की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

न्याय विभाग ने बताया कि न्यूजर्सी स्थित प्लेसमेंट फर्म मैग्नाविजन एलएलसी के मालिक नीरज शर्मा (50) पर आरोप है कि उन्होंने 11 फर्जी एच- ।बी वीजा आवेदन पर हस्ताक्षर करते हुए दावा किया कि संबंधित व्यक्ति एक वैश्विक वित्तीय संस्थान में काम करेंगे। विभाग के मुताबिक, शर्मा की ओर से एच ।बी वीजा आवेदनों के लिए सहायक दस्तावेज के तौर पर जमा किए गए पत्रों में कथित तौर पर वैश्विक वित्तीय संस्थान के अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर थे। विभाग ने बताया कि शर्मा ने 2017 में नागरिकता के लिए आवेदन किया था। उसने आरोप लगाया कि शर्मा ने नागरिकता के लिए हुए साक्षात्कार के दौरान अपने पिछले आपराधिक आचरण के बारे में झूठ बोला था। विभाग के अनुसार, शर्मा को दिसंबर 2017 में अमेरिकी नागरिकता मिल गई। बाद में उसे अप्रैल 2015 से अप्रैल 2017 के बीच धोखाधड़ी और वीजा के दुरुपयोग का दोषी ठहराया गया। अमेरिकी नागरिकता एक विशेषाधिकार है और इसे ईमानदारी से हासिल किया जाना चाहिए। अगर आप यहां आते हैं, हमारे कानूनों को तोड़ते हैं और आव्रजन संबंधी कार्यवाही के दौरान झूठ बोलते हैं, तो आप यह विशेषाधिकार खो देते हैं। अमेरिका में आव्रजन और नागरिकता अधिनियम के तहत, अगर किसी व्यक्ति ने गैर-कानूनी तरीके से, जानबूझकर गलत जानकारी देकर अमेरिकी नागरिकता हासिल की है।

## एच-1 बी वीजा पर एक लाख डॉलर का शुल्क रद्द करने संबंधी अदालत के फैसले का स्वागत




वाशिंगटन। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा एच-1 बी वीजा पर लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को रद्द करने के मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत के फैसले का अमेरिका में भारतीय प्रवासी हितों की पैरवी करने वाले संगठनों ने स्वागत किया है और इसे रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली के लिए एक न्यायसंगत कदम बताया है।

सोमवार को एक संघीय न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि एच-1 बी आवेदनों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाया गया 100,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क अवैध है, क्योंकि इसे कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त नहीं थी। एच- ।बी वीजा एक अस्थायी प्रवास वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को उन विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रत्येक वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की भर्ती के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) में नीति एवं रणनीति प्रमुख खंडेराव कंड ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत के उस निर्णय का स्वागत करते हैं, जिसने एच-1बी वीजा शुल्क के रूप में लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को निरस्त कर दिया है। इससे रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली में निश्चितता और निष्पक्षता बहाल होगी। अदालत के आदेश के बाद एच- ।बी वीजा से जुड़े सभी हितधारकों को राहत मिलेगी, लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह वास्तव में इस मुद्दे का अंत है। अदालत का फैसला अमेरिका की नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए उपयुक्त है। अत्यधिक कुशल वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच अमेरिका के प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों की निरंतर वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह निर्णय इस सिद्धांत को मजबूत करता है कि बड़े नीतिगत बदलाव वैधानिक अधिकार और आर्थिक वास्तविकताओं पर आधारित होने चाहिए।

## होर्मुज के पास दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी हेलीकॉप्टर का पायलट सुरक्षित



दुबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के पायलट इसमें घायल नहीं हुए।


पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ईरान द्वारा आवागमन के लिए बंद किए गए इस जलडमरूमध्य के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण मंगलवार सुबह तक स्पष्ट नहीं हुए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को बताया कि इजराइल के हमले में उसकी हवाई रक्षा इकाइयों के कम से कम दो सदस्य मारे गए। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए जाने के बाद से शुरू हुए युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। ट्रंप ने न्यूयॉर्क में बॉस्केटबॉल स्पर्धा एनबीए का फाइनल मैच देखने के बाद जॉन एफ. केनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पायलट सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पायलट ठीक हैं। कोई घायल नहीं हुआ। हम कल एक रिपोर्ट जारी करेंगे। लेकिन पायलट सुरक्षित हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सबसे पहले खबर जारी की थी कि अमेरिकी सेना का एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर होर्मुज जलडमरूमध्य के पास गिर गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह हेलीकॉप्टर किन हालात में गिरा। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान और रक्षा विभाग ने द एसोसिएटिड प्रेस के प्रतिक्रिया के अनुरोधों पर तत्काल जवाब नहीं दिया। अपाचे हेलीकॉप्टर अमेरिकी सेना के लिए ऐसे समय में एक प्रमुख परिसंपत्ति रहा है, जब ईरान के कच्चे तेल के टैंकरों पर नाकाबंदी लागू की जा रही है ताकि तेहरान पर समझौते के लिए दबाव बढ़े। संयुक्त अरब अमीरात ने भी ईरान युद्ध के दौरान ईरानी ड्रोनों को मार गिराने के लिए इन हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया है। उधर, ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत को लेकर नए सिरे से विश्वास प्रकट किया। दो से तीन दिन में हमें समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने इस नई उम्मीद के लिए कोई वजह नहीं बताई। हेलीकॉप्टर दुर्घटना सोमवार को ईरान और इजराइल के एक दूसरे पर हमले किए जाने के बाद हुई।

### ईरानी सेना के दो कर्मी मारे गये

दुबई। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले हुए इजराइली हमले में वायु रक्षा इकाई के कम से कम दो कर्मी मारे गए। रिपोर्ट में, ईरान ने हमलों में हुई मौतों की पहली बार पुष्टि की है। इन हमलों ने पश्चिम एशिया में तनाव पैदा कर दिया है और युद्ध विराम को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मृतकों की पहचान बहमन हुसैनी और अली रजा अबिरी के रूप में की है, लेकिन उनके पद का उल्लेख नहीं किया है। सरकारी टीवी ने बताया कि उन्हें तेहरान के बाहर किसी शहर में दफनाया जाएगा, जिससे संकेत मिलता है कि वे देश की राजधानी के पास तैनात थे।

**इंटरटेनमेंट...**

## मनोज वाजपेयी की गवर्नर 12 जून को होगी रिलीज




❍ किरदार के परिवार से नहीं मिले मनोज, स्क्रिप्ट और मजबूत रिसर्च के सहारे बने 'गवर्नर'

**मुंबई।** मनोज ने इस भूमिका के लिए एस वेंकटरमणन के परिवार से मुलाकात करने के बजाय उपलब्ध डॉक्यूमेंट्स, स्क्रिप्ट और अपने अध्ययन पर भरोसा किया।' फिल्म अब दर्शकों के सामने जाने को तैयार है, पूरी टीम में एक खास उत्साह है चिन्मय कहते हैं। गवर्नरस पर हम लंबे समय से काम कर रहे थे और अब जब फिल्म रिलीज के करीब है तो पूरी टीम में एक अलग तरह का उत्साह है। मनोज बाजपेयी देशभर में जाकर प्रचार कर रहे हैं। जब आप किसी कहानी पर वर्षों मेहनत करते हैं और वह आखिरकार दर्शकों तक पहुंचने वाली होती है, तो एक जिम्मेदारी और संतोष दोनों महसूस होते हैं। बकौल चिन्मय 'फिल्म का आधार पूरी तरह उन वास्तविक घटनाओं पर टिका है, जिनकी जानकारी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। हालांकि हमें यह भी ध्यान रखना था कि हम कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं बना रहे हैं। कई बड़े फैसलों के नतीजे तो इतिहास में दर्ज हैं लेकिन उन फैसलों तक पहुंचने के लिए बंद कमरों में क्या चचाएं हुईं, किन मतभेदों और दबावों का सामना करना पड़ा, इसकी पूरी जानकारी कहीं उपलब्ध नहीं है। ऐसे में हमने गहन रिसर्च के आधार पर उन परिस्थितियों की कल्पना की और उन्हें सिनेमाई रूप दिया। हमारा प्रयास था कि तथ्य और ड्रामा के बीच संतुलन बना रहे। परिवारों से बातचीत और दस्तावेजों ने मजबूत की फिल्म की रिसर्च चिन्मय बताते हैं, हमने केवल रिपोर्ट्स या पब्लिश कंटेंट पर भरोसा नहीं किया। हमारी टीम ने उन लोगों और परिवारों से भी बातचीत की, जो उस दौर और घटनाओं से किसी न किसी रूप में जुड़े रहे हैं। लेखक और सह-निर्माताओं ने स्क्रिप्ट के अलग-अलग स्टेज में उनसे संवाद किया। हमें असल परिस्थितियों और फैसलों के पीछे की नियत को समझना था।

चिन्मय ने बताया कि ह्यकई लोग पूछते हैं कि क्या 'गवर्नर' बायोपिक है तो मेरा कहना साफ है कि नहीं। यह किसी एक व्यक्ति के जीवन की कहानी नहीं है। यह उस दौर की कहानी है, जब देश आर्थिक संकट के सबसे कठिन चरणों में से एक से गुजर रहा था। परिस्थितियों की वजह से कुछ पात्र कहानी के केंद्र में जरूर आते हैं लेकिन फिल्म केवल उन्हीं तक सीमित नहीं। इसमें कई ऐसे किरदार हैं, जिन्होंने उस दौर के फैसलों और घटनाओं को प्रभावित किया था। चिन्मय के मुताबिक, 'अगर हम हर वास्तविक व्यक्ति को अलग-अलग प्रस्तुत करते, तो कहानी बहुत जटिल हो जाती। इसलिए कुछ पात्र ऐसे बनाए गए हैं जो 2 या 3 वास्तविक व्यक्तित्वों के अनुभवों और भूमिकाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### कंगना की लगातार पिछली 5 फिल्में फ्लॉप

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। एक तरफ कंगना की पिछली कई फिल्में बुरी तरह फ्लॉप हुई हैं, वहीं, जिस दिन यानी 12 जून को 'भारत भाग्य विधाता' रिलीज होगी, उसी दिन 3 अन्य बॉलीवुड फिल्में भी रिलीज होंगी।, जिससे बॉक्स ऑफिस पर क्लैश की स्थिति बन रही है। कंगना की पिछली पांच फिल्मों का प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर खराब रहा है। पिछली फिल्म 'इमरजेंसी' (2025) में कंगना ने इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई और खुद डायरेक्शन भी किया। लगभग 60 करोड़ रुपए के बजट वाली इस फिल्म ने भारत में करीब 23.81 करोड़ रुपए की कमाई की और डिजास्टर साबित हुई।

## शाहरुख दूसरे, प्रियंका तीसरे और अमिताभ 7वें नंबर पर

❍ क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी की लिस्ट में पहले स्थान पर

**मुंबई।** दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। उनकी ब्रांड वैल्यू 3,542 करोड़ रुपए है। शाहरुख खान दूसरे और प्रियंका चोपड़ा जोनस तीसरे पायदान पर हैं। फॉर्च्यून इंडिया और इंटरब्रांड ने देश की 25 सबसे वैल्युएबल सेलिब्रिटी पर रिसर्च की। इसमें टॉप 10 में 3 क्रिकेटर और 7 फिल्मी सेलिब्रिटी हैं। महिला सेलिब्रिटीज में प्रियंका चोपड़ा सबसे ऊपर रहीं। इसके अलावा दीपिका पादुकोण (11वां स्थान), रश्मिका मंदाना (17वां स्थान), कृति सेनन, भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा को जगह मिली है। वैल्युएबल पर्सन की सूची में दिलजीत दोसांझ, करन जौहर, सौरव गांगुली और विकी कौशल के भी नाम हैं।

इस अध्ययन में ब्रांड वैल्यू तय करने के लिए सेलिब्रिटीज की कमाई, फॉलोअर्स या बॉक्स ऑफिस पर सफलता से इतर कई अन्य बातों पर भी ध्यान दिया गया है।

## पेद्दी से हटाये गये जाह्नवी कपूर के विवादित सीन



❍ डायरेक्टर ने माना कुछ सीन मिसलीडिंग थे, जाह्नवी को बोल्ड दिखाने पर शुरू हुआ था विवाद

मुंबई। साउथ स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है, लेकिन फिल्म में जाह्नवी के किरदार को जरूरत से ज्यादा बोल्ड दिखाने पर विवाद खड़ा हो गया था। दर्शकों के विरोध के बाद फिल्म के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने कन्फर्म किया है कि फिल्म से सभी विवादित सीन हटा दिए गए हैं। इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने माना कि फिल्म के कुछ सीन मिसलीडिंग थे। इससे पहले बुच्ची बाबू सोशल मीडिया पर सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। दर्शकों का कहना है कि फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार की कहानी से ज्यादा उसकी शारीरिक बनावट पर फोकस किया गया है। डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने दी सफाई विवाद बढ़ता देखकर डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने इंटरव्यू में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, 'कई लोगों ने जाह्नवी कपूर के ट्रैक को गलत समझा।

इस फिल्म में मुख्य किरदार एक बहुत ही पिछड़े पहाड़ी इलाके से आता है। मैं उसके किरदार के सीधेपन और वहां के माहौल को दिखाना चाहता था। वह जिस लड़की से प्यार करता है, उससे शादी करना चाहता है। इस प्रक्रिया में कुछ सीन गलत संदेश दे रहे थे। हमने अपनी गलती सुधारते हुए उन सीन को फिल्म से हटा दिया है।' पेद्दी के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना। जाह्नवी के सीन पर क्यों हुआ विवाद फिल्म रिलीज होने के बाद दर्शकों ने जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को पर्दे पर दिखाने के तरीके पर आपत्ति जताई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com